माघ शुक्ल पक्ष, अष्टमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 17 फरवरी 2024
वर्ष 5, अंक 91, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



गल्फ स्ट्रीम समाप्ति के बाद आएगा हिमयुग 14

वैलेंटाइन वीक की लिस्ट में त्रिप्ति शीर्ष पर 13

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
₹ 5/-
प्रतिदिन

पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के.
बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

MONTE CARLO
LAST 5 DAY
जेन्ट्स स्वेटर
जेन्ट्स जैकेट
जेन्ट्स ट्रैक सूट
लेडीज कार्डिगन
लेडीज कुर्ती, सिलेक्स
लेडीज कोट
लेडीज ट्रैक सूट
लेडीज जैकेट
पशमीना शॉल एण्ड स्टाल
FLAT 50% OFF
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

# पंजाब में बस सेवाएं ठप, किसानों ने राजमार्ग अवरुद्ध किए, व्यावसायिक प्रतिष्ठान रहे बंद

## भारत बंद का हरियाणा में आंशिक असर, पश्चिमी यूपी के कई हिस्सों में भी प्रदर्शन

फिरोजपुर/अमृतसर/हिसार/मुजफ्फरनगर, एजेंसी

न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत विभिन्न मांगों को स्वीकार करने को लेकर सरकार पर दबाव बनाने के लिए संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के 'भारत बंद' आह्वान के मद्देनजर शुक्रवार को पंजाब में सड़कों से बसें नदारद रहीं, जिसके चलते यात्रियों को काफी असुविधा हुई। हालांकि हरियाणा में बंद के आह्वान का मिला-जुला असर देखने को मिला, लेकिन पंजाब में कई स्थानों पर बाजार और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे।



भारत बंद के दौरान शंभू सीमा पर प्रदर्शनकारी किसानों पर आंसू गैस छोड़ी गई।

अधिकारियों ने बताया कि बंद शांतिपूर्ण रहा। किसानों ने कई स्थानों पर प्रदर्शन किया और पठानकोट, तरनतारन, बठिंडा और जालंधर में राष्ट्रीय राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया। हरियाणा के हिसार में रोडवेज कर्मचारियों ने 'भारत बंद' का समर्थन किया, जिसके चलते बस सेवाएं ठप रहीं। बंद का कुरूक्षेत्र में कोई असर नहीं हुआ। बाजार खुले रहे और बसों का संचालन भी हुआ।

भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के सदस्यों ने हरियाणा के कई टोल प्लाजा पर धरना दिया और अधिकारियों को यात्रियों से पथकर नहीं वसूलने दिया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में भी प्रदर्शन किए गए। भाकियू नेता राकेश टिकैत ने मुजफ्फरनगर में दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग पर बागोवाली क्रॉसिंग पर किए गए विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। भाकियू सदस्यों ने बिजनौर में कुछ गन्ने के वजन मापने वाले केंद्रों पर कामकाज को रुकवा दिया। बागपत में विरोध प्रदर्शन किया। शाहजहांपुर, बदायूं और मेरठ में बंद का कोई असर नहीं दिखा। कई बस अड्डों पर यात्री अपने-अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए बसों का इंतजार करते दिखे। बसों की अनुपलब्धता के कारण मुख्य रूप से छात्रों और कार्यालय जाने वालों को असुविधा हुई।

### शंभू सीमा पर फिर हंगामा, पुलिस ने दागे आंसू गैस के गोले

**चंडीगढ़।** हरियाणा पुलिस ने शुक्रवार को प्रदर्शनकारी किसानों के अंबाला के पास शंभू सीमा पर अवरोधक की ओर बढ़ने के बाद उन्हें तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। पंजाब के प्रदर्शनकारी किसान हरियाणा के साथ लगती राज्य की सीमा पर दो बिंदुओं शंभू और खनौरी पर रुके हुए हैं। प्रदर्शन के पहले दो दिन भी किसानों और हरियाणा पुलिस के जवानों के बीच झड़पें हुईं। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर अपनी मांगों को लेकर दबाव बनाने के लिए 'दिल्ली चलो' मार्च का आह्वान किया था। पंजाब के किसानों ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी की ओर मार्च शुरू किया लेकिन सुरक्षा कर्मियों ने शंभू और खनौरी सीमा बिंदुओं पर उन्हें रोक दिया था।

### प्रदेश में हड़ताल पर छह महीने की रोक

**लखनऊ।** किसान आंदोलन को देखते हुए राज्य सरकार ने प्रदेश में छह महीने के लिए हड़ताल पर रोक लगा दी है। यदि कोई कर्मचारी हड़ताल या प्रदर्शन करता पाया गया तो, बिना वारंट गिरफ्तारी की जाएगी। यह आदेश राज्य सरकार के अधीन विभागों, निगम और प्राधिकरण पर लागू होगा। अपर मुख्य सचिव कार्मिक डॉ. देवेश चतुर्वेद ने इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना में बताया गया कि एस्मा एक्ट लगने के बाद कोई भी कर्मचारी हड़ताल-प्रदर्शन करता है तो उसकी बिना वारंट गिरफ्तारी होगी। इससे पहले 2023 में छह महीने के लिए हड़ताल पर रोक लगाई गई थी। एस्मा का इस्तेमाल हड़ताल को रोकने के लिए किया जाता है। विभिन्न मांगों को लेकर किसान आंदोलित हैं।

# जीबीसी के केंद्र में युवा, उद्योग लगने के साथ मिलेगी नौकरी

## मुख्यमंत्री ने सेवानिवृत अधिकारियों और शिक्षाविदों को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीबीसी के मद्देनजर शुक्रवार को सेवानिवृत अफसरों और शिक्षाविदों को बड़ी जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि इन्वेस्टर्स समिट और ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी जैसे प्रयास केवल उद्यमियों के लिए नहीं हैं, अपितु इसके केंद्र में युवा वर्ग है। इसका सबसे ज्यादा लाभ युवाओं को ही होगा। उद्योग लगेंगे तो रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के 12, भारतीय पुलिस सेवा के चार और भारतीय वन सेवा के सात अधिकारियों (सभी सेवानिवृत्त) और 19 शिक्षाविदों सहित 42 सदस्यीय खास टीम गठित की। टीम के साथ आवास पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पिछले साल 10 से 12 फरवरी तक आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की अभूतपूर्व सफलता की जानकारी देते हुए कहा कि करीब 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव हमें प्राप्त हुए और अब एक वर्ष के भीतर ही इन्हें जमीन पर उतारा जा रहा है। यह प्रदेश के समग्र विकास और हमारे युवाओं के नौकरी/सेवायोजन के लिए अत्यंत लाभकारी होगा। योगी ने जीबीएस में लगने वाले उद्योगों से युवाओं को कैसे नौकरी के अवसर सृजित होंगे, इसे विश्वविद्यालयों का दौरा कर समझाने का कार्य टीम को सौंपा।



### विविध आयामों से युवाओं का परिचय कराएगी अधिकारियों की टीम

10 .15 लाख करोड़ से अधिक की औद्योगिक परियोजनाओं की एक साथ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से पहले सेवानिवृत्त अधिकारियों और वरिष्ठ शिक्षाविदों का समूह ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 और जीबीसी-4 के विविध आयामों से युवाओं का परिचय कराएगा। 17-18 फरवरी को टीम विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में युवाओं से संवाद कर नौकरी/रोजगार/सेवायोजन से जुड़ी उनकी जिज्ञासाओं का समाधान करेगी।

- सेवानिवृत्त 12 आईएएस, 4 आईपीएस, 7 आईएफएस अधिकारियों और 19 शिक्षाविदों समेत 42 सदस्यीय खास टीम तैयार

### प्रदेश में दूर होगी असमान विकास की समस्या

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश के विकास में असमानता एक बड़ी समस्या रही है। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बुंदेलखंड में उद्योग नहीं लग पाए। नतीजतन यहां के युवाओं के सामने पलायन का संकट रहा। जीबीसी का लाभ प्रदेश के सभी 75 जिलों को मिलेगा। 19 फरवरी के मुख्य समारोह से सभी जिलों को जोड़ा जाएगा।

### तमिलनाडु से 60 हजार श्रमिकों का लौटना अच्छा संदेश

मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में एक रिपोर्ट प्रकाशित हुई जो बताती है कि तमिलनाडु से 60 हजार श्रमिक प्रदेश में वापस लौटे। यह सभी टेक्सटाइल सेक्टर में कार्य कर रहे थे। निश्चित रूप से इन्हें प्रदेश में अपने सुखमय और सुरक्षित भविष्य की संभावना दिखी होगी, तभी प्रदेश लौटने का निर्णय लिया।

## एनआरआई शादियों के लिए अनिवार्य किया जाए पंजीकरण

- विधि आयोग ने सरकार से की सिफारिश बनाया जाए सख्त कानून

**नई दिल्ली।** विधि आयोग ने अनिवासी भारतीयों और भारतीय नागरिकों के बीच विवाह के मामलों में बढ़ती धोखाधड़ी को चिंताजनक बताते हुए स्थिति से निपटने के लिए एक व्यापक कानून और ऐसी शादियों के अनिवार्य पंजीकरण की सिफारिश की है। आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) ऋतुराज अवस्थी ने विधि मंत्रालय को अनिवासी भारतीयों और भारत के प्रवासी नागरिकों से संबंधित वैवाहिक मुद्दों पर कानून नामक रिपोर्ट प्रस्तुत की है। रिपोर्ट के अनुसार, आयोग की राय है कि प्रस्तावित केंद्रीय कानून एनआरआई और भारतीय मूल के प्रवासी विदेशी नागरिकों (ओसीआई) के भारतीय नागरिकों के साथ विवाह से जुड़े सभी पहलुओं को पूरा करने के लिए व्यापक होना चाहिए। न्यायमूर्ति अवस्थी ने गुरुवार को कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को लिखे अपने 'कवरिंग लेटर' में कहा कि अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) और भारतीय नागरिकों के बीच शादी के मामलों में बढ़ती धोखाधड़ी की प्रवृत्ति चिंताजनक है।

# टाइमर बोतल बम के साथ मास्टर माइंड गिरफ्तार



- महिला के कहने पर बनाया था बम, 10 हजार रुपये मिले थे एडवांस
- एसटीएफ ने मुजफ्फरनगर से दबोचा, चार बोतल बम बरामद
- यू-ट्यूब और इंटरनेट से हासिल की बम बनाने की जानकारी



राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** एसटीएफ ने शुक्रवार को मुजफ्फरनगर से टाइमर बम बनाने वाले मास्टर माइंड जावेद को गिरफ्तार किया है। उसके पास से चार टाइमर बोतल बम (आईईडी) बरामद किया गया है। उसने इमराना नाम की एक महिला के कहने पर बम बनाया था। इसके लिए महिला ने उसे 10 हजार रुपये एडवांस दिया था, जबकि 40 हजार रुपये बम की डिलीवरी के समय देने को कहा था। आईबी और एटीएस की टीमों ने भी उससे पूछताछ की।

एक सूचना के आधार पर मुजफ्फरनगर के खालापार निवासी जावेद की गिरफ्तारी की गई। उसने टाइमर बोतल बम शूज के डिब्बे में छिपाया था। बाद में बम डिस्पोजल स्क्वायड ने इनको निष्क्रिय किया। बोतल के अन्दर गन पाउडर, लोहे की छोटी गोलियां, रूई, पीओपी आदि डालकर बम तैयार किए गए थे। यह बोतल बम उसने इमराना नाम की महिला के कहने पर बनाया था। इमराना शामली जिले के बाबरी थाना क्षेत्र के बंतीखेड़ा की मूल निवासी और वर्तमान में मुजफ्फनगर के कोतवाली क्षेत्र में रह रही है। जावेद ने पूछताछ में बताया कि ग्लूकोज की बोतलें डाक्टरों से व लोहे की गोलियां साईकिल की दुकान व घड़ी की मशीन घडी की दुकानों से लेता था। जावेद ने बताया कि उसने पटाखे बनाने का काम करने वाले अपने चाचा मो. अरर्शी के यहां रहकर बारूद व बोतल बम बनाने का काम सीखा तथा कुछ जानकारी यू-ट्यूब और इंटरनेट से ली थी। इन बम का कहां प्रयोग करना था यह इमराना ही जानती है। जावेद पहले भी इस तरह के बम बनाकर बेच चुका है।

## एक नजर

### पेटीएम पेमेंट्स बैंक की सेवा 15 मार्च तक मिलेगी

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक को सेवाएं जारी रखने के लिए 15 दिन का अतिरिक्त समय दिया है। इसके तहत किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड उत्पाद, वॉलेट और फास्टैग में जमा या 'टॉप-अप' स्वीकार नहीं करने के आदेश की अंतिम तारीख 15 मार्च तक बढ़ा दी गई है। आरबीआई ने शुक्रवार को कहा कि व्यापारियों सहित ग्राहकों के हित को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। रिजर्व बैंक ने इसके पहले 31 जनवरी को पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड उत्पाद, वॉलेट व फास्टैग में 29 फरवरी 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार न करने का निर्देश दिया था।

### प्रियंका गांधी की तबीयत खराब, अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा अस्वस्थ होने के कारण शुक्रवार को 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में शामिल नहीं हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि सेहत में सुधार होते ही वह इस यात्रा का हिस्सा बनेंगी। पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार, उन्हें आज शाम उत्तर प्रदेश के चंदौली से यात्रा में शामिल होना था। इस यात्रा को शुरू हुए 34 दिन हो चुके हैं। प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर खुद के अस्वस्थ होने और अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मैं बड़े चाव से उत्तर प्रदेश में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के पहुंचने का इंतजार कर रही थी, लेकिन बीमारी की वजह से मुझे आज ही अस्पताल में भर्ती होना पड़ा।



# गला काटकर पत्नी का सिर लेकर चौकी जा रहा था पति, गिरफ्तार

- आठ साल पहले हुआ था विवाह, पत्नी के अवैध संबंधों से था नाराज

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** फतेहपुर कोतवाली की इसरौली चौकी के बसारा गांव में अवैध संबंध के शक से नाराज पति ने पत्नी का सिर बांके से कलम कर दिया और सिर हाथ में लेकर पुलिस चौकी जा रहा था। तभी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एसपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले में मृतका की मां विमला देवी की तहरीर पर केस दर्ज किया गया है।

फतेहपुर कोतवाली की इसरौली चौकी के बसारा गांव निवासी अनिल कनौजिया राजगीर है। वह पत्नी के अवैध संबंधों को लेकर नाराज था। कई बार विवाद पुलिस चौकी तक भी पहुंचा था। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे अनिल ने पत्नी वंदना 26 की बांके से गला काटकर हत्या कर दी। उसके बाद कटा सिर और दूसरे हाथ में बांका लेकर इसरौली चौकी जा रहा था। यह दृश्य जिसने देखा, उसकी रूह कांप उठी। इसकी सूचना पर पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसपी दिनेश कुमार सिंह, एएसपी उत्तर चिंरजीवी नाथ सिंहा, सीओ रघुबीर सिंह व प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार सिंह ने चौकी पहुंचकर जांच की। अभियुक्त के परिजनों से बात कर उनके बयान दर्ज किए। पुलिस ने बताया कि अनिल कनौजिया का विवाह आठ वर्ष पहले मसौली थाना क्षेत्र के मूलीगंज निवासी वंदना देवी (26) के साथ हुआ था। इनके दो बेटे अमन (5) व श्याम (1) है। पति-पत्नी में इन दिनों विवाद चल रहा था।

## रंगकर्मी पद्मश्री राज बिसारिया नहीं रहे

**लखनऊ।** प्रख्यात रंगकर्मी पद्मश्री राज बिसारिया नहीं रहे। वह 89 साल के थे। 10 नवंबर 1935 को पैदा हुए राज बिसारिया ने भारतीय रंगमंच को समृद्ध करने का काम किया। लखनऊ की भारतेन्दु नाट्य अकादमी की स्थापना उन्होंने ही की थी। वह इसके संस्थापक निदेशक रहे। लखनऊ विश्वविद्यालय में वह अंग्रेजी के प्रोफ़ेसर रहे। कई किताबें भी लिखी हैं। कुछ समय से वह अस्वस्थ थे। काफी समय तक वह एसजीपीजीआई में भर्ती भी रहे और वहां से ठीक होकर अपने गोमतीनगर आवास पर आ गए थे। शुक्रवार की शाम अचानक उनका निधन हो गया।



## अमिताभ यश को एडीजी कानून व्यवस्था का अतिरिक्त प्रभार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

### 9 पीपीएस अफसरों का तबादला



**अमृत विचार :** एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश को एडीजी कानून-व्यवस्था का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। शासन ने शुक्रवार को इस आशय का आदेश जारी किया। प्रशांत कुमार के कार्यवाहक डीजीपी बनाए जाने के बाद से यह पद खाली चल रहा था। इनके अलावा शासन ने 9 पीपीएस अफसरों के भी तबादले किए गए हैं।

शासन से जारी सूची के मुताबिक जितेंद्र कुमार दुबे को अपर पुलिस उपायुक्त लखनऊ बनाया गया है, जबकि राजेश कुमार भारतीय अब एएसपी कासगंज होंगे। डॉ.तेज वीर सिंह को एएसपी भदोही बनाया है, राघवेंद्र सिंह प्रथम अपर पुलिस उपायुक्त लखनऊ की जिम्मेदारी संभालेंगे। प्रवीन सिंह चौहान को 4वीं वाहिनी पीएसी प्रयागराज में नियुक्त दी गई, जबकि संजय कुमार, एएसपी यातायात गोरखपुर का जिम्मा संभालेंगे। विवेक त्रिपाठी को एएसपी यातायात आजमगढ़ तथा रश्मि रानी को एएसपी अधिसूचना मुख्यालय लखनऊ की जिम्मेदारी मिली है। मोनिका चड्ढा को एएसपी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ में तैनाती मिली।

## कांग्रेस के फ्रीज किए गए बैंक खातों से हटाई गई रोक

- आयकर अपीलीय अधिकरण ने खातों के संचालन की दी अनुमति

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शुक्रवार को दावा किया कि आयकर विभाग ने उसके प्रमुख बैंक खाते फ्रीज कर दिए, हालांकि बाद में आयकर अपीलीय अधिकरण ने अगले सप्ताह सुनवाई होने तक उसके खातों पर से रोक हटा दी। आयकर विभाग के आदेश के खिलाफ अधिकरण के समक्ष उपस्थित हुए पार्टी नेता एवं अधिवक्ता विवेक तन्खा ने कहा कि पार्टी को अब अपने बैंक खाते संचालित करने की अनुमति दे दी गई है। अंतिम निर्णय लेने से पहले अधिकरण अगले बुधवार को मामले की सुनवाई करेगा। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि हमारी याचिका पर आयकर विभाग और आयकर अपीलीय अधिकरण ने कहा है कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि 115 करोड़ रुपये बैंक खातों में रखे जाएं... हम उससे ऊपर की राशि भी खर्च कर सकते हैं। इसका मतलब है कि 115 करोड़ रुपये फ्रीज कर दिए गए हैं। यह 115 करोड़ रुपये की राशि हमारे चालू खाते से कहीं अधिक है।

# पुलिस भर्ती परीक्षा : झांसी में साल्वर गैंग का पर्दाफाश, एसटीएफ ने दो को किया गिरफ्तार

- वाराणसी और आगरा में ठगी की कोशिश में जुटे चार पकड़े गए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** शनिवार और रविवार को होने वाली पुलिस भर्ती परीक्षा में सेंध लगाने को जुटे गैंग का एसटीएफ ने पर्दाफाश किया है। इस मामले में गैंग के दो सदस्यों को झांसी से गिरफ्तार किया गया है। इसमें मोनू कुमार, शामली जिले के कांधला थाना क्षेत्र का रहने वाला है, जबकि दूसरा नालंदा (बिहार) का रजनीश रंजन हैं। वहीं एक अन्य मामले में एसटीएफ ने परीक्षा का एक फर्जी एवं काल्पनिक प्रश्नपत्र तैयार कर अभ्यर्थियों से ठगी करने की कोशिश में जुटे गैंग के दो सदस्यो को वाराणसी से गिरफ्तार किया है। उसका सरगना फरार हो गया। पकड़े गए ठगों में प्रिन्स कुशवाहा चंदौली का है, जबकि विजय कुमार मिर्जापुर जिले का रहने वाला हैं। एसटीएफ ने आगरा से भी दो ठगों को गिरफ्तार किया। इसमें करतार सिंह राजस्थान का मूल निवासी है और आगरा में रह रहा था, टिन्कू कुमार अलीगढ़ का निवासी है।

एसटीएफ के मुताबिक झांसी पुलिस लाइन के पास से पकड़ा गया मोनू कुमार उर्फ मोनू गुर्जर बीए पास है। वह 2010 में इंटर पास करके नौसेना में भर्ती हुआ था। उसने ओडिशा (चिल्का) में ट्रेनिंग की थी। उसी दौरान छुटटी पर आया था फिर वापस नहीं गया था। उसके बाद से वह गैंग बनाकर झांसी में ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा कराने हेतु एक लैब बनाकर धांधली करने लगा। शुक्रवार को उसका गैंग पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर आउट कराने का प्रयास कर रहा था।

वाराणसी में हुई गिरफ्तारी के बाबत एसटीएफ ने बताया कि परीक्षा के नाम पर ठगी करने वाले गैंग का सरगना वंशराज सिंह कुशवाहा गैंग के सदस्यों के साथ वाराणसी एवं आस-पास के जनपदों में अभ्यर्थियों से सम्पर्क करने हेतु सक्रिय था। साथ ही उप्र पुलिस भर्ती परीक्षा का एक फर्जी एवं काल्पनित प्रश्नपत्र तैयार किया था।

संकट | 1996 से 2010-11 तक मानकों को ताख पर रख बांटा ऋण, अब वसूलना मुश्किल

# ऋण लेकर हुए लापता, 2100 लाख फंसे, 'पिछड़ा' विभाग

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, बदायूं समेत 34 जिले पीछे, किसी ने बदला पता तो कोई मौके पर नहीं मिला, कई लोगों की हो चुकी मृत्यु

**अमृत विचार :** पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम द्वारा बांटे गए करोड़ों रुपये लेकर लाभार्थी लापता हैं। इसकी विभाग वसूली नहीं कर पा रहा है। वजह 1996 से 2010-11 तक मानकों को ताख पर रखकर स्वरोजगार के लिए ऋण वितरण किया गया। कहीं अभिलेख नहीं लिए गए तो कहीं नियमों को पूरा नहीं किया गया।

इससे केंद्र से दिया जाने वाला ऋण फंसा है। जिन्होंने ऋण बांटा वह सेवानिवृत्त हो गए या फिर पदोन्नति पाकर इधर-उधर हो गए। अब वर्तमान के अधिकारियों को वसूली का जिम्मा दिया गया है जो उनके लिए चुनौती बना हुआ है। क्योंकि मौके पर न लाभार्थी हैं और न उनके द्वारा दर्शाया गया पता। कई की मृत्यु हो चुकी है। इस वजह से ढूंढना मुश्किल है। जो बकायेदार हैं तो वह समाधान योजना का इंतजार कर रहे हैं। बकाया तो काफी है लेकिन, जनवरी 2024 तक ब्याज समेत लक्ष्य 2167.29 लाख के सापेक्ष 66.71 लाख (3.8 प्रतिशत) ही वसूल हो पाए हैं। जबकि 2100 लाख रुपये की वसूली नहीं हो पाई। प्रबंध निदेशक डॉ. वंदना वर्मा ने सभी जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारियों को फरवरी व मार्च में 50-50 हजार रुपये वसूली का लक्ष्य सौंपा है।

### पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को 50 हजार का लक्ष्य

प्रदेश में जनवरी 2024 में 3 .8 प्रतिशत वसूली हुई है, जो सबसे कम है। इनमें खराब प्रगति वाले 34 जिले बरेली, पीलीभीत, बदायूं, शाहजहांपुर अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा, बलिया, मऊ, प्रयागराज, प्रतापगढ़, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कुशीनगर, गोरखपुर, चित्रकूट, बांदा, महोबा, जालौन, ललितपुर, जेपी नगर, बिजनौर, संभल, रामपुर, गौतमबुद्ध नगर, हापुड़, गाजीपुर, चंदौली, जौनपुर व मिर्जापुर हैं।

> यह काफी पुरानी योजनाओं के दिए गए ऋण हैं। इसलिए समस्या है। लाभार्थियों से ऋण वसूला जा रहा है। 100 प्रतिशत वसूली करने के लिए जिलों को लक्ष्य दिया है।
> – **डॉ. वंदना वर्मा**, प्रबंध निदेशक, उप्र पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड

### बंद हो गईं योजनाएं, वसूली नहीं तो वेतन नहीं

पूर्व में निगम केंद्र से मार्जिन मनी के आधार पर दुकान, रिक्शा, शिक्षा, पशुपालन, हलवाई, टेलर आदि के लिए ऋण देता था। इसमें सबसे बड़ा ऋण जीप खरीदने के लिए मिलता था। जो बांटने के बाद नहीं निकले तो सभी योजनाएं निगम की बंद कर दी गईं। इस वजह से जिले के कार्यालय बंद कर कर्मियों को मुख्यालय पर तैनात कर दिया गया। इनका वेतन इसी वसूली से निकलता है। इसी वजह से विभाग पिछड़ गया है। इसके पास सिर्फ छात्रवृत्ति, शादी अनुदान और ओ लेवल की योजना ही बची है।

## एक नजर

### रोजगार मेले में 88 युवाओं का हुआ चयन

**तिलहर ।** दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत खंड विकास परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख कविता यादव ने फीता काटकर मेला आरंभ किया। मेले में कुल छह कंपनियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें 135 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया, जिसके सापेक्ष 88 युवाओं का चयन किया गया। मेले में मुख्य अतिथि को जिला कार्यक्रम प्रबंधक जितेंद्र सिंह ने फूल माला पहनाकर सम्मानित किया।

### मामूली बात पर पति-पत्नी को पीटकर किया घायल

**शाहजहांपुर ।** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला फतेहपुर रेती निवासी सत्य प्रकाश दीक्षित के पास भैंस है। वह घर के बाहर गोबर एकत्रित करते हैं। पड़ोसी ओमप्रकाश ने गोबर एकत्रित करने का विरोध किया, जिसको लेकर विवाद हो गया। आरोपी है कि पड़ोसी ओमप्रकाश आदि ने सत्यप्रकाश दीक्षित व पत्नी सुधा दीक्षित को पीटकर घायल कर दिया। उनकी तहरीर पर पुलिस ने ओमप्रकाश, तरुन व अरुन कुमार के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### बहराइच के युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**रौसर कोठी :** थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के हरदोई बाईपास चौराहे पर बहराइच जिले का एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह दिल्ली में काम करता था और घर वापस जा रहा था। जनपद बहराइच के थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव विशंभरपुर निवासी 35 वर्षीय दिनेश कुमार दिल्ली में काम करते थे। वह शुक्रवार को बस से यहां हरदोई बाईपास चौराहे पर उतरे। अचानक तबीयत बिगड़ने से बेहोश होकर चौराहे पर गिर पड़े। चौराहे पर मौजूद पुलिस ने उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उपचार के दौरान उन्हें मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर चंद्र प्रकाश शुक्ला ने बताया कि पंचायत नामा की कार्रवाई के बाद शव को मृतक के भाई सुनील कुमार की सुपुर्दगी में दे दिया गया। युवक की मौत हार्ट अटैक से होने की पुष्टि हुई है।

### सक्षम अधिकारी से जांच कराए जाने की मांग

**शाहजहांपुर ।** तिलहर थाना क्षेत्र के गांव मोहब्बतपुर निवासी शंकर वर्मा ने बताया कि गांव में नाली का निर्माण कार्य हो रहा था। गांव के रावेन्द्र सिंह आदि नाली निर्माण का विरोध करते हुए गालियां देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने शंकर वर्मा को पीटकर घायल कर दिया। आरोप है कि पुलिस ने सही धारा में उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

---

**प्रथम पाली सुबह 10 बजे और द्वितीय पाली अपराह्न तीन बजे से शुरू होगी, जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात**

# 11 केंद्रों पर होगी पुलिस भर्ती परीक्षा, 21 हजार परीक्षार्थी होंगे शामिल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिले में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा शनिवार 17 और रविवार 18 फरवरी को होगी। परीक्षा की तैयारी लगभग पूरी की जा चुकी है। दोनों दिन प्रथम पाली में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक और द्वितीय पाली अपराह्न तीन बजे से पांच बजे तक होगी। जनपद में 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिले में कुल 21024 अभ्यर्थी आबंटित किए गए हैं, जो दोनों दिन की चारों पालियों में होने वाली परीक्षा में शामिल होंगे।

नोडल अधिकारी एसपी ग्रामीण मनोज अवस्थी ने बताया कि प्रत्येक पाली में 5256 परीक्षार्थी शामिल होंगे, इस तरह दो दिन की परीक्षा में चार पालियों में कुल 21024 परीक्षार्थी बैठेंगे।परीक्षा केंद्रों पर जोनल, सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी तैनात किए गए हैं। डीएम ने जिले में धारा-144 लागू कर दी है। परीक्षा परिसर में मोबाइल फोन, ब्लूटुथ व अन्य संचार संबंधी उपकरण एवं आईटी गजेट्स ले जाना प्रतिबंधित है। परीक्षा केंद्र से 200 मीटर की परिधि में फोटो स्टेट की दुकानें बंद रहेंगी। परीक्षा केन्द्र के आसपास 200 मीटर की परिधि में अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश वर्जित रहेगा। जिला प्रशासन और पुलिस की ओर से सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। पूरी परीक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी कराई जाएगी, साथ ही प्रत्येक केंद्र पर पुलिस फोर्स तैनात रहेगा।

नोडल अधिकारी व एसपी ग्रामीण मनोज अवस्थी ने बताया कि सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा केंद्र व्यवस्थापकों को सचेत रहने को कहा है। अधिकारी परीक्षा केंद्रों पर भ्रमणशील रहेंगे।


इस्लामियां इंटर कॉलेज में परीक्षा की तैयारी को लेकर शिक्षकों से वार्ता करते प्रिंसिपल लेफ्टिनेंट मोहम्मद अयूब। ● अमृत विचार

### रोडवेज और रेलवे स्टेशन पर लगाए शहर के मानचित्र

नोडल अधिकारी व एसपी ग्रामीण मनोज अवस्थी ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों को पहुंचाने के लिए रोडवेज और रेलवे स्टेशन पर मानचित्र लगाए गए हैं। एआरएम रोडवेज तथा एआरटीओ को बसों के संचालन की व्यवस्था तथा निर्धारित किराया सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए है कि होटल अथवा रेस्टोरेंट में रेट लिस्ट अवश्य लगी हो गी। किसी भी चीज की कीमत निर्धारित मूल्य से अधिक न वसूली जाए। वहीं, डीएम ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा केंद्रों पर ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी के अतिरिक्त अन्य कोई व्यक्ति दिखाई न दे।

### शहर में इन केंद्रों पर होगी पुलिस भर्ती परीक्षा

एडीएम प्रशासन संजय कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज, डॉ. सुदामा प्रसाद विद्या स्थली, जीटीआई, श्री फूल सिंह शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज नियामतपुर, जनता इंटर कॉलेज, देवी प्रसाद इंटर कॉलेज, स्वामी शुकदेवानंद लॉ कॉलेज, आर्य महिला इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, इस्लामिया इंटर कॉलेज और द मसूरी इंटरनेशनल स्कूल को केंद्र बनाया गया है।

### नियमित दवा खाएं फाइलेरिया दूर भगाएं

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सीएमओ डॉ. आरके गौतम ने कहा कि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 10 से 28 फरवरी तक सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम चल रहा है। स्वास्थ्य टीम और आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर फाइलेरिया से बचाव की दवा खिला रही है। यह दवा पूरी तरह सुरक्षित और कारगर है। यह दवा नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर भी उपलब्ध है। जिला मलेरिया अधिकारी संजय सिंह ने बताया कि दवा खाना में कोई बहाना न करें। बहाना करने पर जीवन भर के लिए मुसीबत में डाल सकता है। दवाओं का सेवन कर समाज को फाइलेरिया मुक्त बनाएं। फाइलेरिया की सरकारी क्लीनिक पर भी जाकर दवा खा सकते है। फाइलेरिया से प्रभावित व्यक्ति की कार्य क्षमता भी कम हो जाती है।

---

# तीन घंटे टोल प्लाजा पर रहा किसानों का कब्जा, फ्री दौड़े वाहन

**एमएसपी व अन्य मांगों को लेकर किसान नेताओं व कार्यकर्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन, मांगें न मानने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी**

संवाददाता, खुटार (शाहजहांपुर)

**अमृत विचार :** दिल्ली चलो आंदोलन के तहत एमएसपी व अन्य मांगों को लेकर शुक्रवार को किसानों ने खुटार इलाके में स्थित टोल प्लाजा पर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने टोल फ्री करा दिया। जिससे आने-जाने वाले लोगों से टोल टैक्स नहीं वसूला गया। सूचना पर खुटार पुलिस व टोल टैक्स मैनेजर मौके पर पहुंच गए। हालांकि जिले में भारत बंद का कोई असर नहीं रहा।

प्रांतीय आवाहन पर शुक्रवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट के जिलाध्यक्ष त्रिवेंद्र सिंह मोमी व जिला महामंत्री दिलबाग सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता खुटार में पूरनपुर रोड स्थित टोल प्लाजा जा पहुंचे। जहां किसान नेताओं व कार्यकर्ताओं ने एमएसपी की कानूनी गारंटी देने समेत अन्य मांगों को लेकर धरने पर बैठकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। भाकियू कार्यकर्ताओं के टोल प्लाजा पर पहुंचने की खबर मिलते ही थानाध्यक्ष संजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर जा पहुंचे। इस बीच नायब तहसीलदार अमित कुमार भी वहां पहुंच गए। पुलिस-प्रशासन ने प्रदर्शनकारी भाकियू नेताओं से वार्ता कर उन्हें रोकने की कोशिश की। मगर किसानों ने अधिकारियों की बात नहीं मानी और अपने निर्धारित समय दोपहर 12 बजे टोल प्लाजा पर लगे बैरियर को हटाकर टोल फ्री करा दिया। इसके बाद सभी कार्यकर्ता टोल की लेन में दरी बिछाकर बैठ गए। वाहन बगैर टोल दिए बिना ही आने-जाने लगे। इस दौरान जिलाध्यक्ष त्रिवेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रांतीय आह्वान पर दोपहर 12 से अपराह्न तीन बजे तक टोल को फ्री किए जाने का निर्देश है। भाकियू नेताओं के टोल फ्री किए जाने खबर लगते ही दोपहर करीब 1:30 बजे टोल प्लाजा के मैनेजर मौके पर जा पहुंचे और उन्होंने प्रदर्शनकारी किसानों से वार्ता की। इसके बाद किसान शांत हो गए और टोल की लेन से हट गए।

इस मौके पर भाकियू चढ़ूनी गुट के जिला कोषाध्यक्ष प्रेम सिंह, मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, बीसलपुर तहसील अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह, पीलीभीत के जिला उपाध्यक्ष सतनाम सिंह, गुरुमुख सिंह आदि किसान नेता उपस्थित रहे।


टोल प्लाजा पर वाहन जाने के रास्ते पर बैठे भाकियू चढ़ूनी गुट के पदाधिकारी। ● अमृत विचार


थानाध्यक्ष संजय कुमार से बात करते किसान नेता। ● अमृत विचार


तिलहर में बाइक रैली निकालते किसान। ● अमृत विचार

### किसानों ने सरकार के खिलाफ निकाली बाइक रैली, दिया धरना

**तिलहर, अमृत विचार :** किसानों की तमाम समस्याओं का निस्तारण नहीं होने से नाराज भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को भाजपा सरकार के खिलाफ बाइक रैली निकाली और तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन किया। तहसीलदार जयप्रकाश यादव ने समस्याओं का निस्तारण करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद ही किसान नेता शांत हुए।

शुक्रवार को यूनियन के तहसील अध्यक्ष गेंदनलाल के नेतृत्व में तमाम कार्यकर्ता नगर के चीनी मिल मैदान पर एकत्रित हुए। जहां से भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए स्टेशन रोड पुरानी गल्ला मंडी होकर सदर तहसील पहुंचे। युवा जिलाध्यक्ष आदित्य प्रताप सिंह ने कहा कि क्षेत्र में छुट्टा गोवंश की समस्या इतनी भयंकर है कि किसान भाइयों की आंख झपकाते ही आवारा गोवंश खेत में खड़ी फसल को उजाड़ देते हैं और इनके हमलों से कई लोगों की जान भी जा चुकी है। किसान नेताओं ने कहा कि कई बार ज्ञापन दिया गया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। किसान नेताओं ने तहसील में धरना देकर अधिकारियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। उन्होंने कहा अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे हैं, जिससे किसानों को न्याय नहीं मिल रहा है। इसके बाद भारी पुलिस बल की मौजूदगी में तहसीलदार जयप्रकाश यादव, नायब तहसीलदार जगत मोहन जोशी, पूर्ति निरीक्षक मनीष यादव धरना स्थल पर पहुंचे। कई बिंदुओं पर किसान नेताओं की अधिकारियों से नोकझोंक हुई। तहसीलदार ने शीघ्र समस्याओं का निस्तारण कराने का आश्वासन दिया, जिसके बाद किसान शांत हुए। इस दौरान दिनेश चंद्र सक्सेना, सत्यदेव राजपूत, रमेश शर्मा,अब्दुल खां, विनोद गंगवार, बुधपाल, चरण लाल वर्मा, महेश आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

# मुमुक्षु महोत्सव में संत विजय कौशल भक्तों को सुनाएंगे रामकथा


मुमुक्षु महोत्सव की तैयारी में आयोजित बैठक में शिक्षक-शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- 20 को होगा भूमि पूजन, 25 को निकाली जाएगी संतों की शोभायात्रा
- दिन में एक से पांच बजे तक होगी रामकथा, शाम सात बजे से भजन संध्या

**अमृत विचार:** स्वामी शुकदेवानन्द विधि महाविद्यालय में मुमुक्षु महोत्सव की तैयारियों शुरू हो गई हैं। इसको शुक्रवार को मुमुक्षु शिक्षा संकुल के मुख्य अधिष्ठाता स्वामी चिन्मयानंद की अध्यक्षता में बैठक हुई। महोत्सव 24 फरवरी से तीन मार्च तक चलेगा। महोत्सव को भव्यता प्रदान करने के लिए इस बार प्रख्यात संत विजय कौशल महराज की राम कथा भी कराई जाएगी।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 20 फरवरी को दिन में 11.40 बजे भूमि पूजन और हनुमान ध्वज की स्थापना की जाएगी। इसी क्रम में 24 फरवरी को हनुमान चालीसा, सुंदरकांड और नवान परायण पाठ होगा। श्रीराम कथा से पूर्व 25 फरवरी को सुबह 10 बजे श्री विश्वनाथ मंदिर टाउन हाल से संतों की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुई मुमुक्षु आश्रम परिसर में विसर्जित होगी। इसी दिन पंडाल में रामायण पूजन होगा और संत विजय कौशल महाराज द्वारा राम कथा का वाचन प्रारंभ हो जाएगा। कथा प्रति दिन अपरान्ह एक बजे से शाम पांच बजे तक होगी।

इसके अलावा शाम सात से नौ बजे तक प्रतिदिन भजन संध्या होगी। महाविद्यालय सचिव डॉ. अवनीश मिश्र ने बताया कि श्रीराम कथा के लिए महाविद्यालय के विशाल मैदान में भव्य पंडाल लगाया जाएगा, जिसमे 5000 श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था होगी। बैठक में लॉ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जेएस ओझा, डॉ. अनुराग अग्रवाल, डॉ. आलोक मिश्रा, डॉ. आदित्य सिंह, डॉ. अजीत चराग, डॉ. प्रांजल शाही, डॉ. प्रमोद यादव, डॉ. अमीर सिंह, डॉ. मेघना मेहदीरत्ता, डॉ. मीना शर्मा, डॉ. सुमन अग्रवाल, डॉ. रोहित अग्रवाल, डॉ. प्रभात शुक्ला, डॉ. आलोक कुमार सिंह, डॉ. एसपी डबराल आदि मौजूद रहे।

### तिलहर कस्बे में आठ घंटे गुल रही बिजली

**तिलहर, अमृत विचार :** मोहल्ला बहादुरगंज में विद्युत लाइन बदले जाने के चलते लगभग आठ घंटे विद्युत सप्लाई बंद रही। इससे नागरिकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मोहल्ला बहादुरगंज की पुरानी स्टेट बैंक वाली गली में जर्जर विद्युत तारों को बदले जाने की मांग काफी समय से उठ रही थी। जिस पर विद्युत विभाग ने संज्ञान लेते हुए शुक्रवार को यहां पर जर्जर विद्युत तारों को बदलकर नई बंच लाइन डालने का काम शुरू कर दिया। शुक्रवार सुबह लगभग 10 बजे से नगर के मोहल्ला बहादुरगंज की विद्युत सप्लाई बंद कर दी गई। बंच लाइन बदले जाने के बाद शाम छह बजे बिजली सप्लाई चालू कर दी गई। बता दें कि गर्मी का मौसम शुरू होते ही यहां पर आए दिन विद्युत तारों में फाल्ट होते रहते थे।

# असंगठित मजदूरों ने कलेक्ट्रेट परिसर में किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कई मांगों को लेकर राष्ट्रपति व राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा
- पंजीकृत मजदूरों के लिए पांच हजार पेंशन योजना लागू किए जाने की मांग

**अमृत विचार :** केंद्रीय श्रम संगठनों एवं संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर जुटे असंगठित मजदूर यूनियन कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। इसके बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।

असंगठित मजदूर यूनियन की ओर से शुक्रवार को पूर्वाह्न 11 बजे खिरनी बाग रामलीला मैदान में सभी सदस्य व पदाधिकारी प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद खुर्शीद के नेतृत्व में एकत्र हुए। यहां से सभी नारेबाजी करते हुए जुलूस के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां राष्ट्रपति व राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि पंजीकृत निर्माण मजदूरों की 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने तथा मानक पूर्ण होने पर भी पेंशन योजना से वंचित हैं, इन मजदूरों का डाटा भी यूपी बीओसीडब्ल्यू बोर्ड के पोर्टल से गायब हो जाता है। इन मजदूरों को शीघ्र ही बोर्ड से पांच हजार रुपये पेंशन दी जाए। ई-श्रम कार्ड में पंजीकृत सभी आठ करोड़ असंगठित श्रेत्र के मेहनतकशों को सामाजिक सुरक्षा योजना बनाकर लागू किया जाए, मनरेगा में फर्जी तरीके से जॉब कार्डो द्वारा निधि का दुरुपयोग किया जा रहा है, जिसकी जांच शासन स्तर से कराई जाए, सहित 15 मांगे शामिल हैं।

इस दौरान यूनियन प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद खुर्शीद, प्रदेश सचिव आफताब अहमद, प्रदेश कोषाध्यक्ष मतलूब अली, महानगर अध्यक्ष जहीर अली, प्रचार मंत्री मोहम्मद गुलाम शाकिर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मोहम्मद शकील, वली हसन, इब्ने हसन, बालक गुप्ता, शाहिद खान, प्रदीप कुमार, महानगर सचिव विनोद कुमार कश्यप, सर्वेश कुमार, हरीश कुमार गंगवार, मनोज कुमार गंगवार, दिनेश पटेल, धर्मेंद्र कुमार, महानगर कोषाध्यक्ष मोहम्मद आशिक हुसैन, मोनू कुमार, श्रमिक नेता जगपाल, कलीम, मोहम्मद आसिफ, ब्लॉक भावलखेड़ा अध्यक्ष चेतराम, उपाध्यक्ष सियाराम आदि उपस्थित रहे।



विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देने पहुंचे असंगठित मजदूर यूनियन के लोग। ● अमृत विचार

# फिर बढ़ने लगी छुट्टा पशुओं की समस्या

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** विशेष अभियान चलाए जाने के बाद शहर में छुट्टा पशुओं की समस्या कुछ कम हुई थी, लेकिन अब दोबारा पशु बढ़ने लगे हैं। उधर, गांवों में भी छुट्टा पशुओं से किसान परेशान हैं।

तमाम प्रयासों के बाद भी छुट्टा पशु पूरी तरह सड़कों से नहीं हट सके हैं। नवंबर और दिसंबर दो माह विशेष अभियान चलाकर पशुओं को गोशालाओं तक पहुंचाया गया, लेकिन इसके बाद भी पशु सड़कों पर देखे जा रहे हैं। चिंता इसलिए भी है क्योंकि अब तक कई लोगों की जान पशुओं के हमले में जा चुकी है। 17 सितंबर को खुदागंज के सिमौरा गांव निवासी जयवीर सिंह को खेत पर बेसहारा पशुओं ने दौड़ा लिया था। जयवीर जान बचाकर भागे तो उनकी गड्ढे में गिरकर मौत हो गई। इसी तरह एक अक्टूबर को निगोही तिलहर मार्ग पर खुदागंज के ही बाइक सवार ने सांड़ से बचने में अपनी जान गवां दी। इसी तरह शहर से लेकर गांव तक आए दिन लोगों की मृत्यु का कारण बेसहारा पशु बन रहे है। पशु के हमले में निगोही निवासी राजकुमार को 26 मार्च को जान गवा बैठे थे। अन्य लोग भी छुट्टा पशुओं के हमले में अपनी जान गवा चुके हैं। इसके बाद भी नगर निगम क्षेत्र में ही तमाम छुट्टा पशु घूमते हुए देखे जा रहे हैं। जिसके चलते पास से गुजरने वालों को हमले का डर सताता रहता है।


एसपी आवास रोड पर खड़े पशु। ● अमृत विचार

- महानगर में अभियान के बाद कम हुई थी संख्या

> अभियान के तहत हमे छह हजार पशु पकड़ने का लक्ष्य मिला था, जिसे पूरा किया गया था। इसके बाद भी पशुओं की समस्या बनी हुई है तो जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।
> 
> **-डॉ. मनोज कुमार अग्रवाल,** मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी

### सीएमओ ने स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सीएमओ डॉ. आरके गौतम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भावलखेड़ा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वाथ्य केंद्र पर दवाओं का अभाव नहीं रहना चाहिए।

यदि दवाओं की कमी रहे तो ड्रग बेयर हाउस से तुरंत दवाएं मंगा लें, ताकि मरीजों को आवश्यक दवाई उपलब्ध हो सके।

सीएमओ ने निर्देशित किया कि आयुष्मान कार्ड के पात्र लाभार्थियों का अभियान चलाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाएं। उन्होंने लोधीपुर में फाइलेरिया कार्यक्रम का भी निरीक्षण किया। आशा कार्यकर्ता अपने सामने फाइलेरिया रोधक दवा खिलाएं। दवा खिलाने के बाद उनकी अंगुलियों पर निशान भी लगाए।

# उद्योगों को अधिकाधिक सहयोग दे रही सरकार


कार्यक्रम में उद्योग संबंधी जानकारी देते डीएम उमेश प्रताप सिंह व अन्य अधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- गांधी फैज ए आम कॉलेज में उद्यम कार्यक्रम आयोजित

**अमृत विचार :** डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में गांधी फैज़-ए आम कॉलेज में उद्यम अभिमुखीकरण कार्यक्रम हुआ। इसमें उपयुक्त उद्योग और उद्यमियों ने उद्योग स्थापना के लिए शासन व प्रशासन की नीतियों में हुए परिवर्तन के संबंध में सभी को जानकारी दी। डीएम ने कहा कि शासन की मंशा उद्योग को अधिकाधिक सहयोग देने की है। इसी के तहत उद्योगों की स्थापना और परिचालन के संबंध में आवश्यक शासकीय अनुमतियों का सरलीकरण कर समयबद्ध व्यवस्था लागू की गई है। कार्यक्रम के दौरान नोडल अधिकारी व सीडीओ एसबी सिंह ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के संबंध में सभी को जानकारी दी। कार्यक्रम में अध्यक्ष लघु उद्योग भारती मंडल राकेश अग्रवाल, उत्तर प्रदेश राइस मिल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश सिंघल, उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव।

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

### सभी को नोटिस जारी, जीएसटी जमा न करने पर की जाएगी रिकवरी, सॉफ्टवेयर की मदद से सर्वे के दौरान सामने आई गड़बड़ी

# 9000 व्यापारी कर रहे जीएसटी चोरी, एआई के जरिए हुआ खुलासा

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार :** राज्य कर विभाग ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सॉफ्टवेयर की मदद से जिले के 9000 लोगों की कर चोरी पकड़ी है। सभी को नोटिस जारी कर पैसा जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। इससे लगभग 10 टैक्स में करोड़ रुपये आने की उम्मीद है। हालांकि अभी तक आधे लोगों ने टैक्स जमा नहीं किया है।

जीएसटी लागू होने से बाद से राज्य कर विभाग टैक्स चोरी रोकने के लिए प्रयास में है। कुछ माह पहले राज्य स्तर पर आईआईआईटी (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंफार्मेशन टेक्नालोजी) प्रयागराज के सहयोग से एआई सॉफ्टवेयर बनाया गया। सॉफ्टवेयर के माध्यम से जिले के लाखों लोगों की ओर से जमा किए गए कर पर शोध किया गया। आर्टिफिशियल होने के बाद इंटेलिजेंस तकनीक आधारित इस सॉफ्टवेयर ने टैक्स चोरी पकड़कर वर्ष बार एआई नोटिस निर्गत कर दिए। एआई सॉफ्टवेयर की जांच के दौरान पता चला कि एक व्यापारी की कुल बिक्री और प्रत्येक व्यक्ति को अलग-अलग की गई बिक्री में अंतर है। व्यापारी की ओर से कुल दिखाई गई बिक्री के आंकड़े अलग और व्यक्तिगत बिक्री के आंकड़े अलग-अलग निकले। इसके बाद प्रत्येक व्यक्ति को बेचे गए सामान के आंकड़ों को सही माना गया। इसी आधार पर टैक्स जमा करने के लिए व्यापारी को नोटिस भेजा गया। दूसरे मामलों में जीएसटी आर वन और जीएसटी आर थ्री में अंतर पाया गया। व्यापारियों की ओर से आईटीसी क्लेम और बिक्री का मिलान नहीं हो सका। व्यापारियों की ओर से ज्यादा आईटीसी क्लेम किया गया था। खुलासा होने पर सभी को नोटिस जारी किए गए हैं। अभी तक वित्तीय वर्ष 2017, 18 और 18-19 की ही जांच पूरी हुई है। वित्तीय वर्ष 2019-20, 20-21, 21-22 और 22-23 की जांच होना बाकी है। इसी तरह वित्तीय वर्ष 2023-24 की जांच होना अभी शेष है। इन वर्षों की जांच में भी भारी संख्या में कर चोरी पकड़े जाने की उम्मीद है। फिलहाल 9000 व्यापारियों को नोटिस भेजे गए हैं, जिनमें से कुछ ने ही टैक्स का पैसा जमा किया है।

#### सबसे ज्यादा गड़बड़ी मेंथा, लकड़ी व लोहा कारोबार में

जिले में सबसे ज्यादा गड़बड़ी मेंथा, लकड़ी और लोहा की खरीद बिक्री में सामने आई है। कई फर्मों ने आईटीसी लाभ ले लिया, लेकिन टैक्स जमा नहीं किया। लोहा, रेडीमेड समेत ट्रेडिंग से जुड़े कारोबार में आईटीसी के साथ ही माल की बिक्री से वसूले गए टैक्स को जमा नहीं किया गया। इसी तरह के काम करने वालों को नोटिस जारी किए गए हैं। हालांकि अभी तक कुछ हजार व्यापारियों ने ही टैक्स जमा किया है। शेष से टैक्स वसूली का प्रयास चल रहा है।

> राज्य कर विभाग की ओर से व्यापारियों को एआई नोटिस जारी किए गए थे। परीक्षण के बाद सभी से जवाब मांगा गया। जिन मामलों में टैक्स चोरी की पुष्टि हुई, उनसे टैक्स जमा कराया जा रहा है। **-प्रवेश तोमर,** उपायुक्त राज्य कर विभाग

#### जीएसटी जमा न करने पर जारी की जाएगी आरसी

उपयुक्त प्रवेश तोमर ने बताया कि व्यापारियों को नोटिस भेज कर कर जमा करने को कहा गया है। इसके बाद भी अगर कोई कर नहीं जमा करता है तो आगे की कार्रवाई शुरू की जाएगी। अंत में रिकवरी सर्टिफिकेट कलेक्ट्रेट को भेजा जाएगा और अमीन के माध्यम से कर की वसूली होगी। ऐसे में संबंधित व्यापारी की कुर्की भी हो सकती है।

#### आईटीसी गड़बड़ी के सबसे ज्यादा मामले

एआई की जांच के बाद राज्य कर विभाग के फील्ड अफसरों ने भी जांच की। इस जांच में भी एआई सॉफ्टवेयर की ओर से पकड़े गए ज्यादातर मामले सही निकले। राज्य कर अधिकारियों ने परीक्षण में सर्वाधिक मामले आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) की गड़बड़ी के सामने आए। बड़ी संख्या में ऐसे व्यापारी भी सामने आए, जिन्होंने बिक्री दिखा दी, लेकिन टैक्स जमा नहीं किया। पड़ताल में अधिकारियों ने फर्जी तरीके से लिए गए आईटीसी का लाभ लेने वाले व्यापारियों को टैक्स जमा करने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### प्रधानपति सहित तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**निगोही।** क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने प्रधानपति के खिलाफ छेड़छाड़, मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। एक गांव की महिला ने बताया कि 10 फरवरी को दोपहर 2 :30 बजे थाना निगोही के गांव परसरा-परसरी के प्रधानपति सर्वेश घर पर आए छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर लोग आ गए, जिन्हें देखकर वह भाग गया। पति के आने पर उन्हें जानकारी दी तो पति आरोपी के घर शिकायत करने गए तो आरोपी सर्वेश ने अपने भाईयों वीरेंद्र, शिशु कुमार ने मारपीट कर दी और कहा कि एसटीएसटी का मुकदमा लिखवा दूंगा। पीड़िता ने बताया कि आरोपी पति के साथ पहले भी मारपीट कर चुका है। पीड़िता की तहरीर पर शुक्रवार देर शाम पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### सड़क हादसे में घायल किशोर की मौत

**शाहजहांपुर।** खुदागंज रोड पर ट्रक ने साइकिल को टक्कर मार दी थी, जिससे पिता-पुत्र घायल हो गए थे। घायल पुत्र की बरेली के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के गांव भोजपुरी निवासी 45 वर्षीय शेरपाल व 15 वर्षीय ऋषभ के साथ गुरुवार की शाम सात बजे साइकिल से कटरा से अपने गांव जा रहे थे। रास्ते में खुदागंज रोड पर शारदा नहर की पुलिया के सामने ट्रक ने साइकिल को टक्कर मार दी, जिससे शेरपाल व उसका बेटा ऋषभ गंभीर रुप से घायल हो गए। चालक ट्रक लेकर भाग गया। घायलो को स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। हालत गंभीर होने पर दोनों को बरेली रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार की शाम पांच बजे घायल शेरपाल के बेटे ऋषभ की मौत हो गई।

# ट्रैक्टर के ब्रेक लगाने से ट्रॉली के नीचे गिरे श्रद्धालु, एक की हुई मौत, 12 लोग घायल

### ट्रैक्टर-ट्रॉली में बैठकर ढाईघाट गंगा स्नान करने जा रहे थे भौती के ग्रामीण

**संवाददाता, मिर्जापुर/शाहजहांपुर**


घटना स्थल पर लगी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** साइकिल सवार को बचाने के लिए ट्रैक्टर चालक ने अचानक ब्रेक लगाए तो झटका लगने के साथ ट्राली तिरछी हो गई। इससे ट्राली में बैठे 13 श्रद्धालु नीचे जा गिरे। इसमें गंभीर चोटें आने से एक की मौके पर मौत हो गई, जबकि 12 घायल हो गए। सभी लोग भौती गांव से ट्रैक्टर-ट्रॉली में बैठकर ढाईघाट गंगा स्नान के लिए जा रहे थे।

मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गांव भौती निवासी तुलसी कश्यप की ट्रैक्टर-ट्रॉली थी। शुक्रवार पूर्वाह्न 11:30 बजे ट्रैक्टर मालिक गांव से तीन दर्जन लोगों को ट्रॉली में बैठाकर गंगा स्नान के लिए ढाईघाट जा रहे थे। रास्ते में पृथ्वीपुर गांव के सामने साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में चालक तुलसी कश्यप ने अचानक ट्रैक्टर के ब्रेक लगाए, जिससे अनियंत्रित होकर ट्रॉली एक साइड में तिरछी हो गयी। ट्रॉली पर सवार महिला समेत 13 लोग नीचे गिर गए। श्रद्धालुओं में अफरा-तफरी मच गयी और ट्राली से लोग उतर गए। सूचना मिलने पर मिर्जापुर पुलिस मौके पर पहुंची। साथ ही गांव में खबर मिलने पर प्रधान अनुज यादव व गांव वाले घटना स्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने भौती गांव के 40 वर्षीय सुरेश कुमार, 38 वर्षीय छोटी बिटिया, उसकी बेटी 13 वर्षीय शिखा, 45 वर्षीय सरला देवी, 14 वर्षीय शेर सिंह, 6 वर्षीय सूरज, 28 वर्षीय गुड्डी, 27 वर्षीय महेश्वरी, 5 वर्षीय वैष्णवी, 3 वर्षीय आर्यन, 50 वर्षीय विद्यावती, 17 वर्षीय ईश्वरवती व 20 वर्षीय शिल्पी को स्वास्थ्य केंद्र पर भेजा। जहां डाक्टर ने सुरेश कुमार को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल शिखा, छोटी बिटिया व सरला को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। अन्य घायलों की इलाज के दौरान छुट्टी कर कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ जलालाबाद अजय कुमार राय ने बताया कि भौती गांव से गंगा स्नान के लिए ढाईघाट ट्रैक्टर-ट्राली से श्रद्धालु जा रहे थे। साइकिल सवार को बचाने में के चक्कर में ट्रॉली एक साइड में तिरछी हो गई थी। जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और कुछ घायल हो गए।

- गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को सीएचसी से जिला अस्पताल किया गया रेफर


घायल महिला


घायल महिला

#### हादसे की सुनी तो मौके पर दौड़े ग्रामीण

शुक्रवार दोपहर पौने 12 बजे गांव में फोन से हादसे की सूचना पहुंची। इससे गांव में अफरा-तफरी गच गई। कुछ लोग खेत से अपने घर की भाग खड़े हुए। गांव वाले घबराते हुए वाहनों से घटना स्थल की आरे दौड़ गए। सुरेश का शव देखकर परिजन बिलखने लगे।


हादसे के बाद रोते-बिलखते भंवरपाल के परिजन। ● अमृत विचार

### गाय से बाइक टकराने पर युवक की मौत, दोस्त घायल

**मिर्जापुर, अमृत विचार :** खेरे गांव के सामने गाय से बाइक टकरा गई, जिससे बाइक पर सवार एक युवक की मौत हो गई और उसका दोस्त घायल हो गया। मिर्जापुर थाना क्षेत्र के गांव सोनेक निवासी भंवरपाल (24) अपने दोस्त आशीष कुमार (16) के साथ बाइक पर मिर्जापुर बाजार खरीददारी करने आया था। रात को आठ बजे बाइक पर दोनों अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में खेड़ा गांव के सामने सड़क पर गायों का झुंड था। गायों को बचाने के चक्कर में उनकी बाइक अनियंत्रित होकर बाइक एक गाय से टकरा गई, जिससे बाइक पर सवार भंवरपाल और आशीष कुमार नीचे जा गिरे। दोनों घायलों को स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर ने भंवरपाल को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल आशीष को एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया।


मृतक भंवरपाल।

#### तिलक कार्यक्रम में शामिल होने दिल्ली से आया था

नत्थूलाल ने बताया कि उसका बेटा भंवरपाल दिल्ली में काम करता था। उसके बेटे की शादी तीन साल पहले अल्हागंज में गीता देवी के साथ हुई थी। उसका सात माह का बेटा है। शुक्रवार को उसकी साली का तिलक कार्यक्रम था। उसकी पत्नी दो दिन पहले मायके चली गई थी। तिलक समारोह में शामिल होने के लिए एक सप्ताह पूर्व दिल्ली से आया था। शुक्रवार की दोपहर वह अपनी ससुराल जाने को था। इससे पहले हादसा हो गया।

### सड़क दुर्घटनाओं में होमगार्ड सहित पांच लोग घायल

**तिलहर।** अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में होमगार्ड सहित पांच लोग घायल हो गए। जैतीपुर के दोषपुर गांव निवासी सुखपाल सिंह यादव होमगार्ड के पद पर कार्यरत थे। शुक्रवार की सुबह वह तिलहर कोतवाली ड्यूटी के लिए बाइक से आ रहे थे। रास्ते में जैतीपुर मार्ग पर उनकी बाइक को सामने से आ रही एक बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल होमगार्ड को राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घायल जवान को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। दूसरी ओर बिरियागंज मोहल्ला निवासी रजत गुप्ता गुरुवार की रात अपने मित्र प्रिंस गुप्ता व देवेंद्र यादव के साथ शाहजहांपुर से कार द्वारा घर वापस आ रहे थे। हाईवे पर राजकीय महाविद्यालय के पास अचानक आवारा गोवंश के आ जाने से उनकी कार अनियंत्रित होकर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे पलट गई, जिससे कार में सवार तीनों लोग घायल हो गए। उधर, शुक्रवार की सुबह खड़सार गांव के छोटेलाल के बड़े भाई देवदत्त की मौत हो गई थी। छोटेलाल अंतिम संस्कार की सामग्री लेने जा रहे थे तभी जैतीपुर मार्ग पर अज्ञात बाइक सवार ने उनको टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए।

## हत्या के अलग-अलग मामलों में महिला समेत तीन को उम्रकैद

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

- वर्ष 2019 में कटरा में तमंचे से गोली मारकर की गई थी हत्या
- 2020 में अल्हागंज में महिला को पीटकर मार दिया था

**अमृत विचार:** जिले में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हत्या के मामलों में अपर जिला एवं सत्र न्यायालय कोर्ट से तीन अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनायी गई है। कटरा और अल्हागंज थाना क्षेत्र का मामला है।

एएसपी सिटी संजय कुमार ने बताया कि वर्ष 2019 में कटरा थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर में पुरानी रंजिश को लेकर तमंचे से गोली मारकर अनुज की हत्या कर दी गई थी। कटरा थाना में अभियुक्त अभिषेक गंगवार निवासी सुल्तानपुर थाना कटरा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचनाधिकारी ने अभियुक्त के खिलाफ कोर्ट में साक्ष्य पेश किए। अपर जिला एवं सत्र न्यायालय कोर्ट संख्या 11 से अभियुक्त अभिषेक गंगवार को आजीवन कारावास की सजा सुनायी गई एवं 50500 रुपये अर्थदंड से दंडित किया। इधर एएसपी ग्रामीण मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि वर्ष 2020 में रुबीना की पीटकर हत्या कर दी थी। अल्हागंज थाना में हुरजहां पत्नी फरमान व हुकुमदार निवासी हुल्लापुर थाना अल्हागंज के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज करी गई थी। विवेचनाधिकारी ने कोर्ट में साक्ष्य प्रस्तुत किए। अपर जिला एवं सत्र न्यायालय कोर्ट संख्या तीन ने दोनों अभियुक्त हुकमदार व हुरजहां को आजीवन कारावास की सजा सुनायी गई एवं दोनों अभियुक्तों को 15-15 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

#### दुष्कर्म के दोषी को 10 साल का कारावास

शाहजहांपुर, अमृत विचार : अपर जिला एवं सत्र न्यायालय कोर्ट संख्या आठ से दुष्कर्म के आरोपी किशोर को 10 साल कारावास की सजा सुनायी है। 40 हजार रुपये अर्थदंड भी डाला है। सीओ सदर अमित चौरसिया ने बताया कि वर्ष 2018 में एक किशोर अपचारी एक किशोरी को अगवा करके ले गया था। आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। रोजा थाना में किशोर अपचारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचनाधिकारी ने अभियुंक्त के खिलाफ कोर्ट में साक्ष्य पेश किए। न्यायालय ने किशोर अपचारी दस साल की कारावास की सजा सुनायी है एवं 40 हजार रुपये अर्थदण्ड से दंडित किया है। टीम में शासकीय अधिवक्ता संजीव सिंह शुक्ला, मानीटरिंग सेल निरीक्षक शिवदीन वर्मा, उप निरीक्षक ख्यालीराम आदि थे।

## गैंगस्टर के अभियुक्त को दो साल की सजा, जुर्माना भी लगा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार।** अपर जिला एवं सत्र न्यायालय कोर्ट संख्या पांच से गैंगस्टर के अभियुक्त को दो वर्ष पांच माह का कारावास की सुनाई गई। एएसपी सिटी संजय कुमार ने बताया कि अभियुक्त अजीम निवासी तारीन टिकली थाना सदर बाजार के खिलाफ वर्ष 2011 में सदर बाजार थाना में गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचनाधिकारी ने अभियुक्त के खिलाफ कोर्ट में साक्ष्य पेश किए। न्यायालय ने अभियुक्त अजीम को दो वर्ष पांच माह की कारावास की सजा सुनायी एवं पांच हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। टीम में शासकीय अधिवक्ता अमित बाजपेयी, मानीटरिंग सेल प्रभारी शिवदीन वर्मा, उप निरीक्षक ख्याली राम आदि थे।

## पीडब्ल्यूडी मंत्री के भाई के बंद घर से चोरी

**संवाददाता, सिंधौली**

**अमृत विचार:** पीडब्ल्यूडी मंत्री के कार्यालय प्रभारी के भाई के बंद घर में बुधवार की रात छत के रास्ते घुसे चोर लाखों का सामान और नगदी चोरी कर ले गए। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


चोरी की घटना के बाद घर में बिखरा पड़ा सामान। ● अमृत विचार

पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद के कार्यालय प्रभारी अनिल तिवारी के भाई दीपक तिवारी का पैना बुजुर्ग के निकट स्थित गार्डन विलेज कालोनी में आवास है। बुधवार को उनके बड़े भाई सोहनलाल तिवारी के बरेली मोड़ स्थित आवास पर मुंडन संस्कार की दावत थी। दीपक तिवारी परिजनों सहित निमंत्रण में गए हुए थे। रात किसी समय चोर छत पर लगे दरवाजे को तोड़कर घर के अंदर घुस गए और एलईडी टीवी, इन्वर्टर बैटरी सहित दो सोने की अंगूठी और, चेन, दस हजार की नगदी चुरा ले गए। बृहस्पतिवार की सुबह पड़ोस के लोगों ने छत पर लगा दरवाजा टूटा हुआ देखा तो फोन कर गृहस्वामी को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र गुप्ता ने पहुंचकर घटना स्थल का मुआयना किया। गृहस्वामी की तहरीर पर पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र गुप्ता ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विवेचना की जा रही है।

- पुलिस ने किया मौका मुआयना दर्ज की घटना की रिपोर्ट

## गांव मुड़िया कुर्मियात में लाखों की चोरी

**पुवायां।** गांव मुड़िया कुर्मियात निवासी लज्जावती ने पुलिस को बताया कि वह हिमांचल प्रदेश में अपने पति रामकुमार व पुत्र दीपांशु के साथ नौकरी करती थी। 18 फरवरी को गांव दिदौरी निवासी उसकी नातिन की शादी होने के कारण वह पुत्र दीपांशु के साथ गांव मुड़िया कुर्मियात आ गई। जब घर पहुंची तो दरबाजे के ताले टूटे मिले और घर का सामान बिखरा पड़ा था। बक्शे में रखी एक सोने की लर, एक चांदी की लर, जेवरी, दो जोड़ी बेटी की पायल व पंद्रह हजार सात सौ रुपये नकद, पांच कुंतल घर में रखे गेहूं चोरी हो चुके थे। लज्जावती ने पुलिस को घर के पड़ोस में रहने वाली महिला के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## रिश्वत लेते पकड़ा लेखपाल जेल भेजा, निलंबित

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**

**अमृत विचार :** रिश्वत लेते गिरफ्तार लेखपाल अरविंद अग्निहोत्री को पुलिस ने आरोपी को एंटी करप्शन कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। उधर एसडीएम ने शुक्रवार को आरोपी लेखपाल को निलंबित कर दिया।

रोजा के मोहल्ला टोनी निवासी शेरू पुत्र श्रीकृष्ण ने एंटी करप्शन अधिकारियों से शिकायत करते हुए बताया था कि सदर तहसील में तैनात लेखपाल अरविंद अग्निहोत्री उससे विरासत दर्ज करने के बदले 5000 रुपये बतौर रिश्वत मांग रहा है। पहली किस्त के रूप में उसने 3000 रुपये दे दिए हैं और दूसरी किस्त में दो हजार रुपये और देने हैं। इसके बाद गुरुवार को एंटी करप्शन की टीम ने जाल बिछा दिया। एंटी करप्शन के सीओ यशपाल सिंह के नेतृत्व में आठ लोगों की टीम ने शेरामऊ दक्षिणी थाना क्षेत्र के कहलिया रोड पर स्थित बादशाह से लेखपाल को 2000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से दो हजार रुपये भी बरामद हो गए। टीम आरोपी लेखपाल को अपने साथ तिलहर थाने ले गई थी। शुक्रवार को आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया।

> रिश्वत लेते लेखपाल एंटी करप्शन द्वारा गिरफ्तार किया गया था। उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद जेल भेज दिया गया है। एफआईआर कॉपी मिलने के बाद दोषी लेखपाल को निलंबित कर दिया गया है। **- ज्ञानेंद्र नाथ,** एसडीएम सदर

## प्रेमी के घर पहुंची प्रेमिका निकाह करने पर अड़ी

**संवाददाता, खुटार**

- मां की बात मानने को तैयार नहीं है किशोरी, पिता नेपाल में करते हैं मजदूरी
- किशोर के पिता हरियाणा में रहकर करते हैं मजदूरी, ग्रामीण मामला सुलझाने में लगे

**अमृत विचार:** पूरनपुर मार्ग स्थित एक गांव में रहने वाली किशोरी अपने पड़ोस में ही प्रेमी के घर जा पहुंची और निकाह की जिद करने लगी है। किशोरी के घर में उसकी मां और भाई हैं। पिता नेपाल में एक ईंट भट्ठा पर काम करते हैं। किशोर भी घर में अकेला है। उसके परिजन हरियाणा में काम करने गए हैं। इस मामले की खबर दोनों के परिजनों को दे दी गई है। मां ने काफी मनाने की कोशिश की, लेकिन किशोरी बात मानने को तैयार नहीं है।

क्षेत्र के एक गांव में एक 16 वर्षीय किशोरी का पड़ोस के 17 वर्षीय किशोर के साथ काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा है। दोनों एक-दूसरे से परिजनों से छिपकर मिलते रहे। दोनों ने एक साथ रहने को निकाह करने की योजना बनाई। बृहस्पतिवार रात को किशोरी अपने प्रेमी के घर पहुंच गई। रात भर वहीं रही। शुक्रवार सुबह किशोरी की मां को इस बात की खबर हुई तो उसे लेने किशोर के घर पहुंच गई। लेकिन किशोरी ने घर जाने से मना कर किशोर के साथ रहने की जिद पर अड़ गई और उसी के साथ निकाह करने की बात कही। इस मामले की भनक गांव वालों को लग गई। पड़ोस के लोग भी किशोर के घर पहुंच गए और दोनों को समझाते रहे। इसके बावजूद कोई बात नहीं बनी। किशोरी के पिता नेपाल में काम करते हैं। हरियाणा में मजदूरी करने गए किशोर के परिवार के लोगों को सूचना दी गई। किशोरी शुक्रवार शाम तक किशोर के घर पर मौजूद रही। इधर, इस मामले में पुलिस को सूचना नहीं दी गई है।

**दिक्कत** | शहर में बिछाई जानी है 186 किमी सीवर लाइन, सड़क खोदने के बाद छोड़ दे रहे कर्मचारी

## मोहल्ला तारीन टिकली का रास्ता किया बंद, लोग परेशान

**कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर**



खुदाई के चलते तारीन टिकली में बंद की गई सड़क। ● अमृत विचार

- सीवर लाइन डालने को खोदी जा रहीं सड़कें, लोगों का निकलना दुश्वार

**अमृत विचार:** सीवर लाइन बिछाने के काम में मनमानी जारी है। बिना बताए रास्ते बंद किए जा रहे हैं। अब शहर के मोहल्लाला रीन टिकली में बिना बताए रास्ता बंद कर दिया गया है। जिसके चलते शुक्रवार को दिन भर लोग परेशान होते रहे। इसी तरह कई स्थानों पर सड़क खोदाई कर पाइप लाइन बिछाने का काम जारी रहा। जिसके चलते परेशानी बनी रही।

महानगर में सीवर लाइन बिछाने व एसटीपी प्लांट के कार्य को पूरा करने के लिए शासन की ओर से 3 अरब, 77 करोड़, 51 लाख, 48 हजार रुपये का बजट दिया गया है। शहर में 186 किमी सीवर लाइन बिछाई जानी है, लेकिन ढाई साल का समय बीत जाने के बाद भी खुदाई बंद नहीं हो सकी है। जबकि आए दिन शहर के किसी न किसी कोने पर खुदाई चलने से लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। कुछ स्थानों पर सीवर लाइन डालने के बाद भी सड़कों की मरम्मत सही से नहीं हो रही है। यहां उठ रही धूल-मिट्टी से लोग परेशान हैं। गड्ढे वाली सड़कों से निकलने में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। निशात तिराहे पर खुदाई के कारण अब तमाम गड्ढे हो गए हैं। यही नहीं शहर की प्रमुख सड़कों पर जाम भी लग रहा है। लोग परेशान हैं, लेकिन ट्रैफिक पुलिस अंजान है। शहर की कई मुख्य सड़कों पर आए दिन जाम लग रहा है। भैंसों के किसी भी समय निकलने के चलते भी जाम लगता है। ई-रिक्शा वालों में सबसे आगे जाने की होड़ लगी रहती है। जिसके चलते भी जाम लगता है। लंबे समय से भैंसों के सड़कों पर निकलने का समय तय करने की मांग चल रही है। नगर निगम ने बीते दिनों इसके लिए प्रक्रिया भी शुरू की, लेकिन यह प्रक्रिया अभी तक परवान नहीं चढ़ सकी है। इन असमय निकलने वाली भैंसों से भी आए दिन हादसे होते रहते हैं। कुछ दुकानदार भी जाम लगने का कारण है। इन दुकानदारों ने अपनी दुकानों के सामने अतिक्रमण कर रखा है। यह लोग अपने वाहन भी रोड पर आड़े तिरछे खड़े कर देते हैं। प्रशासन ने लोगों की असुविधाओं को देखते हुए वाहन स्टैंड भी सुनिश्चित किए हैं। मुख्य बाजारों में जाम न लगे इसके लिए प्रशासन ने अभियान भी चलाया और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ बैठक भी की। वाहनों को खड़ा करने के लिए वाहन स्टैंड भी सुनिश्चित किए, लेकिन प्रशासन की सख्ती कुछ ही दिन चली और जाम की स्थिति आज भी बनी हुई है।

> इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि खुदाई की वजह से लोगों को परेशानी हो रही है। विभाग की ओर से ठेकेदार को जल्द से जल्द काम पूरा करने के लिए कहा गया है। **-कपिल एम सिंह,** अधिशासी अभियंता जल निगम।

# दाँतों में तकलीफ अब कोई चिन्ता नहीं!



ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर

Associated with Asia's No.1 Dental Lab



डॉ० एम.बी. गौतम
(डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ) डायरेक्टर
सम्पर्क करें:- 9997317000, 9412738720
प्रभा टाकीज, के ठीक सामने,
151 रामपुर गार्डन, फर्स्ट फ्लोर, बरेली

डॉ० अतुल कुमार
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडोन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES

डॉ० संजय मजूमदार
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े
(फ्रैक्चर) दाँत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की
सर्जरी के विशेषज्ञ

Our Aim to important a healthy & Beautiful Smile to our Patient

उपलब्ध सुविधायें :
- शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें।
- दाँतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler )
- हिलते हुए दाँतों को जाम करना।
- दाँतों की नसों का इलाज (Root Canal Treatment, Single Siting RCT)
- मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज।
- दाँतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज।
- सड़े-गले दाँतों को बिना तकलीफ के निकालना। (Painless)
- दाँतों के रंग का मासाला भरना। (Laser Filing)
- टेढ़े-मेढ़े, बाहर निकले हुए दाँतों का इलाज। (Fix Braces /Aligner)
- डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दाँत लगाना। (Zirconia Crown/Bridges)
- मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD)
- गुटखे की वजह से मुँह कम खुलने का इलाज।
- एक्सीडेन्टल टूटे-जबड़े व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा।
- एडवान्स एक्स-रे यनिट




Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour

5 साल से 11 साल के बच्चों की दाँतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्रसेना/पुलिस/ग्राम प्रधान/नगर पंचायत/चेयरमैन/स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिपोर्टर/स्वतंत्रता सेनानी


# बिजली न पानी, रोडवेज पर यात्रियों को हो रही परेशानी

## कांट में रोडवेज बस स्टैंड पर सुविधाओं का अभाव, शाम होते ही शराबियों का अड्डा बन जाता है सरकारी बस स्टैंड

संवाददाता, कांट

**अमृत विचार:** योगी सरकार जनसुविधाओं को लेकर बेहद गंभीर है। मगर परिवहन निगम का रोडवेज बस स्टैंड पर यात्री सुविधाओं पर कोई ध्यान नहीं दे रहा। जिले के कांट कस्बा स्थित रोडवेज बस स्टैंड में यात्री सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं है। खास बात यह कि यहां बारिश में यात्रियों का खड़ा होना भी मुश्किल हो जाता है।

शाहजहांपुर-जलालाबाद रोड पर कांट कस्बे में रोडवेज बस स्टैंड दशकों पुराना है। यहां बिजली और पीने के लिए शुद्ध पानी तक की व्यवस्था नहीं है। नियमित सफाई न होने से गंदगी की भरमार है। कांट रोडवेज से रोजाना हजारों यात्रियों का आवागमन होता है। यहां से दिल्ली सहित कई शहरों को बसें जाती आती हैं। यहां रोडवेज बस स्टैंड पर बिजली की व्यवस्था न होने से शाम होते ही अंधेरा छा जाता है। इसकी वजह से शाम होते ही रोडवेज पर शराबियों का जमावड़ा होने लगता है। बिजली न होने से रात में यात्रियों से लूटपाट का डर बना रहता है। मगर अधिकारियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है।



कांट स्थित रोडवेज स्टैंड पर बस के इंतजार में बैठे यात्री। ● अमृत विचार

### बस अड्डे नहीं जाती कई बसें, लोग परेशान

रोडवेज द्वारा बनाए बस स्टैंड में चालकों द्वारा बसें नहीं ले जाई जाती। इस कारण यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बीच सड़क में ही बसें खड़ी करने से सड़क के दोनों और चलने वाले वाहन चालकों को दिक्कत होती है। वहीं, बस पकड़ने के लिए भागते समय कई बार मुसाफिर हादसे का भी शिकार बन जाते हैं।

रोडवेज कांट में सुविधाएं नहीं है, इस बारे में जानकारी नहीं है, शिकायत मिलने पर दिखवाया जाएगा और यात्रियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कमियों को दुरूस्त किया जाएगा। -**आरएस पांडेय**, एआरएम



हमें शाहजहांपुर जाना है। पिछले एक घंटे से ज्यादा समय से बैठे हैं। अभी तक कोई बस अंदर नही आई है। यहां पीने के लिए शुद्ध पानी का अभाव है। लाइट की व्यवस्था भी नहीं है।
- **अनिरूद्ध पाठक**, यात्री



यात्रियों से जो किराया वसूल किया जाता है। उसी में अन्य सुविधाओं का शुल्क भी समाहित होता है। मगर यात्रियों के लिए कांट रोडवेज पर कोई सुविधा नहीं है।
-**प्रशांत दीक्षित**



बस स्टैंड पर दिक्कतों के संबंधित उच्च अधिकारियों को कई बार सूचित किया जा चुका है लेकिन कुछ दिन ठीक रहने के बाद फिर वैसा ही हाल हो जाता है। यहां पर कोई व्यवस्था देखने वाला नहीं है। हालात बहुत खराब है। -**मयंक दीक्षित**



बस अड्डे पर लाइट की व्यवस्था नहीं है। हमने जल्दी ही कांट का चार्ज लिया है। कई यात्री शिकायत कर चुके हैं, जल्द ही डिपो के अधिकारियों को अवगत कराकर समाधान कराया जाएगा। यात्रियों को सभी सुविधाएं मिलेगी।-**बलवीर सिंह**, क्लर्क रोडवेज

# युवक को तमंचे की बट से पीटकर किया घायल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** शहर में मोहल्ला अजीजगंज में पतंग उड़ाने को लेकर हुए विवाद में जमकर फायरिंग हुई। एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के एक युवक को तमंचे की बट मारकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने घायल की तरफ से पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

चौक कोतवाली क्षेत्र में मोहल्ला अजीजगंज निवासी सौरभ शुक्रवार की दोपहर एक बजे पतंग उड़ा रहे थे। पतंग उड़ाने को लेकर मोहल्ले के गोविंद से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ जाने से दोनों पक्षों में मारपीट शुरु हो गयी। आरोप है कि गोविंद ने अपने साथियों को बुला लिया और तमंचे से फायरिंग की। फायरिंग से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गयी। आरोपियों ने सौरभ को पकड़ लिया और तमंचे की बट से पीटकर घायल कर दिया। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने घायल सौरभ का डाक्टरी परीक्षण कराया। चौक कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर ने बताया कि आरोपी गोविंद, शिवा, करन समेत पांच लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# मांगों को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, शाहजहांपुर/निगोही

- प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा
- खिरनीबाग रामलीला मैदान में भाकियू का प्रदर्शन

**अमृत विचार :** विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन किसान सरकार ने खिरनीबाग रामलीला मैदान में सांकेतिक धरना दिया। इसके बाद प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को सौंपा। उधर, निगोही में भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट ने प्रदर्शन कर थाना प्रभारी को प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

खिरनीबाग रामलीला मैदान में भाकियू किसान सरकार के संस्थापक अध्यक्ष के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में किसानों की मांग है कि किसान आयोग का गठन किया जाए, छुट्टा पशुओं की समस्या से निजात दिलाई जाए और देश में 50 वर्ष से अधिक उम्र के लघु किसानों को पेंशन योजना का लाभ दिलाया जाए व उनका कर्जा माफ किया जाए आदि मांगे शामिल हैं, वहीं निगोही में भाकियू टिकैत गुट की महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष माधुरी कुशवाहा की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि दिल्ली बार्डर पर किसानों पर किए गए लाठीचार्ज मामले में दोषी लोगों पर कार्रवाई की जाए। धरना पर बैठने वालों में जिलाध्यक्ष आशाराम चौधरी, परविंदर, विमलेश कुमार, सावन गुप्ता, रामपाल श्रीवास्तव आदि शामिल रहे। वहीं निगोही में प्रदर्शन के दौरान देवेंद्रपाल सिंह, फिरासत खां, रक्षपाल, रामपाल आदि शामिल रहे।



निगोही में प्रदर्शन करते भाकियू टिकैत गुट के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार





विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
रेनबो हॉस्पिटल
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव

डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुड़गांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें
7249939977
7088003322


डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
मिलने का समय
प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157


डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393


डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
MIZAN E.N.T. & URO Care Centre
निकट आयरिश लॉन पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सुबह 10.30 से 11.30 तक शाम 7 से 8 बजे तक
8394838281, 9897838286
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन

डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरुआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली


# गन्ना किसान ने विद्युत विभाग के खिलाफ दी तहरीर

**खुटार।** बीएसएनल ऑफिस के समीप हाईटेंशन लाइन का तार टूटने से गुरुवार को खेत में खड़ी तीन एकड़ गन्ने की फसल जल गई थी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर विद्युत विभाग की लापरवाही के साथ ही मुआवजा की मांग प्रशासन से की है।

नगर के मोहल्ला बजरिया निवासी प्रशांत शुक्ला के खेत में गन्ने की फसल खड़ी थी। गुरुवार को दोपहर करीब 2 बजे हाईटेंशन लाइन का तार टूटने से गन्ने की फसल में आग लग गई थी। जिससे तीन एकड़ खेत में खड़ी गन्ने की फसल जल गई थी। लेखपाल अनुराग कुमार मौके पर पहुंचे और पीड़ित किसान प्रशांत शुक्ला से पूछताछ की।

# बदले होते तार तो नहीं जाती बुजुर्ग की जान

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- बिजली तार की चपेट में आकर बुजुर्ग की मौत के बाद उठ रहे तमाम सवाल
- मानक से कम ऊंचाई पर बंधे हुए थे बिजली के तार

**अमृत विचार:** जलालाबाद के बुजुर्ग रामनाथ की मौत के बाद सवाल उठ रहे हैं कि अगर डेढ़ माह पहले रिकंडक्टरिंग हो जाती तो बुजुर्ग की जान नहीं जाती। बिजली के तार मानक से कम ऊंचाई पर बंधे थे, जिन्हें ऊंचा करने के लिए लंबे समय से मांग चल रही थी। बिजली विभाग ने तारों को ऊंचा करने की प्रक्रिया भी शुरू की, लेकिन यह प्रक्रिया तब तक परवान नहीं चढ़ी जब तक बुजुर्ग की मौत नहीं हो गई। ईई बिजली मुदित सोनकर ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

जलालाबाद क्षेत्र के गांव उवरिया निवासी 60 वर्षी रामनाथ खेतों में पशुओं के लिए चारा लेने गए थे। बरसीम को बोरी में भरकर सर पर लादकर वह घर लौट रहे थे। तालाब के किनारे सत्यपाल के खेत की मेड पास 33000 केवी की लाइन के ढीले तारों से उनके सिर पर रखी घास की बोरी छू गई। बोरी छूते ही बिजली के करंट से रामनाथ की जलकर मौत हो गई। बिजली के करंट से जलकर मौत की खबर आग की तरह आसपास के लोगों को मिली। जहां भारी संख्या में भीड़ जमा हो गई थी। घटना के बाद से बिजली विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर सवाल उठ रहे हैं। कहा जा रहा है कि बिजली के तार मानक के अनुसार ऊंचाई पर नहीं थे। जिस कारण यह घटना हुई। बिजली विभाग तारों को ऊंचा करने की कवायद कई महीने से कर रहा था, लेकिन यह कवायद सिर्फ कवायद ही बनकर रह गई। कभी परवान नहीं चढ़ सकी। बिजली विभाग के अधिकारियों का कहना है कि लगभग डेढ़ महीना पहले विभागीय ठेकेदार तारों को ऊंचा करने के लिए गांव पहुंचा था, लेकिन गांव वालों ने तारों को ऊंचा नहीं करने दिया। जिस कारण लाइन नीचे ही रह गई और नतीजा बुजुर्ग की मौत के रूप में सामने आया। शुक्रवार को ईई जलालाबाद ने मामले की जांच शुरू कर दी।

जिस बिजली लाइन से झुलस कर बुजुर्ग की मौत हुई उसकी रिकंडक्टरिंग कराई जानी थी। समय से कार्य क्यों नहीं हो सका है, इसकी जानकारी जांच के बाद हो सकेगी।
-**जेपी वर्मा**, अधीक्षण अभियंता

# युवक ने फंदे से लटक कर दी जान

संवाददाता, जलालाबाद

- मां ने पशुओं के लिए चारा लाने को कहा था

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव गुनारा में 20 वर्षीय युवक ने फंदे पर लटक कर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है।

मां गीता देवी का कहना है कि शुक्रवार शाम पांच बजे उसने बेटे राजन से पशुओं के लिए चारा लाने को कहा था। इसके बाद वह कुछ काम से घर से बाहर चली गई। थोड़ी देर में जब लौट कर आई तो पैरो तले से जमीन निकल गई। कमरे के कुंडे में राजन अपने गमछे से फंदे पर लटक रहा था। शोर मचाने पर आस पास के लोग आ गए। उसे उतरा, ताकि इलाज हो सके लेकिन उसकी सांस थम चुकी थी। राजन के पिता बृजेश की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। वह अपनी माता गीता देवी व अन्य तीन भाई मोहित, राम जी, संकेत सहित रहता था। चारों भाई अविवाहित थे। जिसमें राजन दूसरे स्थान पर था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुजुर्ग मां का रो-रो कर बुला बुरा हाल है।



मृतक राजन।

गांव गुनारा में एक युवक की आत्महत्या करने की सूचना मिलने पर उस का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है अभी जान देने का कारण नहीं मिला है।
- **हरिपाल सिंह बालियान**, कोतवाल।

# युवक को डंडा मारकर किया घायल

**रौसर कोठी।** थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के गांव मिश्रीपुर निवासी विद्याधर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह गांव में एक दुकान के पास खड़ा था।

तभी पुरानी रंजिश के चलते मोहल्ले के हरिकुमार के बेटे ने उसके सिर पर डंडा मार दिया। मारपीट में उसका सिर फट गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। घायल का मेडिकल कराया गया है।

# मानचित्र और लघु उत्तरीय प्रश्न दिलाएंगे पूरे अंक

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- सामाजिक विज्ञान: विषय विशेषज्ञ डॉ. बृजेश ने यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए सुझाए जरूरी टिप्स

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा आरंभ होने में बमुश्किल एक सप्ताह बचा है। इससे विद्यार्थी रात-दिन परीक्षा की तैयारी में जुटे हैं। विज्ञान, गणित, अंग्रेजी जैसे विषयों के साथ सामाजिक विज्ञान की ओर भी विद्यार्थियों को बहुत ध्यान देने की जरूरत है। खासतौर पर मानचित्र और लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर अच्छे अंक दिला सकते हैं।

राजकीय माध्यमिक विद्यालय शाहबाजनगर के विषय विशेषज्ञ डॉ. बृजेश ने बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को परीक्षा संबंधी उपयोगी टिप्स दिए हैं। उन्होंने बताया कि परिषदीय परीक्षा में सामाजिक विज्ञान का पेपर में दो खंडों में विभाजित होगा। खंड क में वस्तुनिष्ठ पैटर्न पर आधारित प्रश्न पूछे जाते हैं, और खंड ख में अति लघु, लघु उत्तरीय एवं दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों सहित मानचित्र आधारित प्रश्न अतिरिक्त रूप से पूछे जाते हैं। इस तरह संपूर्ण प्रश्नपत्र 70 अंकों का होता है। मानचित्र आधारित, बहुविकल्पीय एवं अति लघु उत्तरीय प्रश्न छात्रों को पूर्ण अंक दिलाने में मददगार होते हैं। इसलिए छात्र-छात्राओं को चाहिए कि मानचित्र समेत अति लघु उत्तरीय प्रश्नों पर विशेष ध्यान दें और गंभीरता से तैयारी करें। साथ ही भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन, बहुउद्देशीय परियोजनाएं, भारत में राष्ट्रवाद और जल संसाधन पर आधारित प्रश्नों को अच्छे से तैयार करें।



डॉ. बृजेश

### इन बातों का रखें विशेष ध्यान

- जिन प्रश्नों के उत्तर आते हों, उन्हें सर्वप्रथम हल करें।
- उत्तर पुस्तिका और मानचित्र को स्वच्छ लिखें। लेखन शुद्ध हो।
- मानचित्र पर उत्तर दर्शाते समय चिह्नों का प्रयोग स्पष्ट रूप से करें।
- आवश्यक दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों को विषयवस्तु एवं हेडिंग के साथ लिखें।
- सामाजिक विज्ञान में भूगोल विषयवस्तु से संबंधित प्रश्न पूरी निष्ठा से तैयार करें।
- प्रश्नों के उत्तर देते समय टाइम मैनेजमेंट का पूर्ण ध्यान रखें।
- कोशिश की जानी चाहिए कि कोई भी प्रश्न छूटने न पाए।

## शिविर में एनएसएस स्वयंसेवियों ने कराया दंत परीक्षण

शाहजहांपुर, अमृत विचार: जीएफ कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना मिश्रित इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर दूसरे दिन भी जारी रहा। कंपोजिट विद्यालय दिलाजाक में चल रहे शिविर में दूसरे दिन दंत चिकित्सक केपी सक्सेना ने सभी स्वयंसेवियों का दंत परीक्षण किया और उन्हें टूथ पेस्ट और दवाइयां बांटी।

डॉ. सक्सेना ने शिविरार्थी छात्र-छात्राओं को सलाह दी कि दांतों को स्वस्थ रखने के लिए सुबह-शाम दोनों समय ब्रश अवश्य करें। इस दौरान उन्होंने दांतों और मसूढ़ों को स्वस्थ रखने के लिए उपयोगी सलाह दी। दूसरे सत्र में जीएफ कॉलेज में आयोजित उद्यमशीलता उन्मुखीकरण कार्यक्रम में स्वयंसेवियों ने सहभागिता की। इस कार्यक्रम में युवाओं को उद्यमिता के लिए प्रोत्साहित किया गया, ताकि सभी स्वरोजगार की योजनाओं का लाभ उठा सकें। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कौसर जमाल, ईशा, मनीषा, अक्षरा, नितिन, आयुष्मान, बबली, सिद्धार्थ आदि का सहयोग रहा।

# बंडा में अधिकांश हैंडपंप खराब, गर्मी में कैसे बुझ पायेगी लोगों की प्यास

## कई हैंडपंपों से निकल रहा गंदा पानी, नहीं होता पीने लायक

संवाददाता, बंडा

अमृत विचार : गर्मी शुरू होने को है। चटक धूप होने से पानी की ज्यादा जरूरत पड़ने लगी है। नगर पंचायत बंडा में लोगों की सुविधा के लिए लगाए गए सरकारी हैंडपंप बदहाली का शिकार है। अधिकांश हैंडपंप खराब पड़े हैं। कुछ हैंडपंप से गंदा पानी निकल रहा है।

**रामनगर कॉलोनी में कुछ लोगों ने सरकारी हैंडपंप में लगवा रखी है मोटर**

नगर में जल संकट की स्थिति अभी से गहराने लगी है। मगर पेयजल संकट से निपटने की कवायद अप्रैल- मई में शुरू की जाती है। नागरिक पानी के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं।

यहां की रामनगर कॉलोनी में कुछ लोगों ने सरकारी हैंडपंप में मोटर लगवा ली है। दूसरे हैंडपंप में चबूतरा बनाकर कब्जा कर लिया है। मगर कोई देखने वाला नहीं है।



कॉलोनी में हैंडपंप में फिट किया गया मोटर।


बंड कस्बे में खराब पड़ा हैंडपंप।


इस बार गर्मी विकराल रूप धारण करेगी। इसलिए लोगों को प्यास भी ज्यादा लगेगी। यदि हैंडपंप ही सही नहीं होंगे तो लोगों को पानी कैसे मिलेगा। - ओमप्रकाश गंगवार


सरकारी हैंडपंप से आने वाला पानी बेहतर होता है, लेकिन कई लोगों ने सरकारी नलों में मोटर लगवा रखी है। जिससे आम लोगों को दिक्कतें हो रही हैं। -अनूप कुमार


पंचायत के अधि-कारियों, कर्मचारियों की अनदेखी के चलते सरकारी नलों में मोटर लगवा ली गई, जिसके चलते कई नल पूरी तरह ठप हो चुके हैं। -रवि राठौर


जिन जगहों पर लगे सरकारी हैंडपंप खराब हो चुके हैं उन्हें नगर पंचायत प्रशासन को जल्दी से ठीक करवाना चाहिए, ताकि आने वाली गर्मी का सामना किया जा सके। -रवि रस्तोगी

जिन हैंडपंपों में मोटर लगी है उन लोगों को नोटिस दिया जाएगा। खराब हैंडपंपों की मरम्मत करवाई जाएगी। -सत्येंद्र प्रकाश, ईओ नगर पंचायत

## खुदाई में मिली श्री कृष्ण की मूर्ति पूजा अर्चना शुरू

निगोही, अमृत विचार: क्षेत्र के सफौरा के मूल निवासी विनोद सिंह कई वर्ष पहले बीसलपुर में जाकर परिवार के साथ रहने लगे। विनोद सिंह की बेटी पूजा 10 वर्ष की है। पूजा का कहना है कि एक वर्ष से सपने आ रहे थे कि जिंदपुरा मुड़ियाखेड़ा थाना निगोही की मजार के निकट देवी हैं। पूजा ने कई बार परिजनों से सपने की बात कही, लेकिन परिजनों ने मजाक समझा। सात दिन से रोज पूजा को सपने आने लगे और पूजा ने खाना-पीना छोड़ दिया और परिजनों को बताया तभी गुरुवार शाम चार बजे परिजन अपने गांव सफौरा आए, साथ में वहां से लगभग बीस लोग आए और बताए गए स्थान खुदाई शुरू कर दी। मजार की देखभाल करने वाले गुड्डू मियां ने विरोध किया और थाना निगोही पहुंचे। मगर तब तक पूजा के परिजन श्रीकृष्ण की मूर्ति खोदकर अपने गांव सफौरा ले गए। गांव में खेत के पास पीपल के नीचे तखत पर रखकर पूजा अर्चना शुरू कर दी। जहां दर्शन करने वालों का ताता लगा हुआ है और भंडारा भी चल रहा है।

# खुटार में मजदूरों से खाली कराया आंगनबाड़ी केंद्र

संवाददाता, खुटार

**गांव में पाइप लाइन डालने वाले मजदूरों को रहने के लिए दिया गया था आंगनबाड़ी केंद्र**

अमृत विचार: गांव महुआ पिमई में उच्च प्राथमिक विद्यालय में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र से मजदूरों का सामान हटवा दिया गया। इन मजदूरों को रहने के लिए अब दूसरी जगह दी गई है।

यहां गांव की प्रधान के पति आशीष कुमार ने मजदूरों को भवन के अंदर रहने की जगह दी थी। जिससे बच्चों को बाहर बैठाया गया था। 13 फरवरी को सुबह करीब 11:30 बजे गांव महुआ पिमई के उच्च प्राथमिक विद्यालय में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यकत्री द्रौपदी परिसर में बैठाकर बच्चों को पढ़ा रही थी। मगर सहायिका मौजूद नहीं थी। आंगनबाड़ी भवन में मजदूरों का सामना रखा हुआ था। कार्यकत्री द्रौपदी से पता चला था कि प्रधान पति आशीष कुमार ने मजदूरों को यहां रहने के लिए कह दिया है। जबकि प्रधान पति आशीष कुमार का कहना था कि भवन में अतिरिक्त कक्ष होने के चलते शिफ्ट कर दिया था। मगर बच्चों की पढ़ाई और शिक्षा के प्रति इसका गहरा असर पड़ रहा था। 14 फरवरी को अमृत विचार के अंक में खबर छपने के बाद इस मामले को अधिकारियों ने संज्ञान में लिया था। इसके बाद मजदूरों का सामान आंगनबाड़ी केंद्र से हटा दिया गया और अपनी सुरक्षा में मजदूर दूसरी जगह रहने चले गए।


मजदूरों से खाली कराया गया महुआ पिमई का आंगनबाड़ी केंद्र।


आंगनबाड़ी में भरा मजदूरों का सामान, बच्चे बैठ रहे बाहर
14 फरवरी के अंक में प्रकाशित खबर।

# निबंध में उपासना, चित्रकला में पंचवती पहले नंबर पर रहीं



पुरस्कार के साथ प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: रोजा थर्मल पॉवर के परियोजना प्रभावित गांवों में शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए बच्चों के बीच अंतर विद्यालयी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राथमिक विद्यालय परमाली में आयोजित प्रतियोगिता में क्षेत्र के नौ प्राथमिक विद्यालयों के 27 बच्चों ने भाग लिया।

निबंध प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय परमाली की छात्रा उपासना ने प्रथम, कनेंग की आशी ने द्वितीय और दिलावरपुर देवकली की सिमरन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला में परमाली स्कूल की छात्रा पंचवती ने प्रथम, बेहटी की मानवी ने द्वितीय और जैनुद्दीन नगर की काजल ने तृतीय स्थान पाया। इसी तरह भाषण में गुंवारी स्कूल की कौशिकी ने प्रथम, दिलावरपुर देवकली की सक्षम ज्योति ने द्वितीय एवं परमाली की आयशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। परियोजना के सीएसआर प्रमुख कुमार अवनीश, राजीव कुमार सिंह, विनोबा सेवाश्रम से अंकित कुमार मिश्रा,अरुण कुमार सिंह, शाइस्ता, छविपंत, नवनीत मिश्रा, सोनी, ललिता कुमारी, किशन कुमार आदि का योगदान रहा।

## आशा कार्यकर्ताओं ने एसडीएम सदर को सौंपा ज्ञापन

शाहजहांपुर, अमृत विचार: आशा वर्कर यूनियन ने विभिन्न मांगों को लेकर प्रधानमंत्री के नाम संबोधन ज्ञापन एसडीएम सदर को दिया। यूनियन की जिला अध्यक्ष कमलजीत कौर ने बताया कि आशा वर्करों से अन्य कार्य भी लिया जाता है। आशा वर्करों पर काम का बोझ बढ़ता जा रहा है। यूनियन की मांग हे कि आशा वर्करों को राज्य स्वास्थ्य कर्मी के रूप में मान्यता देकर उन्हें न्यूनतम वेतन, मातृत्व अवकाश, कार्य स्थलों में सुरक्षा की गारंटी दी जाए, राज्य कर्मचारी बीमा का सदस्य बनाया जाए, बिना पेंशन व ग्रेच्युटी के भुगतान किसी भी आशा वर्कर को सेवा से निवृत्त न किया जाए, दुर्घटनाओं में बीस लाख का मुआवजा दिया जाए, दस लाख रुपये स्वास्थ्य बीमा व पचास लाख रुपये का जीवन बीमा कवर दिया जाए, आशा व संगनियों का कार्य का घंटे निर्धारित किया जाए, साप्ताहिक अवकाश दिया जाए। ज्ञापन देने वालों में रविन्द्रा, साधना बाजपेयी, सरिता दीक्षित, कुसुम मिश्रा, संतोष कुमारी, सुशीला देवी, गायत्री देवी आदि मौजूद रहे।

# इनरव्हील क्लब की सदस्यों ने मनाया वसंतोत्सव


शहीद उद्यान में पिकनिक का आनंद लेतीं इनरव्हील क्लब की सदस्य। ● अमृत विचार

संवाददाता,शाहजहांपुर

अमृत विचार: इनरव्हील क्लब से जुड़ी महिलाओं ने वसंत पंचमी के उपलक्ष में शहीद उद्यान में रोचक गेम खेलकर खूब मौज मस्ती की।

अध्यक्ष नीलम गुप्ता के नेतृत्व में महिलाएं पीत वस्त्र धारण कर शहीद उद्यान में एकत्र हुईं। गुनगुनी धूप में हाउजी समेत कई प्रकार के मनोरंजक गेम का सभी ने आनंद लिया। बाद में महिलाओं ने स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठाया। सचिव रागिनी कपूर ने आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में आदर्श सक्सेना, सुनीता गर्ग, सुधा प्रसाद, रेनू अरोरा, माधुरी रस्तोगी, गीता गुप्ता, ममता अरोरा, अलका अरोरा, पूनम टंडन, विभा अग्रवाल, कंचन खन्ना, मधु कपूर, तृप्ति सक्सेना, रीना अग्रवाल, रेखा मोदी, अनीता गुप्ता, सुषमा सक्सेना, अनुराधा अग्रवाल, निधि मिश्रा, राजेंद्र कौर, ज्योति शर्मा आदि महिलाएं शामिल रहीं।

# महिलाओं के सम्मान को तत्पर रहती है भाजपा

संवाददाता, खुटार

अमृत विचार: ब्लॉक सभागार में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष निवेदिता श्रीवास्तव ने बताया कि नारी शक्ति वन्दन अभियान के अंतर्गत भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व व प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच से नारी शक्ति का लगातार मजबूत किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि नारी शक्ति को अग्रणी करने में भाजपा ही एक ऐसा दल है जो महिलाओं को बढ़-चढ़कर उनके मान सम्मान के लिए तत्पर रहती है और नारी शक्ति को बढ़ावा दे रही है। इस दौरान कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रंजना सोलंकी क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष ब्रज क्षेत्र, खुटार भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शंकर अवस्थी सोनू , पुवायां भाजपा मंडल अध्यक्ष ग्रामीण विपिन शुक्ला ने भी नारी वंदन अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में विनोद वर्मा, विवेक सिंह, देव पटेल, निशा देवी, रीता देवी, सारिका पांडेय मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन हरिओम मिश्र ने किया।


कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को श्री कृष्ण और मीरा भक्ति का चित्र भेंट करते भाजपा पदाधिकारी।

**नारी शक्ति वन्दन अभियान कार्यक्रम आयोजित**

### चयनित छात्रों के प्रमाण पत्र ऑनलाइन जारी

लखीमपुर खीरी। मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी लखनऊ मंडल डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने चयनित छात्र छात्राओं के प्रमाण पत्र ऑनलाइन उपलब्ध करवा दिए हैं। इन चयनित छात्र छात्रा की फ़ोटो सहित प्रोत्साहन राशि दस हज़ार का भी उल्लेख किया गया है।

# नोडल अधिकारियों की भूमिका और कर्तव्यों के बारे में बताया

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**नदी-आद्रभूमि स्वास्थ्य आकलन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन**

अमृत विचार: जिला गंगा समिति एवं नोडल अधिकारी (गंगा ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान) के लिए द्वितीय चरण की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजन सीडीओ एसबी सिंह के निर्देशन में डब्लूडब्लूएफ इंडिया की ओर से किया गया। डब्लूडब्लूएफ के समन्वयक डॉ. मोहम्मद आलम ने नोडल अधिकारियों की भूमिका और कर्तव्यों के बारे में बताया।

उन्होंने स्वास्थ्य नदी के मूल्य, महत्व, पहचान, नदी स्वास्थ्य आकलन उद्देश्य व घटकों के बारे में अवगत कराया। डब्लूडब्लूएफ इंडिया की सहायक समन्वयक योगिता सिंह ने आद्र भूमि संरक्षण व प्रबंधन के लिए आद्रभूमि के रोचक तथ्यों, फायदों, कार्य प्रणाली, पारिस्थितिकी तंत्र सेवाएं, वर्तमान स्थिति, भारत में आद्रभूमि संरक्षण की स्थिति, आद्रभूमि स्वास्थ्य आकलन मॉड्यूल, प्रक्रिया आदि के बारे में बताया। जिला विकास अधिकारी पवन कुमार सिंह ने प्रधानों व ग्रामीण क्षेत्र में कार्य कर रहे सभी विभागों को जागरूकता लाने के लिए नदी स्वास्थ्य आकलन को समूह के माध्यम से ग्रामीण स्तर तक पहुंचाने की बात कही। जिससे कि लोग जागरूक होकर नदियों के संरक्षण में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। जल गुणवत्ता किट के माध्यम से लगातार अवलोकन कर नदी के जल में प्रदूषण स्तर को मापा जा सके। उप प्रभागीय वनाधिकारी डॉ. सुशील कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यशाला के तहत समिति के समस्त सदस्य, गंगा ग्राम पंचायत पैलानी उत्तर, जहानाबाद खमरिया, मोहनपुर कलुआपुर, हेतमपुर, एत्मादपुर चक के प्रधान, नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवक व गंगा समग्र के कार्यकर्ता आदि रहे।

# आईएमए के सचिव डॉ. गौरव की दादी का निधन

शाहजहांपुर, अमृत विचार : इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सचिव डॉ. गौरव मिश्रा की दादी श्यामा देवी का शुक्रवार तड़के निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार घटियाघाट गंगा तट पर किया गया। श्यामा देवी डॉ. सत्य प्रकाश मिश्र व डॉ. आनंद प्रकाश मिश्र मां थीं, जो काफी समय से बीमार चल रही थीं। शुक्रवार तड़के उन्होंने शहर के वृंदावन गार्डन स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। इसका पता लगने पर बड़ी संख्या में चिकित्सक और विशिष्टजन उनके आवास शोक संवेदना व्यक्त करने जा पहुंचे। इनमें आईएमए अध्यक्ष डॉ. विजय पाठक, डॉ. यूडी कपूर, डॉ. परविंदर सिंह, डॉ. अंकित अग्रवाल, डॉ. अनुज गोयल, डॉ. रमाकांत, डॉ. बृजेंद्र सक्सेना, डॉ. अनूप अग्रवाल, तरुण अग्रवाल, डॉ. विवेक गुप्ता, केशव चंद्र मिश्र, अजय गुप्त, डॉ. केके शुक्ला, रवि कुमार, डॉ. जैन, डॉ. पीके अग्रवाल, डॉ. सोम शेखर दीक्षित, डॉ. संजय पाठक, डॉ. रिजवान, रवि मिश्रा शामिल रहे। इधर, अभिव्यक्ति नाट्य मंच की ओर से आयोजित शोकसभा में शमीम आजाद, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, अरविंद चोला, शालू यादव, राजेश भारती, ऋषिकांत, अंकित त्रिवेदी, अनुराग मोनू, ऊषा सक्सेना, रिजवान सिद्दीकी, शिवम सिंह, शैलेंद्र, नेहा अलवी, विकास भारती, अंकुर, देवा, अरुण, रोहित, अभय, हर्षवीर, देवा मिश्रा आदि ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगतों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

मुफ्त स्वास्थ्य शिविर
VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, जिला शाहजहाँपुर द्वारा
नाक, कान, गला रोग विभाग
दूरबीन द्वारा मुफ्त नासूर की जाँच एवं ऑपरेशन (बिना चीरे के)
दिनांक 19.02.2024 से 29.02.2024 तक
समय : प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक
शिविर में आये हुए मरीजों के लिए उपलब्ध सुविधायें
- ब्लड शुगर मुफ्त • आँख की सिरिंजिंग मुफ्त
- खून की जाँच (CBC) मुफ्त
- गुर्दे की जाँच (KFT) व लीवर की जाँच (LFT) मुफ्त
- दूरबीन से नासूर की जाँच एवं ऑपरेशन मुफ्त (दवाईयों का खर्च अतिरिक्त)
- CT Scan 50% छूट पर
- SERUM ELECTROLYTE 50% छूट पर
- VIRAL MARKERS (एच.आई.वी., एच.सी.वी., हेपेटाइटिस बी) 50% छूट पर




निम्न रोगों का मुफ्त परामर्श :-
- आँखों से ज्यादा आँसू बहना, नासूर में ब्लॉकेज, आँख के पास सूजन/आँख से मवाद आना।

ओ.पी.डी. पंजीकरण शुल्क मात्र 50/- रुपये
पर्चा बनवाने के लिए OPD पंजीकरण काउंटर नं. 61 पर जायें।
स्थान : कमरा नं. 248 नाक, कान एवं गला रोग ओ.पी.डी.
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
Mob. 7521001988, 7521001989

VAMCRH SHAHJAHANPUR
मुफ्त स्वास्थ्य मेला
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, जिला शाहजहाँपुर द्वारा
20 फरवरी 2024, मंगलवार
समय : प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
कैम्प स्थान
अग्रवाल धर्मशाला
तिलहर, शाहजहाँपुर
में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निम्न रोगों का कैम्प में मुफ्त इलाज किया जायेगा।
सामान्य रोग, हृदय रोग, सर्जरी (शल्य) रोग, नेत्र रोग, हड्डी रोग, नाक, कान एवं गला रोग, छाती एवं श्वास रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, चर्म रोग, मानसिक रोग तथा कैंसर रोग आदि।
कैम्प में आये मरीजों के लिये उपलब्ध निःशुल्क सुविधायें
• पंजीकरण मुफ्त • परामर्श मुफ्त • सामान्य दवाईयां मुफ्त • दिल की जाँच (ECG) मुफ्त
• ब्लड शुगर की जाँच मुफ्त • ब्लड प्रेशर की जाँच मुफ्त हड्डी की जाँच (BMD) मुफ्त।
कैम्प के द्वारा अस्पताल आने पर मरीजों के लिए मुफ्त सुविधायें
- खून की जाँच C.B.C. (T.L.C., D.L.C., E.S.R., Hemoglobin, Platelets)
- लीवर की जाँच L.F.T. (Serum Bilirubin, SGOT, SGPT, S.Alkaline Phosphatase)
- गुर्दे की जाँच K.F.T. (Serum Urea, Serum Creatinine)
- हृदय की जाँच E.C.G. द्वारा। • डायबिटीज की जाँच (Blood Sugar Random)
- भर्ती एवं पलंग मुफ्त। • ऑपरेशन मुफ्त। (ऑपरेशन थियेटर एवं दवाईयों का खर्च अतिरिक्त)
- मोतियाबिन्द के मरीजों की भर्ती, ऑपरेशन, लैन्स, सामान्य दवाईयाँ व खाना मुफ्त।
- बच्चों एवं माताओं के लिए मुफ्त टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध।
दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में 1 वर्ष के लिये उपलब्ध है।
अन्य सुविधायें:
1. अस्पताल में प्रसव कराने पर जननी को 1000/- रुपये की सहायता राशि एवं प्रसव को लाने पर 700/- रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।
2. ब्लड बैंक, आई.सी.यू. व वेंटीलेटर की सुविधा 24 घंटे सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
4. मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मात्र 400 रुपये, एक्सरे मात्र 150 रुपये, ई.सी.जी. मात्र 50 रुपये।
5. सी.टी. स्कैन, एम.आर.आई, मैमोग्राफी व डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध।
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।
सौजन्य से :
अग्रवाल सेवा समिति, तिलहर, शाहजहाँपुर
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें- Mob. 7521001988, 7521001989




# जागे अधिकारी...महुआ गांव में चला सफाई अभियान

## नालियों से कीचड़ और रास्तों पर भरा गंदा पानी निकलवाया, सार्वजनिक शौचालय में कराई गई सफाई

**खबर का असर**

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव महुआ पिमई में फैली गंदगी और रास्तों पर भरे गंदे पानी व कीचड़ से ग्रामीण परेशान थे। यहां की दुर्दशा पर 15 फरवरी को अमृत विचार में खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई। इसके बाद अधिकारियों की नींद टूटी। शुक्रवार को गांव महुआ पिमई में सफाई अभियान चलाया गया। खंड विकास अधिकारी वीरेंद्र मिश्रा ने गांव में सफाई कर्मियों को भेजकर सफाई व्यवस्था सही कराई गई। इसके अलावा सामुदायिक शौचालय में लटक रहे ताला खुलवा दिया और सफाई व्यव स्था को दुरुस्त कराई है।

**▸▸ अमृत विचार में खबर छपने के बाद लिया गया संज्ञान**


महुआ पिमई गांव में सफाई करते कर्मचारी। ● अमृत विचार



सरकारी स्कूल के पास सफाई करते कर्मचारी।


टूटा पड़ा नालिया...सड़कों पर भरे गंदे पानी से ग्रामीण परेशान

15 फरवरी के अंक में प्रकाशित खबर।

**फटकार के बाद खुला पंचायत घर**

गांव महुआ पिमई में पंचायत घर बंद रहता था। इसमें जिम्मेदार बैठने की जगह ताला लगा रहता था। गांव के लोगों की समस्या समय रहते सुलझ नहीं पा रही थी। इस मामले में अमृत विचार अखबार में खबर छपने के बाद अधिकारियों ने मामले को संज्ञान में लिया और फटकार लगाई। शुक्रवार को पंचायत घर खोला गया। लेकिन इसमें पंचायत सहायिका उजाला देवी बैठी मिली।

## एफआईआर निरस्त कराने की मांग

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला ताजूखेल निवासी श्याम मोहन ने एसपी को पत्र देकर निष्पक्ष जांच कराकर एफआईआर निरस्त कराने की मांग की है। एसपी को दिए गए पत्र में कहा है कि 12 फरवरी को उसके एक रिश्तेदार के यहां शादी था। उनकी गैर मौजूदगी में एक व्यक्ति ने उसके पुत्र आकाश की कुछ लोगों से कहासुनी हो गई। विवाद होता देख उसकी बेटी मीनाक्षी भाई आकाश को ले जाने लगी। आरोपी लड़की और उसकी सहेली उनके दोनों बच्चों को गालियां देने लगी। जिसका विरोध करने पर आकाश और मीनाक्षी के साथ मारपीट की। सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंची और मामले को शांत किया। इसके बाद आरोपी लड़की ने थाना आरसी मिशन में तहरीर देकर उसके पुत्र आकाश, पुत्री मीनाक्षी और भतीजी ज्योति पर मारपीट, छेड़छाड़ और एस-एसटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज करवा दी।

## जलापूर्ति नियमित रूप से की जाए


घंटाघर में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते नगर आयुक्त कामता प्रसाद सिंह।

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** नगर आयुक्त कामता प्रसाद सिंह ने शुक्रवार सुबह घंटाघर और अजीजगंज में सफाई व जलापूर्ति व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वच्छता कर्मियों की ओर से किए जा रहे सफाई कार्य की स्थिति को देखा। निर्देशित किया कि महानगर में सफाई व्यवस्था के कार्य को सर्वोत्तम रखने के लिए प्रतिदिन अपने ड्यूटी स्थल पर उपस्थित होकर कार्य करें। जिससे महानगर साफ एवं स्वच्छ रह सके। साथ ही जलापूर्ति की व्यवस्था की भी जानकारी की गई। लोगों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के साथ-साथ जलापूर्ति नियमित रूप से की जाए। इस दौरान नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. मनोज कुमार मिश्रा, सहायक अभियंता जलकल प्रेम चंद्र आर्य आदि मौजूद रहे।

# जंगल में पेड़ काटने के आरोप में दो लोग गिरफ्तार

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार :** छापाबोझी बीट जंगल में कोरो का पेड़ काटने के मामले में शुक्रवार को पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि एक आरोपी अभी फरार है। पुलिस ने मौके से कुछ लकड़ी भी बरामद की है। पुलिस लिखापढ़ी कर शनिवार को आरोपियों को जेल भेजेगी।

छापाबोझी बीट जंगल में पांच फरवरी की शाम कुछ लोग लकड़ी काटने गए थे। जंगल में कुल्हाड़ी से कोरो की लकड़ी काटी गई थी। लकड़ी के कई बोटा बना लिए गए थे। रेंजर को सूचना मिली थी कि जंगल से लकड़ी काटकर तस्कर ले जाने का प्रयास कर रहे थे। रेंजर ने वन रक्षक संतोष गौण और अन्य वनकर्मियों को मौके पर भेजा था। वन कर्मियों ने गांव नरौठा देवीदास निवासी अनिल गिहार, रमेश गिहार, राकेश गिहार को पकड़ लिया था। लेकिन अंधेरा का फायदा उठाकर फरार हो गए थे। वन कर्मियों ने साइकिल और लकड़ी को कब्जे में लेकर वन रेंज कार्यालय मैलानी ले गए थे। छह फरवरी को फॉरेस्ट गार्ड संतोष गौड़ की ओर से खुटार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

**▸▸ पांच फरवरी को छापाबोझी जंगल में काटी गई थी लकड़ी**

**▸▸ फॉरेस्ट गार्ड ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट**

शुक्रवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी अनिल गिहार व रमेश गिहार को पकड़ लिया है। एक आरोपी राकेश गिहार पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सका है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों को शनिवार को जेल भेजा जाएगा।


गिरफ्तार आरोपियों से बरामद की गई लकड़ी। ● अमृत विचार

### सिहुरा में पेड़ कटान में 11 आरोपी अभी फरार

सिहुरा बीट जंगल में 11 पेड़ कोरो के काटने के मामले में अभी भी 11 आरोपी फरार चल रहे है। इस मामले में तीन आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। हालांकि वन विभाग और पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। इसके बावजूद अभी कोई सुराग नहीं लग पाया है।

> दो आरोपियों को लकड़ी कटान के मामले में गिरफ्तार किया गया है। जिनसे पूछताछ की जा रही पूछताछ के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
>
> – **संजय कुमार**, थानाध्यक्ष खुटार

## बेटी के मुंडन की थी तैयारी, हादसे में चली गई दंपति की जान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** थाना फूलबेहड़ क्षेत्र में बसैगापुर सिसौरा मार्ग पर अज्ञात वाहन ने गुरुवार की देर शाम बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार दंपती गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां दोनों की मौत हो गई। दंपती अपनी इकलौती बेटी के मुंडन संस्कार का निमंत्रण कार्ड देकर वापस घर आ रहे थे।

थाना फूलबेहड़ क्षेत्र के गांव सिसौरा निवासी राजू (28) की इकलौती पुत्री आरोही (5) का 22 फरवरी को मुंडन होना था। वह अपनी पत्नी लक्ष्मी देवी (25) के साथ गुरुवार को गांव बसही निवासी अपने फूफा महेश के घर मुंडन संस्कार का कार्ड देने गए थे। वापस आते समय देर शाम करीब आठ बजे बसैगापुर सिसौरा मार्ग पर गांव सलारपुर के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक समेत पति-पत्नी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनकी बाद में मौत हो गई।

# कटरा में ओवरब्रिज के लिए जमीन का अधिग्रहण कार्य शुरू

संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** कटरा में उखरी मार्ग पर रेलवे फाटक संख्या 341 पर ओवरब्रिज हेतु भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही शुरु की गई है। फाटक के आस-पास बने भवनों को तोड़ने के लिए राजस्व विभाग की टीम चिन्हित किया है।

नायब तहसीलदार मनु माथुर, भू राजस्व निरीक्षक अजीत प्रताप, लेखपाल कमलेश मिश्रा उप्र राज्य सेतु निगम के जूनियर इंजीनियर मोहम्मद आजम एवं रेलवे कर्मचारी पहुंचे। टीम ने स्टेशन मार्ग के किनारे 28 मीटर चौड़ाई में ओवरब्रिज के लिए भूमि अधिग्रहण के लिए पैमाइश की। भवनों पर लाल निशान लगाए गए। भूलेख निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह ने अतिक्रमण हटाने के लिए पहले नोटिस दिया जाएगा। नोटिस के बाद तीन दिन का समय दिया जाएगा।


इसी रेलवे फाटक पर बनेगा ओवरब्रिज। ● अमृत विचार




### देशी बंदूक व ब्राउन शुगर बरामद, दो को पकड़ा

**पलिया कलां।** मझगईं थाना पुलिस ने एक अभियुक्त को जहां अवैध देशी बंदूक, कारतूस सहित गिरफ्तार किया, वहीं दूसरे अभियुक्त को ब्राउन शुगर सहित गिरफ्तार कर चालान भेजा है। मझगईं थाना प्रभारी अवध राज सिंह सेंगर ने बताया कि उपनिरीक्षक शैलेंद्र प्रताप सिंह आदि ने गस्त के दौरान अभियुक्त जगन्नाथ निवासी ग्राम मुन्नापुरवा, मझगईं को उनके गांव के पास एक सूचना पर देशी बंदूक 12 बोर के साथ पकड़ा। उधर, पलिया-निघासन रोड पर गहरा पुल के पास थाना कोतवाली गोला गोकर्णनाथ के ग्राम भुड़वारा निवासी सलमान खान को जब हिरासत में लेकर जामा तलाशी ली तो उसके पास एक काली पॉलीथिन में 9 .20 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई।

## बस कंडक्टर की नौकरी लगवाने के नाम पर 1.25 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** रोडवेज विभाग में बस कंडेक्टर की नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। आरोप है कि दो युवकों ने उनके साले की नौकरी लगवाने के बहाने 1.25 लाख रुपये ले लिए।

सदर कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। शहर से सटे गांव पिपरिया राजापुर निवासी शिवसरन राज ने बताया कि उनके परिचित अभिषेक तिवारी निवासी राजगढ़ व मोतीपुर (ओयल) निवासी ऋषि अवस्थी ने उसके साले नीरज निवासी पिपरिया राजापुर से रोडवेज में बस कंडक्टर की नौकरी लगवाने के नाम पर लेटर ऑफ कांट्रेक्ट पेपर देकर 1.25 लाख रुपये ले लिए। 50 हजार और मांगे। पेपर फर्जी लगने पर उन्होंने अपने रुपये वापस मांगे। तब दोनों लोग आज-कल कहकर टालते रहे। आरोप है कि ऋषि अवस्थी ने एक लाख रुपये का चेक इंडियन बैंक शाखा मोतीपुर का दिया था, लेकिन खाते में रुपये नहीं थे।

# मंगोलिया में पाई जाने वाली मरेका फाल्कटा दुधवा में पहली बार दिखी

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचार:** दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग की किशनपुर रेंज में गुरुवार को यूपी ग्रासलैंड प्रोजेक्ट पर कार्य करते हुए दि हैविटेट्स ट्रस्ट की टीम को झादी ताल में पहली बार दुर्लभ प्रवासी पक्षी फाल्कैटेड डक (मरेका फाल्कटा) दिखाई दी है।

दुधवा टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. रंगा राजू टी ने बताया कि हैविटेट ट्रस्ट टीम के कौशिक सरकार व हरिषा एएस ने झादी ताल में जब अन्य प्रवासी पक्षियों के साथ मरेका फाल्कटा को देखा तो वह खुशी से उछल पड़े। क्योंकि मंगोलिया और साइबेरिया जैसे ठंडे देशों में प्रजनन करने वाली इस प्रजाति के पक्षी को दुधवा टाइगर रिजर्व में पहली बार देखा गया था। उन्होंने कहा कि इस दुर्लभ प्रवासी पक्षी का संरक्षण आवश्यक है। संरक्षण न किए जाने पर यह पक्षी यहां खतरे में पड़ सकती है।

इसको वर्ल्ड लाइफ इंटरनेशनल द्वारा नियर थ्रिएटेंड श्रेणी में रखा गया है। उन्होंने यह भी बताया कि डीटीआर प्रभाग के किशनपुर रेंज के झादी ताल में इस प्रजाति के पक्षी को पाए जाने से यह स्पष्ट हो गया है की झादी ताल प्रवासी पक्षियों के लिए उपयुक्त एवं सुरक्षित वासस्थल है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से यह अपील भी की है कि यदि किसी व्यक्ति को कोई विशेष प्रकार का पक्षी दिखाई दे तो उसकी सूचना वन विभाग को अवश्य दें।


फाल्कैटेड डक (मरेका फाल्कटा)।

# इंडो-नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने को बढ़ेगी संयुक्त पेट्रोलिंग

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पिलर्स की सुरक्षा और निगरानी के लिए हुई बातचीत, कई बिंदुओं पर भी की गई चर्चा
- कमिश्नर और आईजी ने की इंडो-नेपाल सीमा की सुरक्षा संबंधी बैठक

**अमृत विचार :** इंडो-नेपाल सीमा पर तस्करी पर पूर्णतया रोक लगाने के लिए नेपाल के अधिकारियों संग बैठक करने के साथ ही संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग बढ़ाई जाएगी। कमिश्नर और आईजी बरेली ने बैठक कर पुलिस-प्रशासन और एसएसबी के अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान पिलर्स की स्थिति जानी और उनकी सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

गांधी सभागार में कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, आईजी डॉ.राकेश सिंह की अध्यक्षता में इंडो-नेपाल सीमा के प्रभावी प्रबंधन एवं नियंत्रण के लिए टास्क फोर्स की बैठक शुक्रवार को हुई। इसमें सीमावर्ती इलाके से संबंधित पिलर्स की मरम्मत, संयुक्त पेट्रोलिंग, जाली मुद्रा, मानव तस्करी, खाद तस्करी, वाहन चोरी आदि मामलों के साथ ही अन्य आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण करने के संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग के निर्देश दिए। कमिश्नर और आईजी ने कहा कि अभियान चलाकर तस्करी पर शत प्रतिशत रोक लगाई जाए। एसडीएम पूरनपुर, एसडीएम कलीनगर, खुफिया विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नेपाल राष्ट्र के सीडीओ व पुलिस अधीक्षक से संपर्क कर मीटिंग करें। सीमावर्ती क्षेत्र में, जो भी गतिविधियों हो रही हो, उन पर चर्चा करें और रोक लगाई जाए। एसपी अतुल शर्मा को निर्देश दिए कि गांवों में कैंप लगाकर गतिविधियों के बारे में जानकारी ली जाए। ग्रामीणों की समस्याओं को सुनें और निस्तारण कराएं। इसमें बताया गया कि टावरों पर बैटरी की सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है। एसएसबी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नोमेंस लैंड इलाके में खेती करने वालों पर रोक लगाएं। एसएसबी के अधिकारियों ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्र में कई पिलर्स जीर्णशीर्ण अवस्था में हैं, जो कि मरम्मत योग्य हैं। ऐसे में पिलर्स की नियमित निगरानी और सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने आश्वस्त करते हुए कहा कि कड़ाई से निर्देशों का अनुपालन कराया जाएगा। इस मौके पर डीएफओ टाइगर रिजर्व नवीन खण्डेलवाल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ऋतु पूनिया, अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया, एसडीएम कलीनगर आशुतोष गुप्ता, एसडीएम पूरनपुर राजेश शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# पौत्र की शादी की सालगिरह मनाकर लौट रही वृद्धा की सड़क हादसे में मौत

## जेठा पुलिया के पास जंगल में अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई थी कार

संवाददाता, दियोरियाकलां

**अमृत विचार:** शादी की सालगिरह मना कर वापस लौट रहे परिवार की कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में एक वृद्धा की मौत हो गई, जबकि अन्य को मामूली चोटें आईं। परिजन ने बिना पुलिस कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया है। हादसे के बाद परिवार में चीख पुकार मची रही।

कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपराही निवासी तौलेराम परिवार के साथ अपने बेटे अजय पाल की शादी की सालगिरह मनाने के लिए गुरुवार को पीलीभीत गए थे। देर रात कार से वापस आते वक्त रास्ते में जेठा पुलिया के पास जंगल में पहुंचते ही कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार में सवार तौलेराम की मां 90 वर्षीय चंपा देवी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार में सवार अजय पाल, कार चला रहे उनके भाई भरत घायल हो गए। इसकी सूचना मिलने पर परिवार के अन्य सदस्य भी मौके पर पहुंचे।

घायलों को अस्पताल ले जाकर इलाज कराया। वहीं, वृद्धा के शव का दूसरे दिन शुक्रवार को गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया गया। बता दें कि अजय पाल बेसिक शिक्षा विभाग में अध्यापक हैं। वह पीलीभीत में ही रहते हैं। उन्हीं की शादी की सालगिरह पर गांव से परिवार के लोग शामिल होने पीलीभीत गए थे और वापस लौटते वक्त हादसा हो गया जिसमें चीख पुकार मची रही।

### असम हाईवे पर पीएचसी गजरौला के पास टकराई दो कार



**गजरौला।** असम हाईवे पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गजरौला के सामने दो कारों में टक्कर हो गई। हादसा शुक्रवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे हुआ। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। इस दौरान मौके पर भीड़ लगी रही। दोनों कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। बताते हैं कि सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के नौगवां पकड़िया निवासी संजीव कुमार पुत्र साधूराम कार से गजरौला थाना क्षेत्र के शिव नगर जा रहे थे। कस्बा गजरौला में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने पहुंचते ही पूरनपुर की तरफ से आ रही कार से उनकी टक्कर हो गई। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। कस्बा इंचार्ज कमलेश यादव ने बताया कि चार लोग घायल हुए थे। उन्हें अस्पताल भिजवा दिया गया था। घायलों के परिवार वाले भी आ गए थे। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### बाइकों की टक्कर में दो घायल, दी तहरीर

**दियोरिया।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नौगवां नवीनगर निवासी अमर सिंह अपने साथी दीनानाथ 13 फरवरी को ग्राम अंडाह जा रहे थे। उधर, बिलसंडा निवासी कालीचरन अपने दो अन्य साथियों के साथ बाइक पर आ रहे थे। बताते हैं कि रास्ते में दोनों बाइक आपस में टकरा गई। हादसे में अमर सिंह और दीनानाथ घायल हो गए। जबकि दूसरी बाइक पर सवार कालीचरन व उसके साथी भाग गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिलसंडा पर भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया गया। जिसके बाद दोनों घायलों को परिजन ने बरेली के एक अस्पताल में भर्ती कराया। अब मामले की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कच्ची शराब में यूरिया मिलाते युवक गिरफ्तार

**पीलीभीत, अमृत विचार:** कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति को कच्ची शराब में यूरिया मिलाते धर दबोचा। कोतवाल नरेश त्यागी ने बताया कि दरोगा अजीत सिसोदिया पुलिस बल के साथ गुरुवार को गश्त पर थे। तभी राजघाट पार्क और कब्रिस्तान के बीच देवहा नदी की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर दबिश दी गई।

# इंस्टाग्राम पर की दोस्ती, राजस्थान ले जाकर किया सामूहिक दुष्कर्म

संवाददाता, बीसलपुर

**अमृत विचार :** अनुसूचित जाति की युवती ने आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं संग सीओ कार्यालय पहुंचकर कुछ लोगों पर सामूहिक दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो बनाने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई। जेवर-नगदी भी छीनने का आरोप लगाया है। सीओ बीसलपुर को दिए शिकायती पत्र में क्षेत्र की एक युवती ने बताया कि इंस्टाग्राम पर उसकी पहचान बरेली के एक युवक से हो गई थी। खाटू श्याम राजस्थान ले जाने के बहाने से 31 दिसंबर 2023 को फोन करके बरेली सेटेलाइट पर बुलाया। घर से जाते समय वह अपनी मां की 10 ग्राम की सोने की चेन, दो सोने की अंगूठी, कान के कुंडल और 18 हजार रुपये ले गई थी। राजस्थान पहुंचकर युवक ने अपने साथ शादी करने का झांसा दिया। वहीं अपने दो साथियों को बुलाकर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बना लिया। विरोध करने पर मारपीट की और नगदी जेवर भी छीन लिया। फिर वापस बरेली सेटेलाइट लाकर उसे डरा धमकाकर छोड़ दिया। युवती के साथ आजाद समाज पार्टी के मंडल उपाध्यक्ष नईम रजा भी अन्य कार्यकर्ताओं संग पहुंचे और सख्त कार्रवाई की मांग की। सीओ विशाल चौधरी का कहना है किजांच के आधार पर कार्रवाई कराएंगे।

# दम तोड़ रहा बांसुरी उद्योग, 50 से ढाई लाख रह गई खपत

सुनील यादव, पीलीभीत

**अमृत विचार:** पीलीभीत की बांसुरी महज एक रोजगार का माध्यम ही नहीं बल्कि एक विरासत भी है, लेकिन बदलते वक्त के साथ अब इसके सुर भी बिखरते जा रहे हैं। बांसुरी नगरी कहे जाने वाली पीलीभीत की बांसुरी को उम्मीद थी कि ओडीओपी योजना में शामिल होने के बाद बांसुरी कारीगरों के घरों में सिमटे इस कुटीर उद्योग को फिर से नई पहचान मिलेगी, लेकिन पांच साल बाद बीतने के बाद इनकी उम्मीदें अब टूटती नजर आ रही है। पिछले छह माह की बात करें तो यह कारोबार अर्श से फर्श पर आ पहुंचा है। कारोबारियों की मानें तो बांसुरी बिक्री का कोई बड़ा प्लेटफार्म न होने की वजह से बांसुरी कारोबार अब खत्म होने के कगार पर आ चुका है।

प्रदेश के औद्योगिक स्वरूप का विकास करने के लिए सरकार ने वर्ष 2018 में एक जिला एक उत्पाद योजना शुरू की थी। हर जिले में वहां के विशेष उत्पाद को बढ़ावा देने के लिए एक उत्पाद का चयन किया गया। शासन ने बांसुरी नगरी में बांसुरी को चुना। बांसुरी उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बांसुरी कारोबारियों को 25 लाख रुपये तक का ऋण देने की बात कही गई थी। यह दीगर बात है कि इससे जुड़े कारोबारियों को बैंकों से महज दो लाख तक का कर्ज ही मिल सका। तमाम समस्याओं से जूझते हुए कारोबारियों ने जैसे-तैसे कारोबार को बढ़ाया, लेकिन साल भर से बांसुरी कारोबार निरंतर घटता जा रहा है। कारोबारियों के मुताबिक करीब छह माह पहले तक जिले से 50 लाख से अधिक बांसुरियों की खपत देश भर में होती है, जो अब घटकर महज दो से ढाई लाख पर आ टिकी है। कारोबारियों का कहना है कि अन्य उत्पादों की बिक्री के लिए प्लेटफॉर्म है, मगर बांसुरी के लिए कहीं भी कुछ नहीं है। ऑनलाइन मार्ट के माध्यम से बिक्री की व्यवस्था की गई, लेकिन यह सिर्फ नाम भर है। यदि यही हालात रहे तो एक शताब्दी से अधिक का सफर तय कर चुका यह कारोबार चार-पांच साल के भीतर खत्म हो जाएगा।



बांसुरी बनाते शादाब। ● अमृत विचार



शहर के मोहल्ला बुजकसावान में पहले हर तरफ बांसुरी ही बांसुरी दिखती थी। कोई सरकारी मदद न मिलने की वजह से 150 से अधिक परिवार यह काम छोड़कर अन्य काम करने लगे हैं। दो बार आवेदन करने का प्रयास किया था लेकिन इतने कागजात मांग लिए गए कि कर्ज लेने का फैसला वापस लेना पड़ा। मजबूरी में एक साथ कई ऑर्डर लेते हैं तो घर का गुजारा होता है। उसमें भी पूरा परिवार जुटता है। बैंकों से कर्ज तक नहीं मिलता। – **हुमायुं**, बांसुरी कारीगर

“ओडीओपी योजना के तहत बांसुरी से जुड़े कई कारोबारियों को विभाग के माध्यम से बैंकों से ऋण दिलाया गया है। ऑनलाइन बिक्री के लिए ओडीओपी मार्ट की व्यवस्था की गई है। कारोबारियों से संपर्क कर उन्हें होने वाले ट्रेड शो में भी शामिल कराया जाता है।
– **आत्मदेव शर्मा**, उपायुक्त, उद्योग



कारोबार निरंतर गिरता जा रहा है। कारोबार बढ़ाने को दावे किए गए, लेकिन धरातल पर स्थिति बिल्कुल इतर है। बड़े-बड़े ट्रेड शो में बुलाया जाता है, मगर वहां काउंटर लगाने के नाम पर 20 से 70 हजार रुपए तक लिए जाते हैं। हालांकि कुछ पैसा वापस करने की बात कही जाती है। जैसे-तैसे काउंटर लगा भी लें तो नाम मात्र की बिक्री है। ऑनलाइन बिक्री के लिए ओडीओपी मार्ट पर रजिस्ट्रेशन भी है, लेकिन वह भी कारगर साबित नहीं हो रहा। –**इकरार अहमद**, बांसुरी कारोबारी

### तत्कालीन डीएम ने बांसुरी में जान डालने के किए थे कई प्रयास



तत्कालीन डीएम पुलकित खरे में बांसुरी कारोबार में नई जान डालने के लिए कई प्रयास किए। बांसुरी कारोबारियों के घर जाकर उनकी समस्याएं सुनीं। बांसुरी के प्रोत्साहन को लेकर कई प्रयास किए। स्कूलों में बांसुरी वादन की कक्षाएं संचालित कराने की योजना बनाई। नेशनल बैंबू मिशन के तहत पांच हेक्टेयर में 3125 बांस के पौधे भी रोपे गए, ताकि बांसुरी बनाने में प्रयुक्त होने वाली बांस की प्रजाति का उत्पादन जिले में ही सके, लेकिन उनके ट्रांसफर के बाद कवायद ठंडी पड़ती चली गई।



बांसुरी तैयार करते बांसुरी कारीगर हूमायुं व उनका परिवार।

### कभी था एक करोड़ का टर्नओवर

कारोबारियों के मुताबिक बांसुरी बनाने को जिस क्वालिटी के बांस की आवश्यकता होती है, उसकी आपूर्ति शुरू से ही असम के सिल्चर से हुई। बांसुरी कारीगर नत्था शेख के बाद उनके बेटे अब्दुल नबी ने कमान संभाली। अब्दुल नबी के बेटों खुर्शीद अहमद, नवाब अहमद, शमशाद अहमद, इरशाद अहमद, इकरार अहमद ने नबी एंड संस फर्म बनाकर इस विरासत को विदेशों तक पहुंचाया। दशकों पूर्व इस कारोबार से 100 से अधिक कारोबारी और सैकड़ों कारीगर जुड़े थे। यहां की बांसुरी अहमदाबाद, भोपाल, हैदराबाद के अलावा श्रीलंका, अमेरिका, फ्रांस, डेनमार्क आदि में आपूर्ति की जाती थी। इन बांसुरियों की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 250 रुपये से 40,000 रुपए तक थी। इकरार अहमद के मुताबिक उनकी फर्म की बनी बांसुरी के मशहूर बांसुरी वादक हरिप्रसाद चौरसिया भी कायल थे। बांसुरी वादक रोनू मजुमदार एवं हर्षवर्धन बांसुरी लेने पीलीभीत तक आए थे। कारोबारियों के मुताबिक करीब ढाई दशक पहले जिले में बांसुरी कारोबारियों का करीब एक करोड़ रुपये का टर्न ओवर था। अब यह घटकर 40-50 लाख रुपये ही रह गया है।

# नहीं दिखा ग्रामीण भारत बंद का असर

**पूरनपुर (पीलीभीत),अमृत विचार :** संयुक्त किसान मोर्चा और ट्रेड यूनियन महासंघों के ग्रामीण भारत बंद की कॉल जिलेभर में बेअसर रही। रोजमर्रा की तरह किसानों ने अपने कामकाज निपटाए। खेती-किसान से जुड़े प्रतिष्ठान, जैसे खाद, पेस्टीसाइड विक्रेताओं की दुकानें खुली रहीं।

इस बीच अखिल भारतीय किसान महासभा ने जरूर पूरनपुर तहसील में विरोध प्रदर्शन किया। महासभा के राष्ट्रीय सचिव अफरोज आलम के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विरोध-प्रदर्शन कर नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी को मांगपत्र सौंपा। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन में मांग की गई कि सरकार ने किसानों से जो वादे किए थे, उन्हें पूरा किया जाए। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी का कानून बनाया जाए। किसानों का कर्ज माफ हो। मजदूर विरोध चार श्रमिक कोड रद किए जाएं। कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल करें। मनरेगा में 200 दिन काम और 600 रुपये की दिहाड़ी तय की जाए। किसान सम्मान निधि बढ़ाकर सालाना 18 हजार रुपये हो। महासभा ने ऐसी ही 12 मांगें उठाई हैं। हालांकि इस बीच स्थानीय प्रशासन ग्रामीण भारत बंदी की टोह लेने में जुटा रहा। अखिल भारतीय किसान महासभा के अलावा से कहीं से कोई विरोध के स्वर नहीं उठे। इस दौरान देवी दयाल समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जन औषधि केंद्र पर दवाएं नहीं, जेब करनी पड़ रही ढीली

**पीलीभीत।** मरीजों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के लिए केंद्र सरकार की ओर से जन औषधि केंद्र खोले गए जहां मरीजों को सस्ती दवा मिल सके। मगर मेडिकल कॉलेज में बने जन औषधि केंद्र की हालत बदहाल है। यहां दवाओं की उपलब्धता नहीं है। जिस वजह से मरीजों को बाहरी मेडिकल स्टोर से दवा खरीदनी पड़ रही है। जिस वजह से मरीजों के तीमारदारों को जेब ढीली करना पड़ रही है। आलम यह है कि आर्डर लगने के बाद भी दवाओं की सप्लाई अभी तक नहीं मिल सकी है। गंभीर बीमारियों के लिए बाहर से मंगाई जाने वाली दवाओं में मरीजों को कम से कम 50 फीसदी छूट दिए जाने के मकसद से मेडिकल कॉलेज कैंपस में वर्ष 2017 में जन औषधि केंद्र खोला गया है। यहां पर जेनेरिक दवाइयां मिलती हैं, जो ब्रांडेड कंपनियों की दवाइयों से काफी सस्ती हैं। जन औषधि केंद्र पर 1759 जेनेरिक दवा और 273 सर्जिकल आइटम उपलब्ध होने का दावा किया जाता है लेकिन धरातल पर जनऔषधि केंद्र पर दवाओं का टोटा बना हुआ है। नियम है कि ऑर्डर लगने के सप्ताह भर के भीतर दवा उपलब्ध हो जानी चाहिए। मगर जिले में ऐसा नहीं हो रहा है। वर्तमान बीपी, शुगर, कैल्शियम, मल्टीविटामिन, पैड, टायपर, प्रोटीन आदि की डिमांड 15 दिनों से पहले भेजी थी लेकिन अभी तक दवाओं की सप्लाई नहीं मिल सकी है, जो स्टॉक उपलब्ध है। उन्हें डॉक्टर नहीं लिख रहे हैं। इससे मरीजों की जेब ढीली हो रही है।

मुफ्त स्वास्थ्य मेला
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, जिला शाहजहाँपुर द्वारा
25 फरवरी 2024, रविवार
समय : प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक
कैम्प स्थान
रोजी पब्लिक स्कूल
कलान, शाहजहाँपुर
में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निम्न रोगों का कैम्प में मुफ्त इलाज किया जायेगा।
सामान्य रोग, हृदय रोग, सर्जरी (शल्य) रोग, नेत्र रोग, हड्डी रोग, नाक, कान एवं गला रोग, छाती एवं श्वास रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, चर्म रोग, मानसिक रोग तथा कैंसर रोग आदि।
कैम्प में आये मरीजों के लिये उपलब्ध निःशुल्क सुविधायें
• पंजीकरण मुफ्त • परामर्श मुफ्त • दिल की जाँच (ECG) मुफ्त
• ब्लड शुगर की जाँच मुफ्त • ब्लड प्रेशर की जाँच मुफ्त
कैम्प के द्वारा अस्पताल आने पर मरीजों के लिए मुफ्त सुविधायें
• खून की जाँच C.B.C. (T.L.C., D.L.C., E.S.R., Hemoglobin, Platelets)
• लीवर की जाँच L.F.T. (Serum Bilirubin, SGOT, SGPT, S.Alkaline Phosphatase)
• गुर्दे की जाँच K.F.T. (Serum Urea, Serum Creatinine)
• हृदय की जाँच E.C.G. द्वारा। • डायबिटीज की जाँच (Blood Sugar Random)
• भर्ती एवं पलंग मुफ्त। • ऑपरेशन मुफ्त। (ऑपरेशन थियेटर एवं दवाईयों का खर्च अतिरिक्त)
• मोतियाबिन्द के मरीजों की भर्ती, ऑपरेशन, लैन्स, सामान्य दवाईयाँ व खाना मुफ्त।
• बच्चों एवं माताओं के लिए मुफ्त टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध।
दूरबीन विधि द्वारा सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
परिवार स्वास्थ्य कार्ड की सुविधा मात्र 200 रुपये में 1 वर्ष के लिये उपलब्ध है।
अन्य सुविधायें: 1. रोहिलखण्ड क्षेत्र के वरिष्ठ कैंसर सर्जन डॉ. अर्जुन अग्रवाल द्वारा सभी प्रकार के कैंसर की जाँच, परामर्श एवं इलाज की सुविधा उपलब्ध।
2. अस्पताल में प्रसव कराने पर जननी को 1000/- रुपये की सहायता राशि एवं प्रसव को लाने पर 700/- रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है।
3. ब्लड बैंक, आई.सी.यू. व वेंटीलेटर की सुविधा 24 घंटे सस्ते दरों पर उपलब्ध है।
4. मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मात्र 400 रुपये, एक्सरे मात्र 150 रुपये, ई.सी.जी. मात्र 50 रुपये।
5. सी.टी. स्कैन, एम.आर.आई, मैमोग्राफी व डायलिसिस की सुविधा सस्ते दरों पर उपलब्ध।
आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर निःशुल्क इलाज की सुविधा।
पं. दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत मुफ्त इलाज की सुविधा।
सौजन्य से : हेल्प लाइन सोसाइटी, शाहजहाँपुर
लोकनाथ तिवारी, (प्रिंसिपल) - मो. 7571007411
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें- Mob. 7521001988, 7521001989

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शैल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
यह सुविधा 15 फरवरी 2024 से 26 फरवरी 2024 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन
भर्ती मरीजों की मुफ्त जाँचे
नार्मल व सिजेरियन डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में हैड सीटी 800/- में
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत फाईलेरिया की दवाई रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 1167 में मुफ्त में मिलेगी।
भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. सी.ए.आर.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
*T&C Apply
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था
*एंट्री लेवल

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
सूचना
मैं अपने पुत्र सुदीप सैनी व उसकी पत्नी श्रीमती ज्योति को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। राजू पुत्र अर्शफी लाल निवासी 238 संजय नगर थाना बारादरी, जिला बरेली
सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम शकुन्तला था लेकिन अब मैंने अपना नाम बदलकर सीमा कर रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नये नाम से जाना व पहचाना जाये। सीमा पत्नी प्रमोद कुमार निवासी मकान नं. -67, ओल्ड आवास विकास कॉलोनी, सिविल लाइंस, रामपुर
वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## सिकंदरा में 30 फीट गहरे गड्ढे में गिरा मशीन ऑपरेटर, मौत

**आगरा, अमृत विचार :** सिकंदरा क्षेत्र में सीवर की सफाई करने के दौरान 30 फीट गहरे गड्ढे में गिरने से रिद्धि सिद्धि कंपनी के मशीन ऑपरेटर की जान चली गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मशीन ऑपरेटर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। झांसी के मऊ रानीपुर निवासी विजय कुमार दुबे 55 वर्षीय रिद्धि सिद्धि कंपनी में 10 साल से मशीन ऑपरेटर की नौकरी करते थे। पदम प्राइड चौकी क्षेत्र में एसटीपी प्लांट पर सीवर लाइन की खुदाई का काम चल रहा था। इस दौरान विजय कुमार जाल समेत 30 फीट गहरे गड्ढे में गिर गए। बड़ी मशक्कत के बाद विजय कुमार को गड्ढे से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। विजय की मौत की सूचना पर परिजन आगरा पहुंचे। आरोप है कि कंपनी की ओर से उनको देर से सूचना दी गई। हादसा सुबह हुआ था, उन्हें दोपहर में करीब डेढ़ बजे बताया। आरोप है कि सुरक्षा के मानक के बिना काम कराया जा रहा था। पुलिस का कहना है कि विजय जाल पर खडे. थे। अचानक जाल टूट गया।

# किसान आंदोलन से पंजाब मेल और किसान एक्सप्रेस प्रभावित

## कटिहार-श्रीमाता वैष्णो देवी मंदिर जाने वाली ट्रेन बदले रूट से चली

मुरादाबाद कार्यालय

- **अंबाला में आंदोलन, रेल प्रबंधन पल-पल की ले रहा है जानकारी**

**अमृत विचार:** पंजाब में किसान आंदोलन के बीच यात्रियों को पंजाब मेल और सरयू-यमुना (किसान एक्सप्रेस) एक्सप्रेस की प्रतीक्षा करनी पड़ी। गुरुवार को कटिहार से वैष्णो देवी मंदिर जाने वाली ट्रेन को बदले रूट से चलाया गया। कर्मभूमि और अमृतसर से आने वाली ट्रेनों की देरी की रेल प्रबंधन अपडेट लेता रहा। किसान आंदोलन का प्रभाव अंबाला मंडल में है। आंदोलन के चलते स्थानीय रेल प्रबंधन के अलावा सुरक्षा एजेंसियां भी सतर्क रहीं।

फिरोजपुर से चलकर कटिहार तक जाने वाली सरयू-यमुना (किसान एक्सप्रेस) सवा दो घंटे देरी से आई। पंजाब मेल के यात्री इससे प्रभावित हुए। उधर, रेल प्रबंधन ने किसान आंदोलन के मद्देनजर कोलकाता से अमृतसर के बीच चलने वाली एक्सप्रेस को बदले रूट से संचालित किया था। दिल्ली से पठानकोट, श्रीमाता वैष्णो देवी मंदिर स्टेशन कटरा, श्रीगंगानगर एक्सप्रेस के डायवर्जन की सुरक्षा एजेंसियां निगरानी करती रहीं। इसके लिए आरपीएफ नियंत्रण कक्ष, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की स्थानीय इकाई के सदस्य रेलवे मुख्यालय से अपडेट लेते रहे। कोहरा मौसम थमने के बाद भी लंबी दूरी की ट्रेनों के विलंब ने यात्रियों को खूब छकाया। रेलवे कंट्रोल रूम की मानें तो शुक्रवार को कुंभ एक्सप्रेस के दोनों फेरे प्रभावित रहे। डाउन दिशा से यह गाड़ी 7:06 घंटे देरी से आई, जबकि अप दिशा में 4:53 मिनट विलंबित रही। सुपरफास्ट श्रमजीवी एक्सप्रेस करीब दो घंटे लेट हो गयी। सद्भावना एक्सप्रेस के यात्रियों को 5:07 घंटे इंतजार करना पड़ा। हावड़ा से देहरादून के बीच चलने वाली दून एक्सप्रेस के खाते में फिर 3:40 मिनट का विलंब दर्ज हुआ। स्टेशन अधीक्षक महेंद्र कुमार का कहना है कि किसान आंदोलन की सीधा प्रभाव मंडल में नहीं है। घोषित आंदोलन के चलते कुछ ट्रेनों को बदले रूट से चलाया गया था। ऐसी ट्रेनें सीधे फिरोजपुर मंडल की हैं।

### दोपहर बाद समयबद्ध रहा 19 ट्रेनों का संचालन

अमृत विचार : ट्रेनों के समयबद्ध संचालन में जुटे रेल प्रबंधन को सफलता मिलने का भी सिलसिला शुरू हो चुका है। परिचालन विभाग इसे मौसम का सहयोग मांग रहा है। शुक्रवार को नजीबाबाद स्पेशल, रक्सौल सद्भावना, राज्यरानी सुपरफास्ट, इंटरसिटी, पुरबिया एक्सप्रेस, नैनी जनशताब्दी, चंदौसी इंटरसिटी, सत्याग्रह, लालकुंआ स्पेशल, जलियांवाला बाग एक्सप्रेस, महामना एक्सप्रेस, अयोध्या एक्सप्रेस, जनता एक्सप्रेस, श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा साप्ताहिक, नौचंदी एक्सप्रेस, बेगमपुरा सुपरफास्ट, न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस, रानीखेत एक्सप्रेस, चंडीगढ़ मेल समय से संचालित हुईं।

## डेढ़ करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ी

**बरेली/हाफिजगंज, अमृत विचार :** हाफिजगंज में बरेली-पीलीभीत हाईवे पर खंडसारी में जीएसटी की विशेष अनुसंधान शाखा (एसआईबी) की जांच शुक्रवार को दूसरे दिन पूरी हो गई। जांच में डेढ़ करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ी गई। 29 करोड़ की राब बेचने पर टैक्स नहीं जमा किया गया। चार दिन पहले आंवला में एक सीमेंट कारोबारी के यहां भी टैक्स चोरी पकड़ी गई थी। राज्यकर विभाग के अपर आयुक्त ओपी चौबे ने बताया कि गुरुवार को जीएसटी की एसआईबी ने डिप्टी कमिश्नर राजीव पांडेय के नेतृत्व में हाफिजगंज के कांडूपुल के पास कृष्णा खंडसारी पर छापा मारा था। टीम ने राब की पैकिंग समेत कई सामानों की चैकिंग की थी। स्टाक के मिलान पर कर चोरी की आशंका के चलते देर शाम टीम अभिलेख कब्जे में लेकर लौट गई थी। दूसरे दिन शुक्रवार को कब्जे में लिए अभिलेखों की गहनता से जांच में करीब डेढ़ करोड़ रुपये की कर चोरी मिली। ओपी चौबे ने बताया कि खंडसारी संचालक ने 25 किलो की टिन पैकिंग में गड़बड़ी की। पैकेजिंग लेबल पर फर्म का कोई ब्रांड नहीं मिला। मिल मालिक के पहुंचने पर राब का स्टाक चेक किया तो वह अभिलेखों के हिसाब से कम मिला, जबकि खाली टिन अधिक मिले।

# रापड़ी ईको टूरिज्म सेंटर परियोजना का लोकार्पण



फिरोजाबाद में रापड़ी इको टूरिज्म सेंटर का लोकार्पण करते पर्यटन मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह और वनमंत्री डा अरुण कुमार एवं अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, फिरोजाबाद

- **पर्यटन मंत्री व वनमंत्री ने किया 14.91 करोड़ की लागत से 9 ईको टूरिज्म परियोजनाओं का लोकार्पण**

**अमृत विचार :** पर्यटन मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह एवं वन मंत्री डा अरुण कुमार सक्सेना ने शुक्रवार को रपड़ी में दो करोड़ की लागत से 354 हेक्टेयर में बीहड़ वन क्षेत्र व यमुना नदी के किनारे बनाये रपड़ी ईको टूरिज्म सेंटर का लोकार्पण किया। इस ईको टूरिज्म सर्किट में बीहड़ क्षेत्र को प्रकृति के बीच एक बेहतरीन पर्यटन कलाकृति का आकार दिया है।

पर्यटन मंत्री और वन मंत्री ने आगरा, बहराइच, बिजनौर, वाराणसी, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, रायबरेली, सोनभद्र जनपदों में करीब 14 करोड की लागत बनाई 9 ईको टूरिज्म परियोजनाओं का भी लोकार्पण किया। पर्यटन मंत्री ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ की योजनाओं के अनुरूप प्रदेश में पर्यटन योजनाओं का विकास किया जा रहा है। सड़कों को टू लेन से फोरलेन, सिक्स लेन, एटलेन बनाया जा रहा है। ईको टूरिज्म के निर्माण होने से इस बीहड़ क्षेत्र में पर्यटन और विकास की संभावना बढ़ने के साथ नये रोजगार भी सृजित होंगे। जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष राकेश शंखवार, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष अतुल प्रताप सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय प्रताप यादव आदि मौजूद रहे।

## सीतापुर जेल से वीसी के जरिये आजम खां ने दर्ज कराए बयान

**रामपुर, अमृत विचार :** डूंगरपुर के तीन मामलों में शुक्रवार को एमपी-एमएलए (सेशन कोर्ट) में आरोपियों ने सीआरपीसी 313 के तहत बयान दर्ज कराए। पूर्व मंत्री आजम खां ने वीसी के जरिये अपने बयान दर्ज कराए। अब इस मामले में 19 फरवरी को सुनवाई होगी। वर्ष 2019 में डूंगरपुर बस्ती में रहने वाले लोगों ने गंज थाने में कई मुकदमे दर्ज कराए थे। आरोप है कि आजम खां के इशारे पर उनसे मारपीट, लूटपाट कर उनके घर को जेसीबी ध्वस्त कर दिया गया।

इन मुकदमों में पूर्व मंत्री आजम खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, सेवानिवृत्त सीओ आलेहसन, ठेकेदार बरकत अली, जिबरान समेत अन्य कई लोग आरोपी बनाए गए थे। जिसके बाद से सभी मामलों में लगातार सुनवाई चल रही है। शुक्रवार को तीन मामलों में सुनवाई हुई।जिसमें आरोपी रानू खां,जिबरान, बरकत अली और पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर खां और सपा नेता आजम खां ने वीसी के जरिए बयान दर्ज कराए।

# बिहार की नसीमा खातून ने मीनाक्षी बन महेश के साथ लिए सात फेरे

बरेली कार्यालय

- **सोशल मीडिया से जान पहचान के बाद प्यार चढ़ा परवान**
- **तीन तलाक पीड़िता नसीमा बच्ची को लेकर आई प्रेमी के पास**

**अमृत विचार :** बिहार की तीन तलाक पीड़िता नसीमा खातून अपना प्यार पाने के लिए बरेली चली आई। सनातन धर्म अपना कर मीनाक्षी बनी। इसके बाद प्रेमी महेश के साथ मंदिर में सात फेरे लिए। दंपती ने डीएम और एसएसपी कार्यालय में शिकायती पत्र देकर जान का खतरा बताया है।

क्योलड़िया थाना क्षेत्र के साहबगंज दलेलनगर गांव के रहने वाले महेश शर्मा की जान-पहचान कुछ समय पहले बिहार के पूर्णिया जिले की रहने वाली नसीमा खातून से सोशल मीडिया के जरिए हुई। बातचीत बढ़ी तो प्यार के अंकुर फूटने लगे। नसीमा ने महेश को अपने तलाकशुदा होने और डेढ़ साल की बेटी के बारे में बताया। महेश ने उसे इस स्थिति में भी स्वीकार करने की हामी भरी।इसके बाद दोनों ने शादी करने का फैसला किया। नसीमा अपनी डेढ़ साल की बेटी को लेकर बरेली आ गई। यहां महेश और नसीमा आचार्य केके शंखधार से मिले। केके शंखधार ने अगस्त्य मुनि आश्रम में नसीमा का शुद्धीकरण कर मीनाक्षी शर्मा नाम दिया। इसके बाद दोनों ने अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिए और एक-दूसरे का हर हाल में साथ देने का वादा किया। मीनाक्षी बनी नसीमा और महेश ने डीएम व एसपी को प्रार्थनापत्र देकर ऑनर किलिंग की आशंका जताकर सुरक्षा की गुहार लगाई।

## वैक्सीन टेस्टिंग के अल्टरनेटिव तकनीकों के महत्व को बताया

**बरेली, अमृत विचार :** भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के जैविक मानकीकरण विभाग में दस दिवसीय क्लासिकल एंड अल्टरनेटिव टेक्निक्स फार क्वालिटी कंट्रोल ऑफ वेटरनरी बायोलोजिकल्स विषय पर आयोजित कार्यशाला शुक्रवार को संपन्न हो गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक (कैडराड) डॉ. केपी सिंह ने वैक्सीन टेस्टिंग के अल्टरनेटिव तकनीकों के महत्व को बताया। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। संयुक्त निदेशक डॉ. एसके सिंह, डॉ. प्रणव धर, डॉ. विक्रमादित्य उपमन्यु, डॉ. शालिनी गंगवार, डॉ. शायमा के. लतीफ, सलाउद्दीन कुरैशी, डॉ. कौशल किशोर रजक, डॉ. सोनालिका महाजन, डॉ. अजय कुमार यादव मौजूद रहे।

# इमामबाड़े के मुतावल्ली की हत्या

संवाददाता, सैदनगर (रामपुर)

**अमृत विचार :** अजीम नगर थाना क्षेत्र में झाड़ फूंक करने वाले व इमामबाड़े के मुतावल्ली की धारदार हथियार से गर्दन काटकर हत्या कर दी गई। आरोपियों ने इमामबाड़े में घुसकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने परिजनों व पड़ोसियों से मामले की जानकारी ली। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को भी खंगाली है।

पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि इमामबाड़े में रहने वाले मुतावल्ली की हत्या कर दी गई है। इस मामले में जांच की जा रही है। बताया कि गांव परचई निवासी तस्वीर मियां (60) इमामबाड़े में रहकर झाड़ फूंक का काम करते थे। शुक्रवार सुबह 11 बजे वह इमामबाड़े में आराम कर रहे थे। परिजनों का आरोप है कि इस दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने इमामबाड़े में घुसकर धारदार हथियार से उनकी गर्दन पर प्रहार किए। जिससे उनकी मौत हो गई। कुछ देर बाद इलाज कराने आई पड़ोसी गांव की महिला ने खून से लथपथ तांत्रिक को जमीन पर पड़ा देखा। उसने शोर मचाया तो आसपास के ग्रामीण व परिजन मौके पर आ गए। प्रभारी निरीक्षक पवनवीर सिंह राणा व चौकी इंचार्ज दिनेश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। बाद में पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, अपर पुलिस अधीक्षक पुलिस क्षेत्राधिकार टांडा घटनास्थल पर पहुंचे।

### पूर्व प्रधान की गोली मारकर हत्या, पिता-पुत्र गिरफ्तार

**मुरादाबाद/मैनाठेर।** जनपद के मैनाठेर थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह छह बजे घर के बाहर बुलाकर पूर्व प्रधान की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्यारोपी ने पूर्व प्रधान के सिर से सटाकर तमंचे से गोली मारी। जिससे पूर्व प्रधान की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या की सूचना मिलने पर एसपी देहात संदीप कुमार मीना पुलिस फोर्स और फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए। पूर्व प्रधान की मौत से उनके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। थाना मैनाठेर क्षेत्र के रसूलपुर गोसर गांव निवासी राजवीर सिंह के परिवार में बेटा सोमवीर उर्फ सोनू, बेटी अंशु है और उनकी पत्नी नीतू की मौत हो चुकी है। बताया गया कि वर्ष 2000 में राजवीर सिंह ग्राम प्रधान पद पर चुनाव लड़े थे और जीत गए थे। पूर्व प्रधान के घर से कुछ दूरी पर जगदीश कुमार रहता है। शुक्रवार सुबह लगभग छह बजे जगदीश खेतों की ओर से जा रहा था। इस दौरान उसने पूर्व प्रधान के घर के पास रुककर आवाज लगाई। इस पर पूर्व प्रधान राजवीर सिंह बाहर आए। दोनों बातचीत करते हुए घर से 50 कदम आगे चले। आरोप है कि इस दौरान जगदीश ने तमंचा निकालकर पूर्व प्रधान के सिर में सटाकर गोली मार दी।

## सार-संक्षेप

### भरतेश का दसवां स्थापना दिवस मना 1111 दीप जलाए



**फिरोजाबाद।** स्टेशन रोड स्थित नसियाजी पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित कर भगवान भरतेश का दसवां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। पूजन के बाद शाम को 1111 दीपों से महाआरती की गई। जिसमें बड़ी संख्या में जैन समाज के लोगों ने भाग लिया। भरतेशपुरम नसिया जी की स्टेशन रोड पर विशाल प्रतिमा की स्थापना वर्ष 2014 में हुई थी। आयोजन मुनि अमित सागर महाराज के सानिध्य में हुआ। जैन तीर्थ के अध्यक्ष अनिल जैन, नरेंद्र जैन, शैलेंद्र जैन, राकेश जैन, प्रिंस जैन, शरद जैन, प्रशांत जैन, दीपक जैन, राहुल जैन, सुशील जैन, पीयूष जैन, शुभम जैन, निक्षेप जैन, पूजा जैन, रीना जैन, स्वाति जैन, पूनम जैन, स्मिता जैन आदि उपस्थित रहे।

### सोने से बने सूर्य वाहन पर विराजे रंगनाथ



**मथुरा।** भानु सप्तमी के अवसर पर दक्षिण भारतीय शैली के रंगनाथ मंदिर में उत्सव मनाया गया। भगवान रंगनाथ को सोने से बने सूर्य वाहन में विराजमान कर भ्रमण कराया गया। भक्तों ने जगह-जगह पर आरती उतारी। भानु सप्तमी के दिन भगवान सूर्य का जन्म हुआ था। इस दिन की पूजा और उपवास से आरोग्य और उपवास की प्राप्ति होती है, इसलिए इसे आरोग्य सप्तमी या पुत्र सप्तमी भी कहा जाता है। मथुरा के वृंदावन में स्थित रंगनाथ मंदिर में उत्सव मनाया। भगवान का पहले अभिषेक किया। इसके बाद रंगनाथ को सूर्य वाहन पर विराजमान किया। सवारी पुष्करिणी द्वार से होते हुए मंदिर की परिक्रमा में पहुंची। 7 घोड़ों से बने सूर्य वाहन से उतार कर गर्भ गृह में विराजमान किया गया।

### रसायन विज्ञान का प्रश्न पत्र अंग्रेजी में देख हिंदी माध्यम के छात्र-छात्राओं के उड़े होश

**फिरोजाबाद।** विश्वविद्यालय परीक्षा की प्रथम पाली में बीएससी तृतीय सेमेस्टर रसायन विज्ञान का प्रश्न पत्र केवल अंग्रेजी माध्यम में छपा होने पर हिंदी माध्यम की छात्राओं को बड़ी परेशानी हुई। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई की तहसील संयोजक सुरभि राजपूत के नेतृत्व में छात्राओं ने पालीवाल महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. प्रेम प्रभाकर को कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा। सुरभि राजपूत ने बताया कि नई शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं सरकार की मंशा के अनुसार अंग्रेजी एवं अन्य भाषा विषयों के प्रश्न पत्रों को छोड़कर शेष सभी विषयों के प्रश्न पत्र द्विभाषी भाषा में छपे होने चाहिए। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के भी छात्र-छात्राएं आसानी से प्रश्नों को समझ कर अच्छे से उत्तर दे सकें, लेकिन शुक्रवार सुबह की प्रथम पाली में बीएससी तृतीय सेमेस्टर के रसायन विज्ञान का प्रश्न पत्र केवल अंग्रेजी भाषा में छपा हुआ छात्र-छात्राओं को वितरित किया गया। जिससे कुछ देर तक हिंदी माध्यम के छात्र-छात्राएं परेशान होकर बैठे रहे। फिर कुछ देर में शिक्षकों के कहने पर प्रश्न पत्र को हल किया। हिंदी माध्यम के छात्राओं का कहना था कि प्रश्नों की भाषा अंग्रेजी में छपे होने के कारण ठीक से समझ नहीं आई है। इस प्रश्न पत्र में अच्छे अंक आने की संभावना कम है।

### अंग्रेजी में पेपर देखकर परेशान हुए छात्र, हंगामा

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय द्वारा कराए जा रहे सेमेस्टर एग्जाम में बड़ी लापरवाही सामने आई। शुक्रवार को बीएससी थर्ड सेमेस्टर के केमेस्ट्री का पेपर छात्रों को इंग्लिश में दे दिया गया। पेपर देखते ही छात्र परेशान हो गए। कई कॉलेजों में छात्रों ने आपत्ति की तो पेपर वापस कर दिए। कहा कि हिंदी में पेपर दीजिए, उसके बाद ही एग्जाम देंगे। कॉलेजों ने इसकी सूचना विश्वविद्यालय में दे दी। सुबह 9 से 11 की पाली में केमेस्ट्री का केमिकल डायनेमिक्स एंड कॉर्डीनेशन का पेपर था। छात्रों को जैसे ही क्लास में पेपर दिया गया। छात्रों के पसीने छूट गए। छात्रों के हाथ में जो पेपर था, वो पूरा इंग्लिश में था। हिंदी मीडियम वाले छात्रों ने कक्ष निरीक्षकों के सामने आपत्ति दर्ज कराई। छात्रों का कहना था कि हमने हिंदी में पढ़ाई की है, इंग्लिश में एग्जाम कैसे दें। आगरा कॉलेज में छात्रों ने हंगामा भी किया। पेपर लौटा दिए। खाली कॉपी छोड़कर क्लासेज से बाहर निकल आए। कॉलेज प्रशासन ने विश्वविद्यालय में जानकारी दी। प्रिंसिपल डॉ. सीके गौतम ने छात्रों को समझाया गया कि टीचर्स से हिंदी में ट्रांसलेट किया तो पेपर दिया गया। परीक्षा नियंत्रक डॉ. ओमप्रकाश का कहना है कि साइंस स्ट्रीम वाले छात्रों को दिक्कत नहीं आनी चाहिए, लेकिन कॉलेजों में कह दिया था कि हिंदी में ट्रांसलेट करा दिया जाए। अगर कहीं से शिकायत आएगी तो कमेटी बनाकर उसकी संस्तुति का अनुपालन किया जाएगा।

### कानों में ब्लू-टूथ डिवाइस हर समय लगाने से सुनने की क्षमता होती है क्षीर्ण

**फिरोजाबाद।** शिकोहाबाद में एफएस विश्वविद्यालय के नर्सिंग विभाग में आयोजित हुए अतिथि व्याख्यान माला डॉ. भानू प्रताप सिंह वरिष्ठ ईएनटी सर्जन ने नर्सिंग विभाग में व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का आरंभ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। कुलाधिपति डॉ. दिलीप यादव, कुलपति डॉ. संजीव भारद्वाज व महानिदेशक डॉ. अभिनव श्रीवास्तव ने स्मृति चिन्ह देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। डॉ. भानू प्रताप सिंह ने कहा कि नाक, कान, गले के रोगों को आम जनमानस ज्यादा बड़ी बीमारी न समझकर सामान्य चिकित्सक से उसकी चिकित्सा करा लेते हैं। जिससे कि भविष्य में ऐसे लोगों को बड़ी बीमारियों का सामना करना पड़ता है। आज कल युवा पीडी अपने कानों में ब्लू-टूथ डिवाइस हर समय लगाये रखते हैं, जो कि उनके लिये काफी नुकसानदायक हैं। इससे उनकी सुनने की क्षमता क्षीण होती है। नर्सिंग प्राचार्या निशा नायर ने अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति डॉ. योगेश यादव, डॉ. राहुल यादव, डॉ. नितिन यादव आदि छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# एडीए ने नहीं दिया मुआवजा तो यमुना में किसानों ने किया प्रदर्शन

**अनोखा प्रदर्शन**

संवाददाता, आगरा




अधिग्रहीत जमीन के उचित मुआवजा की मांग को लेकर यमुना में प्रदर्शन करते किसान।

**अमृत विचार :** मुआवजा न मिलने से नाराज किसानों ने शुक्रवार कारे अनोखा प्रदर्शन किया है। यहां किसानों ने यमुना नदी में उतरकर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर अपनी नाराजगी जताई। किसानों के हाथ में मुआवजे की मांग लिखी तख्तियां थीं। किसानों के साथ महिलाएं भी यमुना में खड़ी होकर मुआवजे की मांग करती दिखीं।

आगरा की एत्मादपुर तहसील के गांव रहनकला के किसान एकजुट होकर यमुना किनारे पहुंचे। किसानों ने अपनी मांगों को लेकर जलसमाधि का ऐलान कर दिया। किसानों की जलसमाधि की खबर मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और हाथों में मांग की तख्ती लेकर नारेबाजी करते हुए यमुना के गहरे पानी में उतर गए। किसानों ने पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों से साफ कह दिया है कि जब तक उनकी अधिकृत भूमि का चार गुना मुआवजा नहीं मिलेगा, तब तक प्रदर्शन चलता रहेगा। खबर मिलते ही एत्मादपुर एसीपी सुकन्या शर्मा के साथ ही ज्वाइंट मजिस्ट्रेट मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने किसानों को समझाने का प्रयास किया, जिस पर किसानों ने कहा कि वर्ष 2009 में विकास कार्य कराने को लेकर तहसील एत्मादपुर के मौजा रायपुर, मौजा रहनकलां में किसानों की भूमि अधिकृत की गई थी लेकिन किसानों को उचित मुआवजा नहीं दिया गया। जिसको लेकर लगातार किसान अपनी आवाज उठा रहे हैं. मगर, उन्हें चार गुना मुआवजा नहीं दिया गया है। हम अपनी जमीन भी वापस लेना चाहते हैं।

## धनराज बिल्डर्स पर धोखाधड़ी की एक और रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार :** सिरौली के गांव गुलड़िया निवासी हेम कुमारी ने बताया कि उन्होंने 2017 में गांव ठिरिया निजावत खां की कृष्णा कॉलोनी में धनराज इन्फ्राटेक के अधिकृत प्रतिनिधि शशांक शर्मा से तीन लाख रुपये में 50.16 वर्ग मीटर का प्लॉट खरीदा था। प्लॉट पर शशांक ने छह लाख रुपये लेकर एकमंजिला मकान बनवा दिया। हेम कुमारी ने बताया कि 22 अक्टूबर 2023 को वह मकान देखने पहुंचीं तो मकान खंडहर मिला। पता चला कि मकान बीडीए ने गिराया है। बीडीए अफसरों ने बताया कि कॉलोनी अवैध थी और उसमें बने मकानों को ध्वस्त किए जाने का नोटिस धनराज इन्फ्राटेक को काफी पहले ही दिया जा चुका था। हेम कुमारी ने कंपनी प्रतिनिधि शशांक से रकम वापस मांगी तो उसने इन्कार करते हुए धमकियां दीं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। अब कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# लोन बंद कराने के नाम एडीएम के चालक से ठगी

संवाददाता, मुरादाबाद

- **पीड़ित चालक ने एजेंट के खिलाफ एसएसपी से की शिकायत**

**अमृत विचार :** लोन बंद कराने के नाम पर एजेंट ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन के चालक से हजारों रुपये की ठगी कर ली। पीड़ित चालक ने आरोपी के खिलाफ एसएसपी से शिकायत की है।

थाना मझोला क्षेत्र के कांशीराम नगर निवासी दिनेश अपर जिलाधिकारी प्रशासन का वाहन चालक है। एसएसपी को दिए गए शिकायती पत्र में चालक दिनेश ने बताया कि उसने काफी समय पहले बजाज फाइनेंस कंपनी से 4,17,000 रुपये का लोन एजेंट अक्षय राघव के माध्यम से लिया था। लोन लेने के बाद चालक दिनेश लगातार उसकी किस्त जमा करता रहा। अब तक उसने 3,60,932 रुपये जमा भी कर दिए है। जिसके बाद दिनेश ने एजेंट अक्षय राघव से कहा कि बकाया राशि वह पूरा भुगतान करके लोन बंद करना चाहता है। आरोप है कि एजेंट ने कहा कि वह बकाया राशि में काफी छूट दिला देगा। जिसके बाद चालक ने एजेंट को ऑनलाइन के माध्यम से एक बार में 2000 और दूसरी बार में 54,290 रुपये दिए। लेकिन, पैसा लेने के बाद भी एजेंट अक्षय ने लोन बंद नहीं कराया। जिसके बाद दिनेश ने कंपनी के कार्यालय जानकारी की तो पता लगा कि कंपनी ने अक्षय को हटा दिया गया है। पीड़ित दिनेश की शिकायत पर एसएसपी ने मझोला पुलिस को मामले की जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए है।

# आधुनिक थिएटर के जनक माने जाते हैं लखीमपुर खीरी के बिसारिया

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ

- **अभिनय व निर्देशन के बेताज बादशाह राज थे यारों के यार**

**अमृत विचार :** उत्तर भारत में आधुनिक थियेटर के जनक कहे जाने वाले राज बिसारिया नहीं रहे। अभिनय और निर्देशन की दुनिया के बेताज बादशाह राज बिसारिया हमें हमेशा के लिए छोड़ गए। उनकी जिन्दगी का अभिनय भी अब समाप्त हो गया। बेहतर रहन-सहन, सीधी- सपाट बात कहने की आदत, रिश्तों को किसी भी हद तक निभाने की क्षमता और काम के दौरान कोई भी बात न सुनने का जज्बा अपनाने वाले राज बिसारिया ऊपर से जितने कड़क और गुस्सैल नजर आते थे, भीतर से उतने ही नरम और मोहब्बत करने वाले थे।

काल्विन कालेज और लखनऊ विश्वविद्यालय से पढ़ाई के बाद वह लखनऊ विश्वविद्यालय में अंग्रेजी के प्रोफेसर हो गए थे। लेकिन थियेटर तो जैसे उनकी रगों में दौड़ता था। सोते-जागते सिर्फ अभिनय और निर्देशन ही नजर आता था। भारतेन्दु नाट्य अकादमी जैसा शिक्षण संस्थान उन्हीं की देन है। नाट्य संस्था थियेटर आर्ट्स वर्कशाप (टॉ) के जरिये वह पूरी जिन्दगी रंगमंच को समृद्ध करने में लगे रहे। लखीमपुर खीरी में 10 नवंबर 1935 को जन्मे राज बिसारिया एक निर्देशक, निर्माता, अभिनेता और शिक्षाविद थे।

फ़िल्मी दुनिया के सैकड़ों नामवर कलाकार उनके पांव छूकर स्वयं को धन्य मानते थे। मोहन राकेश, बादल सरकार, धर्मवीर भारती और शंकर शेष उनके पसंदीदा लेखक थे। जूलियस सीजर, मैकबेथ, अंधा युग, बाकी इतिहास और आधे अधूरे उनके वह नाटक हैं। जिन्हें रंगमंच की दुनिया में कोई भूल नहीं पायेगा। राज बिसारिया की खासियत यह थी कि वह पर्दे के पीछे हों या फिर सामने मंच पर लेकिन उनके काम में कभी कृत्रिमता नजर नहीं आती थी। करीब 30 साल पहले वह रवीन्द्रालय में एक नाटक का रिहर्सल कर रहे थे। दृश्य बहुत गंभीर था। यह गंभीर दृश्य काफी लम्बा था। अचानक से नाटक में अभिनय कर रहे वरिष्ठ रंगकर्मी ऋषि वैश्य ने पूछा कि साहब चाय लाऊं क्या...? इसके बाद तो राज बिसारिया बम की तरह से फूटे। ऋषि वैश्य पर खूब चिल्लाये। इतना ज्यादा नाराज हो गए कि एक घंटे तक रिहर्सल रुका रहा। वो सामान्य हुए तो दोबारा से रिहर्सल शुरू हुआ। फिर से वह गंभीर दृश्य आया। जैसे ही पहले वाले प्वाइंट पर पहुंचे ऋषि वैश्य ने अचानक से फिर वही सवाल किया, साहब चाय लाऊं क्या...? नाराज राज बिसारिया ने उस दिन रिहर्सल बंद कर दिया। दूसरे दिन फिर से रिहर्सल शुरू हुआ और ऋषि वैश्य ने फिर वही सवाल पूछा। इस बार राज बिसारिया सिर पकड़कर बैठ गए। काफी देर वैसे ही बैठे रहे, फिर बोले, चल यह संवाद भी इस नाटक का हिस्सा बना। यह तो सोचा ही नहीं था कि इतने गंभीर दृश्य से हमारी एग्जिट कैसे होगी। ऋषि वैश्य नहीं रहे तो 20 साल पहले खुद यह बात राज बिसारिया ने बताई थी।

रंगमंच से जुड़े वह शायद अकेले ऐसे शख्स थे जो हमेशा राजा की तरह नजर आते थे। रंगमंच में जो भी मेहनत करता दिखाई देता उसके कंधे पर राज बिसारिया का हाथ आ ही जाता था। दिग्गज अभिनेता हेमेन्द्र भाटिया का 2022 में मुम्बई में निधन हो गया तो राज बिसारिया को गहरा धक्का लगा। वह उन्हें बेटे की तरह प्यार करते थे। लखनऊ में उन्होंने अपने दफ्तर में हेमेन्द्र भाटिया के लिए हवन किया। रंगमंच की साधना के लिए राज बिसारिया को पद्मश्री, यशभारती, संगीत नाटक अकादमी सम्मान, कालीदास सम्मान और यूपी रत्न जैसे तमाम अवार्ड मिले। लेकिन इन पुरस्कारों का रंग कभी उन पर हावी नहीं हो पाया। उनके सिखाये हुए कलाकार फ़िल्मी दुनिया में छा गए लेकिन उन्होंने रंगमंच को ही कसकर पकड़कर रखा. उनके बारे में कहा जाता था कि उनकी इंट्री बहुत दिलचस्प होती है और उनकी एग्जिट चौंका जाती है। सचमुच आज अचानक से उनके न रहने की खबर आई तो हर सुनने वाला चौंक गया। यूनिवर्सिटी में वह अंग्रेजी पढ़ाते थे। थियेटर में बहुत कुछ सिखाते थे। वह कहानियां चुनना भी जानते थे और कलाकार चुनना भी जानते थे। वह कहीं भी मिलें, कभी भी मिलें, हमेशा शिक्षक की भूमिका में ही नजर आते थे। कलाकार तो बहुत से हैं। बहुत से और भी आएंगे। जो हैं वह अपनी भूमिका निभाकर वापस भी लौटेंगे। लेकिन,राज बिसारिया के होने का मतलब रंगमंच का रोशन होना था। उनके न होने का मतलब बहुत से सवालों का मर जाना भी है।

## परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा 115 केंद्रों पर होगी

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय की परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा 20 फरवरी से नौ जिलों में 115 केंद्रों पर होगी। विश्वविद्यालय ने बरेली में बरेली कॉलेज समेत 19 केंद्र बनाए हैं। परास्नातक की परीक्षा के साथ नर्सिंग और पैरामेडिकल की भी परीक्षा शुरू होगी। इसके केंद्र भी निर्धारित किए गए हैं। परास्नातक विषम सेमेस्टर की परीक्षा समाप्त होने के बाद स्नातक और परास्नातक की वार्षिक यानी मुख्य परीक्षा शुरू हो जाएगी। अभी इसके फार्म भरवाए जा रहे हैं। इससे साफ है कि अब महाविद्यालयों में कक्षाएं भी प्रभावित होंगी। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक बरेली में 19, पीलीभीत में नौ, बदायूं में छह, रामपुर में आठ, शाहजहांपुर में 14, मुरादाबाद में 15, बिजनौर में 26 केंद्र बनाए गए हैं।

## 20 की दुल्हन और 19 का दूल्हा, पुलिस ने रुकवा दी शादी

**फिरोजाबाद।** नारखी क्षेत्र में नाबालिग लड़के की शादी कराना परिजनों को भारी पड़ गया। सूचना पर पहुंची पुलिस दूल्हा को लेकर थाना आ गई। यहां परिजनों से एक एफिडेविट लेकर दूल्हा को घर भेज दिया। चेतावनी दी कि जब तक दूल्हा बालिग नहीं हो जाता, तब तक उसकी शादी नहीं की जाए।

नारखी गांव खेरिया कला में देर रात दुशासन सिंह के यहां डोरसा से बरात आई थी। धर्मेंद्र सिंह अपने बेटे कन्हैया की बारात लेकर आए थे। किसी ने जिलाधिकारी को सूचना दी कि दूल्हा नाबालिग है। इस सूचना पर तहसीलदार फिरोजाबाद पुष्कर मिश्र, डीपीओ फिरोजाबाद तथा प्रभारी निरीक्षक राजेश पांडे गांव में पहुंचे और दूल्हा और दुल्हन के कागजात देखे। जिसमें दुल्हन की उम्र 20 वर्ष और दूल्हा की उम्र 19 वर्ष है। जिसके बाद अधिकारियों ने शादी को रुकवा दिया। पुलिस दूल्हा को लेकर थाने आई। शुक्रवार सुबह समाज कल्याण अधिकारी अपर्णा कुलश्रेष्ठ, तहसीलदार सदर थाने पहुंचे और दूल्हा के परिजनों से एफिडेविट लेकर दूल्हा को घर भेज दिया।

# नशीला पदार्थ दे किया दुष्कर्म सिपाही ने वीडियो भी बनाई

### थाने पर नहीं हुई सुनवाई, कमिश्नर के आदेश पर हुई एफआईआर

संवाददाता, आगरा

**अमृत विचारः** ताजनगरी में सिपाही की करतूत ने खाकी पर फिर से दाग लगा दिया। महिला की शिकायत पर जांच करने पहुंचे सिपाही ने पहले उसे जाल में फंसाया। फिर नशीला पदार्थ देकर दुष्कर्म किया। अश्लील वीडियो बना ली। सदर थाने में सिपाही और उसके परिजनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

सदर के शहीद नगर क्षेत्र की रहने वाली महिला ने आरोप लगाया कि 2018 में विवाह के बाद 2019 में ससुरालियों ने निकाल दिया था। मुकदमा दर्ज कराने के बाद सदर थाने की चौकी इंफेंट्री लाइन पर तैनात सिपाही योगेंद्र सिंह एक अन्य के साथ घर पर मुकदमे के कागज लेकर आया था। कागजों में से उसने नंबर ले लिया। संदेश भेजना शुरू कर दिया। जिस जिम में वह व्यायाम के लिए जाती थी, सिपाही वहां भी उसी समय आने लगा। बातों में फंसा लिया। केस में मदद कराने का आश्वासन दिया।

उसे बहाने से होटल में बुलाया और वहां नशीला पदार्थ देकर बेहोश कर दिया और फिर उसे साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान उसकी अश्लील वीडियो भी बना ली। उसने शिकायत करने कहा तो उसने कहा कि तुम पति से तलाक ले लो तो वह शादी कर लेगा। अब उसने फोन भी उठाना बंद कर दिया है। उसके परिजनों को बताया कि उन्होंने भी धमकी दी। पहले महिला थाने में शिकायत की लेकिन सुनवाई नहीं हुई। फिर महिला ने पुलिस आयुक्त से शिकायत तो उनके आदेश पर केस दर्ज हुआ। डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि मामले में साक्ष्य संकलन के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### पड़ोसी युवक ने महिला के साथ किया दुष्कर्म

**अमृत विचार, आगरा।** शमसाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला के साथ पड़ोसी युवक ने दुष्कर्म किया। महिला के परिजन जाग गए और आरोपी को कमरे में बंद कर दिया लेकिन आरोपी धक्का देकर भाग निकला। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घटना बीती रात्रि की हैं। थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला घर पर सो रही थी। गांव के ही पड़ोस में रहने वाला युवक घुस गया। महिला के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने शोर मचाया तो परिजन जाग गए। लोगों ने बाहर से कुंडी बंद कर दी। जैसे ही कुंडी खोली, तो आरोपित लोगों को धक्का देकर भाग निकला। 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने नामजद आरेपी को शुक्रवार देर शाम राजा खेड़ा मार्ग से गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर विरेश पाल गिरि ने बताया तहरीर के आधार पर धारा 376, 452 में मुकदमा दर्ज किया है।

## 10 वर्षीया बालिका से दुष्कर्म का प्रयास आरोपी पकड़ा

**अमृत विचार, आगरा।** थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र में एक अधेड़ ने 10 वर्षीया बालिका के साथ दुष्कर्म की कोशिश की। उसने बालिका को बहाने से कमरे में बुलाया और उसे पकड़ लिया। बालिका किसी तरह वहां से भाग गई। वह दहशत में है। बालिका के परिजनों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। टेढ़ी बगिया निवासी 62 साल के प्रह्लाद सिंह ने गुरुवार की दोपहर बालिका को बीड़ी मंगाने के बहाने अपने पास बुलाया था। जब वह बालिका कमरे में गई तो आरोपी ने उसे पकड़ लिया। उसके साथ अश्लील हरकत की। फिर दुष्कर्म करने का प्रयास किया। बालिका ने रोते हुए पूरी घटना घर वालों को बताई। इसके बाद परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा और आरोपी को पीटते हुए थाने ले गए। परिजनों ने आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। थाना अध्यक्ष सुमनेश कुमार विकल ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

- **बीड़ी मांगने के बहाने अपने पास बुलाया दहशत में आई बालिका**

# दो मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव से ढाई लाख की लूट

अमृत विचार, आगरा

- **सड़क पर जाम लगा देख लूटे दोनों वाहन छोड़ पैदल भाग गए बदमाश**

थाना सिकंदरा के रुनकता इलाके में चार बदमाशों ने मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव से शस्त्रों के दम पर ढाई लाख की नगदी लूटी और बदमाश बाइक और स्कूटी लूटकर भागे लेकिन सड़क पर जाम लगा देखा तो पकड़े जाने के डर से दोनों वाहन छोड़कर पैदल भाग गए।

पुलिस के मुताबिक दो मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव दिनभर काम करने के बाद कैश जमा करने के लिए शाम को सिटी मॉल जा रहे थे। इसी दौरान शस्त्रों से लैस चार बदमाशों ने बाइक और स्कूटी पर सवार दोनों सिटी एग्जीक्यूटिव के ऊपर असलहे लगाकर उनसे कैश बैग, लैपटॉप, मोबाइल के साथ उनकी स्कूटी और मोटरसाइकिल भी छीन ली। लूट के बाद दोनों बदमाश मोटरसाइकिल और स्कूटी लेकर भागे लेकिन हाईवे पर लगे ट्रैफिक जाम को देखकर बदमाशों ने कुछ दूरी पर जाने के बाद ही लूटे वाहन सड़क किनारे छोड़ दिये। बदमाश लूट की नगदी और सामान लेकर पैदल ही भाग खड़े हुए।

इस घटना का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। सीसीटीवी कैमरे में मिली फुटेज से साफ दिख रहा है कि बदमाश जाम लगा होने के कारण बाइक और स्कूटी को सड़क किनारे खड़ा कर बैग लेकर भाग रहे हैं। लूट के पीड़ित मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

## कीटनाशक दवाइयों पर लगे प्रतिबंध

**आगरा, अमृत विचारः** नेशनल चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश गोयल और पूर्व अध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर कीटनाशक दवाइयों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया है।

पत्र में कहा है कि वर्तमान में अत्यधिक इस्तेमाल हो रहे यूरिया, डीएपी, पोटाश पर निर्भरता कम की जानी चाहिए। इन उत्पादों के वितरण के तौर तरीकों में बदलाव की मांग उठाई। कीटनाशकों का अधिक इस्तेमाल करने के कारण लोगों की सेहत पर खराब असर पड़ रहा है।

कीटनाशक दवाओं के बढ़ते उपयोग के कारण कैंसर का तेजी से प्रसार हो रहा है। वर्तमान में खाद बिक्री की प्रक्रिया भी सवाल के घेरे में है। पत्र में कहा है कि नैनो यूरिया बाजार में लांच हो चुकी है। हर खेत की ड्रोन मैपिंग की जाए और प्रशासन द्वारा ड्रोन से छिड़काव की व्यवस्था किराए लेकर की जाए।

# मैक्स लोडर ने बाइक रौंदी, एक की मौत, दूसरा घायल



फिरोजाबाद शिकोहाबाद में सड़क हादसे में मृतक पर विलाप करते परिजन। ● अमृत विचार

अमृत विचार फिरोजाबाद

- **परिजनों ने सड़क पर लगाया जाम, डेढ़ घंटे ट्रैफिक बाधित रहने से राहगीर परेशान रहे**

शिकोहाबाद क्षेत्र के गांधी आश्रम में नौकरी करने वाले दो युवक बाइक से शिकोहाबाद जा रहे थे। तभी मैक्स लोडर ने बाइक को एसपी कोल्ड स्टोरेज के पास रौंद दिया। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने शिकोहाबाद मैनपुरी रोड को जाम कर दिया। करीब डेढ़ घंटे तक जाम लगा रहा। चरण सिंह उर्फ बॉबी पुत्र धनपाल निवासी नगला राजाराम की मृत्यु हो गई। जबकि उनका रिश्तेदार विवेक पुत्र महेश चंद्र निवासी नगला कलू जसराना घायल हो गया। दो भाईयों में बड़ा था। छोटा भाई देवेंद्र है।



मृतक युवक (फाइल)

बुआ के लड़के विवेक को बाइक पर लेकर गांधी आश्रम जा रहे थे। तभी यह हादसा हो गया। परिजनों ने सड़क पर जाम लगा दिया। जो लगभग डेढ़ घंटे तक लगा रहा। सीओ के न पहुंचाने तक जाम लगा रहा। मरने वाले चरण की दो बेटियां हैं। एक नित्या और उपासना है। पत्नी दिव्या और मां मीना देवी का रो रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने मृतक की बेटियों के लिए आर्थिक सहायता की मांग की। जिसको लेकर काफी देर तक जाम लगा रहा। अधिकारियों के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने शव को उठने दिया।


## पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय नं. 2 ओ.सी.एफ., शाहजहाँपुर-242001

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

G20 भारत 2023 INDIA

दूरभाष : 05842-297715, 05842-297714

**WALK-IN INTERVIEW/साक्षात्कार**

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्र.-2 ओ.सी.एफ., शाहजहाँपुर सत्र 2024-25 के लिए अनुबंध अंशकालिक पूर्णतया अस्थाई आधार पर शिक्षकों का पैनल बनाने हेतु दिनांक 23, 28 एवं 29 फरवरी 2024 को प्रातः 8 बजे से साक्षात्कार का आयोजन करेगा।

| पद | साक्षात्कार की तिथि |
|---|---|
| प्राथमिक शिक्षक एवं कंप्यूटर अनुदेशक | 23 फरवरी 2024 |
| स्नातकोत्तर शिक्षक (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, जीवविज्ञान, भौतिकी, रसायन विज्ञान, वाणिज्य, भूगोल, अर्थशास्त्र, इतिहास, समाजशास्त्र एवं राजनीति विज्ञान) प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं संस्कृत) | 28 फरवरी 2024 |
| योग अनुदेशक, खेल अनुदेशक, मार्शल आर्ट्स कोच, संगीत/नृत्य प्रशिक्षक, आर्ट एवं क्राफ्ट अनुदेशक, स्पेशल एजुकेटर, काउंसलर एवं नर्स | 29 फरवरी 2024 |

योग्य एवं इच्छुक आवेदक शैक्षिक अर्हता, आवेदन फॉर्म विस्तृत जानकारी के लिए विद्यालय की वेबसाईट https://no2shahjahanpur.kvs.ac.in/ का अवलोकन करें।



## कार्यालय नगर पंचायत शेरगढ़, जनपद बरेली

पत्रांक : 891/न.पं. शेरगढ़/वर्ष 2023-24 दिनांक 13.02.2024

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत शेरगढ (बरेली) को वित्तीय वर्ष 2023-24 में निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय उ.प्र. लखनऊ के पत्रांक 245/2024/228/नौ-5-2024/001- Computer No 1776761-NJPTSY/ नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 09 जनवरी 2024 के द्वारा नगरीय झील/तालाब/पोखर संरक्षण योजना के अन्तर्गत स्वीकृत धनराशि अंकन-32.14 लाख के सापेक्ष प्रथम किस्त के रूप में प्राप्त धनराशि से निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार समस्त ठेकेदारों/सप्लायर्स से ई-टेण्डरिंग की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा की शर्तों का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लें।

| क्र.सं. | नगर पंचायत/NP Stage | ठेकेदार/Vender Stage | प्रारम्भ दिनांक व समय | अन्तिम दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | - | 13.02.2024 11:00 | 04.03.2024 12:00 |
| 2 | - | Tender Download | 13.02.2024 11:30 | 04.03.2024 12:00 |
| 3 | - | Bid Submission | 13.02.2024 12:00 | 04.03.2024 12:00 |
| 4 | Close for Bid | - | - | 04.03.2024 12:00 |
| 5 | Bid Opening | 05.03.2024 | - | - |

नोट : निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं शर्तें www.etender.up.nic.in देखे व डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शेरगढ़ जनपद बरेली** **अध्यक्ष नगर पंचायत शेरगढ़ जनपद बरेली**



## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता 47वाँ(वि0/यॉ0) वृत्त, लो0नि0वि0, मुरादाबाद

पत्रांक 323/3 WE (B14)- 47/24 दिनांक:- 7/02/2024

**अल्प कालीन ई निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु प्रतिशत दरों के आधार पर ऑनलाईन निविदायें वेबसाइट https://etender.up.nic.in के माध्यम से दिनांक 19.02.2024 से दिनांक 26.02.2024 दोपहर 12: 00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 26.02.2024 अपरान्ह 12: 30 बजे गठित समिति के सदस्यों द्वारा ऑनलाईन खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में बिड उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्यदिवस में खोली जायेगी।

कार्य का विवरण निम्नवत् है :-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत रु0 (लाख में) | धरोहर धनराशि रु0 (लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी0एस0टी) सहित (रू0) | क्षेत्र का नाम | सम्बन्धित अधिशासी अभि0 का पता | निविदा हेतु पात्रता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | जनपद बरेली में किला क्रासिंग से अलखनाथ मंदिर से चौधरी तालाब तक स्ट्रीट लाईट पोल एवं स्ट्रीट लाईट स्थापना एवं विद्युतीकरण का कार्य। | 69.65 लाख + जी0एस0टी0 अतिरिक्त | 5.48 लाख | 45 दिन | 2000+300 + 54= 2354.00 | बरेली | अधिशासी अभियन्ता विद्युत / यांत्रिक खण्ड लो0नि0वि0 बरेली | ए श्रेणी में विद्युत कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदार, |
| 2 | जनपद बरेली में कुदेशिया क्रासिंग हार्टमैन ब्रिज तक स्ट्रीट लाइट पोल एवं स्ट्रीट लाईट स्थापना एवं विद्युतीकरण का कार्य। | 52.74 लाख + जी0एस0टी0 अतिरिक्त | 4.63 लाख | 45 दिन | 2000+300 + 54 = 2354.00 | बरेली | अधिशासी अभियन्ता विद्युत / यांत्रिक खण्ड लो0नि0वि0 बरेली | ए श्रेणी में विद्युत कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदार |
| 3 | जनपद बरेली में हार्टमेन ब्रिज से रामलीला मैदान तक स्ट्रीट लाईट पोल एवं स्ट्रीट लाईट स्थापना एवं विद्युतीकरण का कार्य। | 47.17 लाख + जी0एस0टी0 अतिरिक्त | 4.36 लाख | 45 दिन | 2000+300 + 54 = 2354.00 | बरेली | अधिशासी अभियन्ता विद्युत / यांत्रिक खण्ड लो0नि0वि0 बरेली | ए श्रेणी में विद्युत कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदार |
| 4 | जनपद बरेली में कुदेशिया क्रासिंग वाया नैनीताल रोड से त्रिवटी नाथ मंदिर से धर्मकाटा चौराहा तक स्ट्रीट लाईट पोल एवं स्ट्रीट लाईट स्थापना एवं विद्युतीकरण का कार्य। | 59.88 लाख + जी0एस0टी0 अतिरिक्त | 5.00 लाख | 45 दिन | 2000+300 + 54 = 2354.00 | बरेली | अधिशासी अभियन्ता विद्युत / यांत्रिक खण्ड लो0नि0वि0 बरेली | ए श्रेणी में विद्युत कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदार |
| 5 | जनपद बरेली में धूपेश्वर नाथ मंदिर वाया युगविणा लाइब्रेरी से बदायूँ रोड, बदायूँ रोड स्टेशन रोड पुलिस चौकी तक स्ट्रीट लाईट पोल एवं स्ट्रीट लाईट स्थापना एवं विद्युतीकरण का कार्य। | 85.49 लाख + जी0एस0टी0 अतिरिक्त | 6.27 लाख | 45 दिन | 2000+300 + 54 = 2354.00 | बरेली | अधिशासी अभियन्ता विद्युत / यांत्रिक खण्ड लो0नि0वि0 बरेली | ए श्रेणी में विद्युत कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदार |
| 6 | जनपद बरेली में सुभाष नगर पुलिया से रेलवे कालोनी से तपेश्वरनाथ मंदिर तक स्ट्रीट लाईट पोल एवं स्ट्रीट लाईट स्थापना एवं विद्युतीकरण का कार्य। | 53.15 लाख + जी0एस0टी0 अतिरिक्त | 4.66 लाख | 45 दिन | 2000+300 + 54 = 2354.00 | बरेली | अधिशासी अभियन्ता विद्युत / यांत्रिक खण्ड लो0नि0वि0 बरेली | ए श्रेणी में विद्युत कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदार |
| 7. | जनपद बरेली में बदायूँ रोड 84 घण्टा मंदिर से मणिनाथ मंदिर तक स्ट्रीट लाईट पोल एवं स्ट्रीट लाईट स्थापना एवं विद्युतीकरण का कार्य। | 23.49 लाख + जी0एस0टी0 अतिरिक्त | 2.35 लाख | 45 दिन | 500+300+ 54 = 854. 00 | बरेली | अधिशासी अभियन्ता विद्युत / यांत्रिक खण्ड लो0नि0वि0 बरेली | ए श्रेणी में विद्युत कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदार |
| 8 | जनपद बरेली में मणिनाथ मंदिर से मणिनाथ क्रोसिंग से सिटी शमशान भूमि तक द्धअंडर पास ऋ स्ट्रीट लाईट पोल एवं स्ट्रीट लाईट स्थापना एवं विद्युतीकरण का कार्य। | 27.10 लाख + जी0एस0टी0 अतिरिक्त | 2.71 लाख | 45 दिन | 500+300+ 54 = 854. 00 | बरेली | अधिशासी अभियन्ता विद्युत / यांत्रिक खण्ड लो0नि0वि0 बरेली | ए श्रेणी में विद्युत कार्य हेतु पंजीकृत ठेकेदार |

निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाइट https://etender.up.nic.in से दिनांक 19.02.2024 से दिनांक 26.02.2024 दोपहर 12: 00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। इच्छुक एवं सम्बन्धित ठेकेदार विस्तृत जानकारी हेतु उपरोक्त बेवसाइट पर लॉगिन करें।

शासनादेश सं0 1 / 2016/3070/78-2-2018/42आई0टी0/2071 (22), दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी बिड खोलने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग / कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।

UP - 203522 दिनांक 15.02.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

**( अनिल कुमार )** (अधिशासी अभियन्ता) वि0/याँ0 खण्ड लो0नि0वि0 बरेली

**(मुराद अहसन)** अधीक्षण अभियन्ता 47 वॉ (वि0/यॉ0) वृत्त, लो0 नि0 वि0, मुरादाबाद


## किसानों के बंद को कांग्रेस का समर्थन फिरोजाबाद में प्रदर्शन

**अमृत विचार फिरोजाबाद।** जिला कांग्रेस कमेटी ने किसानों के राष्ट्रव्यापी बंद को समर्थन किया और प्रदर्शन कर केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों का विरोध किया। प्रदर्शन करते समय कांग्रेसियों के हाथों में पटिकाएं थीं जिन पर लिखा था ''किसान विरोधी यह सरकार नहीं चलेगी'', ''रोजगार विरोधी ये सरकार नहीं चलेगी''। जिलाध्यक्ष संदीप तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार जनविरोधी है। राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान जनता के लिए संघर्ष कर रहे हैं और जनता का भरपूर प्यार उन्हें मिल रहा है। प्रदर्शन में मनोजंबी भटेले, खजांची दिवाकर, विनय यादव, सचिन यादव, खेतपाल, रोशन सिंह, तेजवीर, रामप्रकाश, बृजमोहन, राकेश, हरस्वरूप उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत सैफुल्लागंज वि.खं. इस्लामनगर बदायूं

**अल्पकालीन निविदा 16-02-2024**

समस्त सामग्री आपूर्ति यथा (सीमेंट, रेता, बजरी, बदरफुट ईट, सरिया, एंगिल, रोडा) आदि को सूचित किया जाता है कि मनरेगा राज्य वित्त, केन्द्र वित्त योजना (2023-24) के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत सैफुल्लागंज वि.खं. इस्लामनगर बदायू में निम्न कार्य हेतु निवादाएं आमंत्रित की जाती है। अतः समस्त संबंधित आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि निविदा की तारीख से सामग्री की दरे बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 20-02-2024 को शाम 3:00 बजे तक कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:-

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित धनराशि |
|---|---|---|
| 1. | राम भरोसे के मकान से रामरहीस के मकान तक इंटरलॉक निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार |

**सचिव** **प्रधान**



## कार्यालय ग्राम पंचायत मनेहरा, वि.खं. बिथरी चैनपुर, जिला बरेली

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी अधिकृत फर्मों व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मनेहरा, बिथरी चैनपुर में मनरेगा व ग्राम निधि के अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार उच्च कोटि की निर्माण सामग्री, सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, सरिया, ईंट की रोड़ी, प्रथम ईंट एवं इंटरलॉकिंग ईंट आदि की सीलबन्द निविदाएं दिनाँक 17.02.24 से दिनांक 22.02.2024 सायं 4 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में डाली जा सकती हैं। मोहर बंद निविदाएं निविदादाता व उसके प्रतिनिधि के समक्ष दिनांक 23-02-24 को सार्वजनिक रूप से ग्राम पंचायत सचिव की अध्यक्षता में सायं 4 बजे खोली जायेगी। कराये जाने वाले कार्य का विवरण इस प्रकार है :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु० माप | अनु० लागत | योजना |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मस्जिद से रामेश्वर के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 79 मी. | 3,99,333/- | मनरेगा |
| 2. | रामेश्वर के घर से विजयस के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 122 मी. | 4,42,142/- | ग्राम निधि |
| 3. | अकील अहमद के घर से मुन्ना लाल के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 68 मी. | 2,65,639/- | ग्राम निधि |

**ग्राम प्रधान-मंजूर अहमद** **सचिव-अजय वंश**



## कार्यालय ग्राम पंचायत कीरतपुर, वि.खं. बिथरी चैनपुर, जिला बरेली

**निविदा आमंत्रण सूचना**

सभी अधिकृत फर्मों व विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कीरतपुर, बिथरी चैनपुर में मनरेगा व ग्राम निधि के अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार उच्च कोटि की निर्माण सामग्री, सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, सरिया, ईंट की रोड़ी, प्रथम ईंट एवं इंटरलॉकिंग ईंट आदि की सीलबन्द निविदाएं दिनाँक 17.02.24 से दिनांक 22.02.2024 सायं 4 बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में डाली जा सकती हैं। मोहर बंद निविदाएं निविदादाता व उसके प्रतिनिधि के समक्ष दिनांक 23-02-24 को सार्वजनिक रूप से ग्राम पंचायत सचिव की अध्यक्षता में अपरान्ह 12 बजे खोली जायेगी। कराये जाने वाले कार्य का विवरण इस प्रकार है :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनु० माप | अनु० लागत | योजना |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम पंचायत में अस्थायी गौआश्रय स्थल निर्माण | 01 | 9,98,500/- | मनरेगा |
| 2. | हरपाल सिंह की जगह से देवस्वरूप के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | 60 मी. | 2,35,865/- | ग्राम निधि |

**ग्राम प्रधान-श्री डालचन्द** **सचिव-अजय वंश**



## कार्यालय ग्राम पंचायत गुलड़िया महीपत, वि.खं. भदपुरा, जिला बरेली

**निविदा आमंत्रण सूचना**

पंचायत गुलड़िया महीपत की कार्ययोजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में 15वां वित्त आयोग व पंचम वित आयोग ग्राम निधि/मनरेगा की धनराशि से ग्राम पंचायत में निम्नलिखित कार्य कराने जाने हेतु-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | माप | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा ग्राम निधि द्वारा छोटे लाल के घर से रामचन्द्र के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 110 मी. | 2,49,00/- |
| 2. | मनरेगा/ग्राम निधि द्वारा मास्टर के घर से राजू के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 22 मी. | 3,50,000/- |
| 3. | मनरेगा/ग्राम निधि द्वारा कुंवर सेन घर के पास से सत्यवीर की जगह के पास तक नाली निर्माण कार्य | 150 मी. | 3,50,000/- |

उक्त सभी कार्य कराने हेतु इच्छुक ठेकेदार साम्रगी की आपूर्ति के लिए सीलबन्द निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 17.02.2024 तक आमंत्रित की जाती है जोकि दिनांक 19.02.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक खोली जायेंगी। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

**दुर्गा प्रसाद (ग्राम प्रधान)** **राजू सिंह (सचिव)**



## कार्यालय नगर पालिका परिषद

लखीमपुर खीरी (उ.प्र. 262701)

फोन : 05872-278425 www.npplakhimpur.in E-mail : eonpplakhimpurlk-up@nic.in

पत्रांक : 2244/जननिर्माण/एम.बी.एल./2023-24 दिनांक : 15.2.2024

**अल्पकालिक मैन्यूवल निविदा की प्रेस सूचना**

राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि के अन्तर्गत स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में विभिन्न श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से मैन्यूवल विधि के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित जाती है। कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत् है :-

| क्र. सं. | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | बिड सिक्योरिटी (ई.एम.डी.) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | लखीमपुर-खीरी | गाँधी विद्यालय के निकट नव निर्मित पुलिया की हाटमिक्स से एपरोध का कार्य। | 2,85,914.00 | 28,591.00 | 500.00 | 15 दिवस |

1. निविदा प्रपत्र बिक्री करने की तिथि 14.02.2024 तक स्थान-कार्यालय नगर पालिका परिषद, लखीमपुर एवं स्थानीय निकाय कक्ष कलेक्ट्रेट खीरी में समय प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 04:00 बजे तक।
2. निविदा आमंत्रित करने की अन्तिम तिथि 24.02.2024 समयअपरान्ह 04:00 बजे तक स्थान कार्यालय नगर पालिका परिषद, लखीमपुर एवं स्थानीय निकाय कक्ष कलेक्ट्रेट खीरी।
3. टेक्निकल निविदा खोलने की तिथि 24.02.2024 सायं 05:00 बजे।
4. फाइनेन्शियल निविदा टेक्निकल बिड स्वीकृत उपरान्त खोली जायेगी।

**नियम व शर्तें :-**

1. समस्त निविदादाता शासन के पत्र संख्या :तक.सेल/07/निदे./2019 दिनांक 28 जून 2019 के अनुसार हैसियत एवं कैटेगरी (क्लास-ए, बी.सी, डी, ई) की व्यवस्था अन्तर्गत ही निविदाओं में प्रतिभाग करेंगे। उक्त शासनादेश का पालन न करने पर निविदादाता की निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
2. सम्मिलित ठेकेदार को स्वीकृत राशि की नियमानुसार जमानत धनराशि 10 प्रतिशत आर.टी.जी.एस. के माध्यम से कैनरा बैंक मुख्य शाखा लखीमपुर में नगर पालिका परिषद, लखीमपुर के खाता संख्या 2910101004088 IFSC CODE CNRB0002910 अथवा एफ.डी.आर./टी.डी.आर. के रूप में जमा किया जाना अनिवार्य होगा।
3. निविदादाता निविदा के साथ 100/- के स्टाम्प पर इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत करेगा कि उसका कोई भी सगा-सम्बन्धी पालिका में कार्यरत नहीं है, न ही कोई सेवानिवृत्त हुआ है।
4. निविदादाता को निविदा के साथ 100/- टी-6 (नान ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर) जमा करना अनिवार्य होगा।
5. आयकर, रॉयल्टी, लेबर सेस आदि की कटौती ठेकेदार के भुगतान बिल से की जायेगी।
6. कार्यादेश निगर्त किए जाने के पश्चात कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व, कार्य किए जाते समय एवं कार्य समाप्ति से सम्बन्धित साइट का फोटोग्राफ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. समस्त निर्माण कार्य निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के अनुरूप होगी।
8. हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, जी.एस.टी. पंजीकरण प्रमाण पत्र, आयकर/श्रमकर आदि समस्त प्रपत्र निविदा के साथ स्वप्रमाणित कर जमा करना अनिवार्य होगा।
9. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त तीन दिवस के अन्दर नियमानुसार अपने व्यय पर 100/- का स्टाम्प पेपर अनुबन्ध हेतु जमा करना अनिवार्य होगा।
10. यदि निविदा खोले जाने वाले दिवस में अवकाश रहता है तो निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।
11. सशर्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
12. निविदा पर कटिंग या उपरिलेखन होने पर निविदा अमान्य होगी।
13. समस्त या किसी भी निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार पालिका के अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष महोदय में निहित होगा।

**(संजय कुमार) अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, लखीमपुर।** **(डा. इरा श्रीवास्तव) अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, लखीमपुर।**

अनाहूत : प्रविशति अपृष्टो बहु भाषते।
अविश्वस्ते विश्वसिति मूढ़चेता नराधम : ।।

मूढ़ चित्त वाला नीच व्यक्ति बिना बुलाए ही अंदर चला आता है, बिना पूछे ही बोलने लगता है तथा जो विश्वास करने योग्य नहीं हैं,उन पर भी विश्वास कर लेता है।

## संपादकीय

# बिखरता विपक्षी कुनबा

2024 लोकसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे सात माह पूर्व बना आइएनडीआइए गठबंधन बिखरता जा रहा है। उससे जुड़े सहयोगी दल चाहें कितना भी दावा करें कि हम गठबंधन के साथ हैं, लेकिन पार्टियों में चलता अंतर्द्वंद्व और असीम महत्वाकांक्षाओं की वजह से कोई मजबूत पहल सिरे चढ़ते नहीं दिख रही है। गुरुवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ फारूक अब्दुल्ला ने अकेले दम पर चुनाव लड़ने की बात कही है। उनका कहना है कि उनकी पार्टी किसी भी दल के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन नहीं करेगी। हालांकि बाद में उनके बेटे उमर अब्दुल्ला ने सफाई देते हुए कहा कि हम आइएनडीआइए से अलग नहीं हो रहे हैं। आइएनडीआइए के साथ अभी सीटों पर तालमेल को लेकर कोई अंतिम बातचीत नहीं हुई है। यह कहना गलत नहीं होगा कि विपक्षी एकता की कमजोरी की मुख्य वजह क्षेत्रीय दलों में किसी भी कीमत पर समझौते की मंशा का न दिखना है। इसके अलावा एक के बाद एक गठबंधन के प्रमुख चेहरों का गठबंधन से दूरी बनाना मुख्य कारणों में से एक है। जैसे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आइएनडीआइए के मुख्य सूत्रधार माने जा रहे थे, लेकिन उनका अचानक से एनडीए में शामिल होना गठबंधन के लिए बहुत बड़ा झटका था। इसके बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गठबंधन के प्रमुख नेता जयंत चौधरी का भी एनडीए में शामिल होना गठबंधन के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है। गौरतलब है कि सीटों के बंटवारे को लेकर विपक्षी गठबंधन में शुरू से ही स्थिति साफ नहीं हो सकी है। जबकि सीटों के बंटवारे को लेकर कई बार बैठकें भी हुईं, लेकिन उन बैठकों का कोई ठोस नतीजा नहीं निकल सका। यदि सीटों की स्थिति पर बात करें तो बंगाल में टीएमसी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पहले ही कह चुकी हैं कि उनकी पार्टी अकेले लोस चुनाव लड़ेगी। पंजाब में भी सत्ताधारी आम आदमी पार्टी कांग्रेस के साथ सीटों के बंटबारे को लेकर ठोस नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है। यही स्थिति दिल्ली और उत्तर प्रदेश में है।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ही सभी राज्यों में अपनी पहचान रखती है, ऐसे में सभी क्षेत्रीय दलों को कांग्रेस के साथ ही सीटों का बंटबारा करना होगा, लेकिन कोई भी दल कांग्रेस के साथ चुनाव लड़ने में खास दिलचस्पी नहीं दिखा रहा है। गठबंधन के दिन ब दिन बिखरने का मुख्य कारण यह भी है कि गठबंधन अपना प्रधानमंत्री का चेहरा स्पष्ट नहीं कर सका। इसकी मुख्य वजह है कि कांग्रेस अपनी पार्टी के किसी चेहरे को प्रधानमंत्री की दावेदारी के रूप में आगे करना चाहती है और इस पर वह कहीं पर भी समझौते की स्थिति में नहीं दिख रही है। टीएमसी ममता बनर्जी को प्रधानमंत्री पद का दावेदार बनाना चाह रही थी। कहना गलत नहीं होगा कि पार्टियों की असीम महत्वाकांक्षाओं की वजह से विपक्षी गठबंधन आइएनडीआइए में आपस में कोई सामंजस्य नहीं बना सका जिसकी वजह से गठबंधन बिखरता जा रहा है।

# भारत की सांस्कृतिक विजय का प्रतीक अबू धाबी मंदिर



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

अयोध्या के भव्य राम मंदिर में जिस तरह प्राण-प्रतिष्ठा की गई,उसी तरह मंत्रोच्चार और आरती के साथ अबू धाबी के इस मंदिर में भी प्राण प्रतिष्ठा की गई। दरअसल यह मंदिर भारत-अमीरात की प्राचीन दोस्ती की मिसाल है। यह अरब देश भारत का तीसरा सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार है।

अबू धाबी में स्वामीनारायण संप्रदाय के भव्य मंदिर का शुभारंभ बीती 14 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। संयुक्त अरब अमीरात में हिन्दू धर्म के अनुसार सार्वजनिक रूप से पूजा-पाठ विशेष रूप से मूर्ति पूजा की अनुमति नहीं थी,लेकिन बीते कुछ दशकों में कुछ छोटे-छोटे देशों के इस समूह में भारतीयों की संख्या जिस तेजी से बढ़ी उसने उन्हें अमीरात की जरूरत बना दिया। बदलते वक्त के साथ यूएई की सोच भी बदल रही है। उसी का नतीजा है कि वहां आज एक भव्य हिंदू मंदिर स्थापित हो पाया है। ये मंदिर दुबई-अबू धाबी शेख जायद हाईवे के पास अल रहबा में अबु मुरेखा नाम की जगह पर बना है। ये मंदिर बोचासनवासी श्री अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था यानी बीएपीएस ने बनाया है। दुनियाभर में इस संस्था के 1200 से ज्यादा मंदिर हैं। दिल्ली और गुजरात में अक्षरधाम मंदिर इसी संस्था ने बनाया है। अबू धाबी में मंदिर की कल्पना बीएपीएस के प्रमुख स्वामी महाराज ने 5 अप्रैल 1997 को की थी। उनका मानना था कि अबू धाबी में भी एक मंदिर होना चाहिए जिससे देश, संस्कृति, समुदाय और धर्म और करीब आ सकें।

अबू धाबी के शासक ने बड़ी ही उदारता से भूमि प्रदान की जो किसी इस्लामिक देश में कल्पनातीत है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया जाना पूरी तरह सही होगा,क्योंकि उन्होंने अपने दस वर्ष के कार्यकाल में संयुक्त अरब अमीरात के शाही परिवारों से आत्मीय रिश्ते बना लिए। यही वजह है कि पाकिस्तान और भारत के बीच किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में वे हमारे पक्ष में खड़े नजर आए। निश्चित रूप से इसके पीछे उन लाखों भारतीयों का भी योगदान है जिन्होंने अपने परिश्रम और सदाचरण से वहां की सरकार और समाज का विश्वास अर्जित किया। दुनिया के अनेक देशों में स्वामी नारायण संप्रदाय के भव्य मंदिर बने हैं,किंतु अबूधाबी का यह मंदिर उन लोगों के मुंह पर तमाचा है,जो भारत में मंदिर बनाए जाने पर नाक सिकोड़ते हैं।

अबू धाबी के शासक ने बड़ी ही उदारता से भूमि प्रदान की जो किसी इस्लामिक देश में कल्पनातीत है। इसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया जाना पूरी तरह सही होगा,क्योंकि उन्होंने अपने दस वर्ष के कार्यकाल में संयुक्त अरब अमीरात के शाही परिवारों से आत्मीय रिश्ते बना लिए। यही वजह है कि पाकिस्तान और भारत के बीच किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में वे हमारे पक्ष में खड़े नजर आए। निश्चित रूप से इसके पीछे उन लाखों भारतीयों का भी योगदान है जिन्होंने अपने परिश्रम और सदाचरण से वहां की सरकार और समाज का विश्वास अर्जित किया।

इसी के साथ ये मुस्लिम कट्टरपंथियों के लिए भी सबक है,जो अतीत में मंदिरों को तोड़कर बनाई गई मस्जिदों पर हिंदुओं के दावे को स्वीकार करने की सौजन्यता दिखाने के बजाय उसमें अड़ंगे लगाया करते हैं। अयोध्या में गत 22 जनवरी को राममंदिर के शुभारंभ के अवसर पर समूचे विश्व के सनातन प्रेमियों ने हर्षाल्लास मनाया।

संयुक्त अरब अमीरात के रेगिस्तान में हिंदू मंदिर बना है। यह दुनिया के किसी अजूबे, करिश्मे और अभूतपूर्व मिसाल से कम नहीं है। इसके गहरे सामाजिक-सांस्कृतिक निहितार्थ भी हैं,जिन्हें दुनिया पढ़ेगी और समझेगी। अरब के इस्लामी देश अमूमन कट्टरपंथी, धार्मिक तौर पर संकीर्ण और असहिष्णु माने जाते रहे हैं। यह मंदिर उन धारणाओं को खंडित करता है। अबू धाबी शहर के मरुस्थल में बने हिंदू मंदिर में मिस्र, एजटेक, अफ्रीकी, यूरोपीय और चीनी सभ्यताओं के प्रतिचिह्न भी हैं और कहानियां भी हैं। कुरान को भी देखा जा सकता है,जो 'वॉल ऑफ हॉरमोनी' बनाई गई है, वह सर्वधर्म समभाव का दुर्लभ उदाहरण है। वोहरा समुदाय के मुसलमानों ने उसमें योगदान दिया है। हिंदू के अलावा बौद्ध, जैन, ईसाई संप्रदायों की प्रतिमाएं भी हैं। यकीनन यह मंदिर अध्यात्म और आस्थाओं का सामंजस्य है,सह-अस्तित्व का बेजोड़ नमूना है। करीब 27 एकड़ भूखंड के आधे भाग में बनाए गए मंदिर के लिए संयुक्त अरब अमीरात के इस्लामी शासक, राष्ट्रपति शेख मुहम्मद बिन जायद ने जमीन दान में दी और अरब देश में हिंदू स्वामीनारायण मंदिर बनाने की इजाजत भी दी। इससे व्यापक सहिष्णुता और धार्मिक उदारता और क्या हो सकती है? महत्वपूर्ण यह भी है कि हिंदू मंदिर बनाने का न तो कोई विरोध किया गया और न ही कोई दंगा-फसाद भड़का। किसी अन्य अरब देश ने भी आपत्ति नहीं की। असल में यही धर्मनिरपेक्षता है। मंदिर के सात शिखर सात महत्वपूर्ण भगवानों को समर्पित हैं। भगवान राम, भगवान शिव, भगवान कृष्ण, भगवान जगन्नाथ, भगवान स्वामीनारायण, तिरुपति बालाजी और भगवान अयप्पा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। सात शिखर अरब के सात अमीरात के भी प्रतीक हैं। हिंदू मंदिर में गंगा, यमुना, सरस्वती नदियों को प्रतीक-रूप में बनाया गया है। समुद्री जहाजों से पवित्र नदियों के जल अबू धाबी में लाए गए और अब वही जल इन प्रतीकात्मक नदियों में प्रवाहित हो रहा है। मंदिर के आंगन में वाराणसी का घाट भी बनाया गया है।

ऐसे बिम्बात्मक भारत की कल्पना हमने तो कभी नहीं की थी। मंदिर में खासतौर पर 96 घंटियां बनाई गईं हैं। घंटियां हमारे मंदिर की सार्थक पहचान होती हैं। मंदिर को देखें, तो 'लघु हिंदुस्तान' प्रतीत होता है। मंदिर परिसर में एक 'दैवीय आंख' भी बनाई गई है जिसके जरिए क्या देखा जा सकता है, वह अनिर्वचनीय है। करीब 900 करोड़ रुपए की लागत से बने मंदिर में सफेद संगमरमर, राजस्थान का गुलाबी बलुआ पत्थर का ही प्रयोग किया गया है। नागर शैली में बनाए गए मंदिर में कोई लोहा, इस्पात जैसी धातु का इस्तेमाल नहीं किया गया है। मंदिर के 402 स्तंभों पर जो मूर्तियां,पशु-पक्षी, जानवर उकेरे गए हैं, उस नक्काशी का वर्णन एक आलेख में नहीं किया जा सकता। मेजबान देश को समान प्रतिनिधित्व देने के लिए भारतीय पौराणिक कथाओं में हाथी, ऊंट और शेर जैसे महत्वपूर्ण स्थान रखने वाले जानवरों के साथ संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रीय पक्षी बाज को भी स्थान दिया गया है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि एक अरब, इस्लामी देश में हिंदू मंदिर बनाया गया है और भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने उसका उद्घाटन किया है। यह हमारे देश के लिए गरिमापूर्ण सम्मान है।

अयोध्या के भव्य राम मंदिर में जिस तरह प्राण-प्रतिष्ठा की गई,उसी तरह मंत्रोच्चार और आरती के साथ अबू धाबी के इस मंदिर में भी प्राण प्रतिष्ठा की गई। दरअसल यह मंदिर भारत-अमीरात की प्राचीन दोस्ती की मिसाल है। यह अरब देश भारत का तीसरा सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार है। करीब 39 लाख भारतीय यहां बसे हैं और काम कर रहे हैं। अमेरिका, सऊदी अरब, नेपाल के बाद संयुक्त अरब अमीरात चौथा देश है,जहां इतनी बड़ी संख्या में भारतीय बसे हैं। आर्थिक और कूटनीतिक संबंधों के अलावा आध्यात्मिक आत्मीयता और सहिष्णुता ज्यादा मायने रखती है। वैसे तो इंडोनेशिया और मलेशिया जैसे इस्लामिक देशों में भी हिंदू मंदिर प्राचीनकाल से हैं,परंतु किसी अरब देश में इतना भव्य नया मंदिर बनना भारत की कूटनीतिक से अधिक सांस्कृतिक विजय है।

संयुक्त अरब अमीरात ने इस्लामिक कानून से चलने वाली सत्ता होने के बावजूद अपने देश को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाने हेतु उदारवादी रवैया दिखाते हुए पूरी दुनिया से लोगों को वहां आकर काम करने और कमाने का अवसर दिया, लेकिन हिंदू मंदिर बनाने के लिए पहले अनुमति और फिर भूमि प्रदान करना इस बात का प्रमाण है कि वहां के शासक भारत और भारतीयों के महत्व को महसूस कर उनके प्रति सम्मान का भाव रखते हैं। इस मंदिर को इसीलिए धर्म विशेष से न जोड़कर राष्ट्रीय गौरव के तौर पर देखा जाना चाहिए।

## प्रसंगवश

# चुनौतियां और किताबों से प्यार

इस समय नई दिल्ली में विश्व पुस्तक मेला चल रहा है,जो 18 फरवरी तक चलेगा। अक्सर इस दौर में पुस्तकों पर छाए संकट की चर्चा होती रहती है। इन चर्चाओं के बीच एक सुखद खबर आई है। हाल ही में आयोजित कोलकाता पुस्तक मेले में 29 लाख लोगों ने दौरा किया और 27 करोड़ रुपये की ब्रिकी दर्ज की गई। इस दौर में हिंदी की किताबों को लेकर कई तरह की चुनौतियां हैं। एक तरफ पुस्तक मेले में स्टाल का किराया काफी बढ़ गया है तो दूसरी तरफ छोटे प्रकाशकों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि सरकार प्रकाशन उद्योग को अपेक्षित छूट नहीं दे रही है। हालांकि विभिन्न चुनौतियों के बावजूद किताबों से प्यार का रिश्ता कायम है। कोरोना काल में हमने पुनः किताबों का महत्व महसूस किया है। लॉकडाउन के दौरान पढ़ने-लिखने वाले लोगों ने किताबों के माध्यम से अपनी निराशा को दूर किया। यह सुखद ही है कि इंटरनेट के इस युग में भी किताबों का महत्व बरकरार है। इंटरनेट आगमन के शुरूआती दौर में यह चिंता व्यक्त की गई थी कि सूचना का यह आधुनिक माध्यम किताबों के लिए नुकसानदायक साबित होगा, लेकिन इंटरनेट का उपयोग बढ़ने के साथ-साथ किताबों की उपयोगिता भी बढ़ती चली गई। आज जबकि डिजिटल लाइब्रेरी की अवधारणा जन्म ले चुकी है तो ऐसे में पुनः किताबों का अस्तित्व खतरे में बताया जा रहा है,लेकिन सवाल यह है कि विदेशों में जहां डिजिटल लाइब्रेरी की अवधारणा हमारे देश से अधिक परिपक्व हो चुकी है,क्या किसी संकट की आहट सुनी गई है? विदेशों में इंटरनेट और डिजिटल लाइब्रेरी का अधिक उपयोग हो रहा है, लेकिन इसके बावजूद वहां किताबों की लोकप्रियता बरकरार है। हालांकि कुछ लोग 'किताबों पर संकट' जैसे जुमले उछालते रहते हैं,लेकिन वास्तविकता यह है कि न ही तो आज किताबों पर कोई संकट है और न ही भविष्य में रहेगा। किताबों से हमारा रिश्ता बहुत पुराना है और यह यूं ही कायम रहेगा, लेकिन आज जरूरत इस बात की है कि किताबें पाठकों तक भी पहुंचे। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि इस दौर में हिन्दी के ज्यादातर प्रकाशक किताबों को पाठकों तक पहुंचाने की ईमानदार कोशिश नहीं कर रहे हैं।



रोहित कौशिक
वरिष्ठ पत्रकार

# महानता और अंधविश्वास



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

यह अकारण नहीं, बल्कि सुविचारित चाल थी कि पुराने जमाने के लोगों ने जनता के दिमाग में देवताओं और मृत्यु के बाद के जीवन की बातें बैठाईं।

आज हम रोम की महानता के गुण गाते हैं,किंतु यह भूल जाते हैं कि रोम की महानता का आधार अंधविश्वास था। रोम की महानता के बारे में पोलिबियस ने लिखा कि मैं साहसपूर्वक यह बात कहूंगा कि संसार के शेष लोग जिस चीज का उपहास करते हैं,वह रोम की महानता का आधार है और उस चीज का नाम अंधविश्वास है।

इस तत्व का उसके निजी और सार्वजनिक जीवन के सभी अंगों में समावेश कराया गया है और इसने ऐसी खूबी से उनकी कल्पनाशक्ति को आक्रांत कर लिया है कि उस खूबी को बेहतर नहीं बनाया जा सकता। संभवतः बहुत से लोग इसकी विशेषता समझ नहीं पाएंगे,लेकिन मेरा मत है कि ऐसा लोगों को प्रभावित करने के लिए किया गया है। यदि किसी ऐसे राज्य की संभावना होती जिसके सभी नागरिक तत्वज्ञ होते तो इस तरह की चीज से हम बचे रह सकते थे,लेकिन सभी राज्यों में जनता अस्थिर है, निरंकुश भावनाओं, अकारण क्रोध और हिंसक आवेगों से ग्रस्त है। इसलिए केवल यही किया जा सकता है कि जनता को अदृश्य के भय से और इसी किस्म के पाखंडों से काबू में रखा जाए। यह अकारण नहीं,बल्कि सुविचारित चाल थी कि पुराने जमाने के लोगों ने जनता के दिमाग में देवताओं और मृत्यु के बाद के जीवन की बातें बैठाईं। हमारी मूर्खता और विवेकहीनता यह है कि हम इस प्रकार की भ्रांतियों को दूर करना चाहते हैं।

अंधविश्वास की बुनियादी विशेषता है अंधानुकरण,वैज्ञानिक विवेक का त्याग और स्वतंत्र चिंतन का विरोध। सामाजिक जीवन में इसका लक्ष्य था आम लोगों को अपने श्रेष्ठजनों के किसी भी आदेश के पालन का अभ्यस्त बनाया जाए। दूसरा वे उन्हीं पर भरोसा करना सीखें जो हर मामले में समान भाव से धार्मिक विधि-विधानों का पालन करते हों। कलाओं की दुनिया में इसने नयनाभिराम चित्रों और मधुर गीतों की सृष्टि की। नयनाभिराम चित्रों और मधुर गीत-संगीत को मंदिरों में मानदंड के रूप में स्थापित किया गया। कला के क्षेत्र में किसी को यह इजाजत नहीं थी कि उनमें परिवर्तन करे। इसके कारण कलाओं के रूप सैकड़ों वर्षों तक अपरिवर्तित रहे। किसी ने यह साहस नहीं दिखाया कि कलाओं और मधुर गीतों में परिवर्तन करे। ये कलारूप सैकड़ों वर्षों से एक जैसे हैं। मिस्र के कलारूप इस अंधानुकरण के आदर्श उदाहरण हैं। कई हजार साल से उनकी शैली में किसी तरह का परिवर्तन नहीं हुआ है। इस दौरान वे न तो बेहतर बन पाए और न बदतर ही बन पाए।

इसी तरह अंधविश्वास को जनप्रिय बनाने में झूठ खासकर इष्टकर झूठ की बहुत बड़ी भूमिका रही है। एक ऐसा झूठ, उदात्त झूठ जिसके सहारे संपूर्ण समुदाय को संभव हो सके तो शासकों को भी स्वीकार करने के लिए राजी किया जा सके। इस तरह के झूठ के आदर्श उदाहरण हैं हमारे रीति-रिवाज और संस्कार जिनकी प्रशंसा करते हुए हमारे शास्त्र थकते नहीं हैं। रीति-रिवाज और संस्कारों की प्रशंसा के क्रम में सबसे ज्यादा हमला स्वतंत्र चिंतन पर किया गया, उन लोगों पर हमले किए गए जो स्वतंत्र चिंतन के हिमायती थे,जो प्रत्येक बात पर शंका करते थे। प्रश्न करते थे। अंधविश्वास का ही एक आयाम है चमत्कार वर्णन और दंतकथा। चमत्कार वर्णन और दंतकथाओं ने अंधविश्वासों को आम जनता के जीवन में उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। किसी भी दर्शनवेत्ता और धर्मशास्त्री के उपदेशों के द्वारा पुरुषों और औरतों के समूहों को श्रद्धा, भक्ति और विश्वास की ओर नहीं मोड़ा जा सकता था। इनको प्रभावित करने के लिए अंधविश्वास का लाभ उठाना पड़ता था। यह कार्य चमत्कार वर्णन और दंतकथाओं के बिना संभव नहीं था। कालांतर में इसने नागरिक जीवन की प्राचीन व्यवस्था और साथ ही, वास्तविक सृष्टि संबंधी स्थापनाओं में मिथकशास्त्र के रूप में सम्मान जनक स्थान प्राप्त कर लिया।

कौटिल्य का अंधविश्वास में विश्वास नहीं था, किंतु उन्होंने राज्य के कौशल के तौर पर अर्थशास्त्र में अंधविश्वास की चर्चा की है। उनका न तो राजा के दैवी अधिकार और उसकी सर्वज्ञता की सच्चाई में विश्वास था और न वे यह चाहते थे कि स्वयं शासक इस तरह की वाहियात बात को सच मानें। वे सुझाव देते हैं कि राज्य को अपनी आंतरिक और बाह्य स्थितियों को सुदृढ़ करने के लिए सामान्य लोगों की अंधमान्यताओं का लाभ उठाना चाहिए। अंधविश्वास के साथ-साथ पुनर्जन्म और कर्मफल की प्राप्ति की धारणा का भी व्यापक पैमाने पर इस्तेमाल किया गया। इसका साहित्य पर भी गहरा प्रभाव पड़ा। हजारी प्रसाद द्विवेदी के अनुसार साहित्य में काव्य-रूढ़ियों का चलन शुरू हुआ।

## सोशल फोरम

# अनिवार्य मिलिट्री सेवा

इस उन्माद, नफरत, क्रोध और बदला लेने की इच्छा से भरे माहौल में अक्ल की बात करने वाले को भी लोग देशद्रोही ठहरा देंगे,लेकिन इसके बावजूद भी एक बात तो मैं जरूर कहूंगा कि जिनको युद्ध का,उसकी विभीषका कोई अनुभव ही नहीं वो ही युद्ध की बाते ज्यादा करते हैं। खास कर हमारे राजनेता।

इधर इजराइल का नाम लेकर और उसकी बहादुरी की तारीफ में कसीदे पढ़ने वाले लोगों की एक बाढ़ सी आ गई है तो उन लोगों को बता दूं कि वहां के प्रधानमंत्री नेतान्याहू ने 1967 से 1973 तक इस्राइल डिफेंस सेवा में नौकरी भी की। अपनी नौकरी के दौरान उन्होंने कई खतरनाक मिशन में हिस्सा भी लिया। ऐसे ही एक मिशन में उनके कंधे पर गोली भी लगी।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

इजराइल के हर उस नागरिक के लिए सैनिक सेवा अनिवार्य है जो 18 वर्ष की उम्र से अधिक है। पुरुषों के लिए ये अवधि 2 साल आठ महीने और स्त्रियों के लिए 2 साल की है। इजराइल के अरब नागरिकों के लिए ये सेवा अनिवार्य नहीं है। अमेरिका में प्रेसिडेंट बनने के लिए मिलिट्री का अनुभव अनिवार्य नहीं है। फिर भी अमेरिका के 45 प्रेसिडेंट में से 29 के पास मिलिट्री में काम करने का अनुभव था और वो अच्छे पदों पर थे। इंग्लैंड में भी राजशाही के साथ जुड़े लोगों को मिलिट्री में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि उन्हें सेना का बेहतर अनुभव मिल सके। यह वहां की परंपरा भी है। अब अगर हमारे देश से तुलना करें तो यहां वही कौम सबसे बड़ी देशभक्त है जिनका सेना में सबसे कम योगदान है। देशभक्ति के सारे तगमे उनके सीने पर सजे हैं जिनका सेना में अनुभव का रिकॉर्ड सबसे खराब है। जहां सैनिक बनने की कोई परंपरा ही नहीं आज वही सबसे बड़े देशभक्त हैं।

सेना का अनुशासन और ईमानदारी एक बेहतर नागरिक बनने में सहायक होती है। आज भी अन्य क्षेत्रों की तुलना में सेना में भ्रष्टाचार सबसे कम है। यहां जाति धर्म के नाम पर आपस मे नफरत भी नहीं है। इसलिए सरकार सबसे पहले ऐसा ही अनिवार्य मिलिट्री सेवा का नियम यहां भी लाए। खासकर उनके लिए तो ये बिल्कुल जरूरी होना चाहिए,जो देशसेवा करना चाहते हों।

**-फेसबुक वॉल से**

# भाजपा के एजेंडे का मुख्य हिस्सा है यूसीसी



प्रो. विवेकानंद तिवारी
अध्यक्ष, आंबेडकर पीठ
एचपीयू, शिमला

1991 के लोकसभा चुनाव में भी बीजेपी ने कहा कि वो कॉमन सिविल लॉ के लिए लॉ कमीशन गठित करेगी,जो तमाम सिविल लॉ का अध्ययन करेगी।

यूनिफॉर्म सिविल कोड का मुद्दा आज का नहीं है। ये मुद्दा कई दशकों से चल रहा है। 1967 के आम चुनाव में जनसंघ ने चुनाव जीतने पर देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने का वादा किया था, लेकिन 1967 के आम चुनाव में जनसंघ की हार हुई। इसके बाद कुछ सालों तक यूनिफॉर्म सिविल कोड का मुद्दा गायब रहा। इसके बाद साल 1980 जनता पार्टी टूटी, इसी साल जनता पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ जिसमें 17-14 के बहुमत से जनसंघ से आए नेताओं को पार्टी के बाहर करने का फैसला लिया गया और इसके बाद बीजेपी का गठन हुआ। 1980 में लोकसभा चुनाव के करीब चार महीने बाद बीजेपी का गठन हुआ। इसके बाद 1984 में हुए लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने अपने घोषणापत्र में यूसीसी का कोई जिक्र नहीं किया। इस चुनाव में बीजेपी को सिर्फ दो सीटें मिली थीं। पार्टी के दिग्गज नेता अटल बिहारी वाजपेयी को बुरी हार का सामना करना पड़ा था। बाद में 1980 का मध्य आते-आते लालकृष्ण आडवाणी की अगुवाई में बीजेपी ने तीन एजेंडों-यूनिफॉर्म सिविल कोड, अनुच्छेद 370 की वापसी और राम मंदिर के निर्माण पर बेहद आक्रामक तरीके से काम करना शुरू किया। साल 1985 में शाहबानो मामले के बाद समान नागरिक संहिता का मामला जोर-शोर से गरमाया। बीजेपी और आरएसएस ने आक्रामक तरीके से यूनिफॉर्म सिविल कोड की मांग करनी शुरू की। 1989 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने अपने घोषणा पत्र में वादा किया कि अगर वह सत्ता में आई तो अलग-अलग पर्सनल लॉ की समीक्षा के लिए एक कमीशन गठित करेगी।

1991 के लोकसभा चुनाव में भी बीजेपी ने कहा कि वो कॉमन सिविल लॉ के लिए लॉ कमीशन गठित करेगी,जो तमाम सिविल लॉ का अध्ययन करेगी। बीजेपी सांसद लगातार संसद में भी यह मामला उठाते रहे। इसी बीच अल्मोड़ा से बीजेपी के सांसद बच्ची सिंह रावत 20 दिसंबर 1996 को यूसीसी पर प्राइवेट मेंबर बिल लेकर आए जिसका शीर्षक था 'यूनिफॉर्म मैरिज एंड डायवोर्स बिल'। हालांकि यह संसद में पास नहीं हो सका। 1986 में संघ ने अपनी अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में संविधान का हवाला देते हुए सरकार से यूनिफॉर्म सिविल कोड लाने की मांग की।

1995 में आरएसएस के अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल ने एक प्रस्ताव पारित कर देशभर के सांसदों से अपील की कि वे भले ही किसी पार्टी से ताल्लुक रखते हों,लेकिन नागरिकों के हित को ध्यान में रखते हुए यूनिफॉर्म सिविल कोड लाने का समर्थन करें। 1996 और 1998 में भी बीजेपी ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में यूनिफॉर्म सिविल कोड का जिक्र किया और लॉ कमीशन गठित करने की बात कही। 1991 में बीजेपी को और लाभ हुआ और उनकी सीटों की संख्या बढ़कर 100 के पार हो गई। इन लोकसभा चुनावों में बीजेपी ने यूनिफॉर्म सिविल कोड, राम मंदिर, धारा 370 के मुद्दों को जमकर उठाया। ये सभी मुद्दे बीजेपी के चुनावी घोषणापत्र में शामिल थे, मगर संख्या बल के कारण ये पूरे नहीं हो पाए थे। इसके बाद 1996 में बीजेपी ने 13 दिन के लिए सरकार बनाई। 1998 में बीजेपी ने 13 महीने सरकार चलाई। 1999 में बीजेपी ने अपने सहयोगियों के साथ बहुमत से सरकार बनाई। तब अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री बने। इस बीच बीजेपी के मुद्दे रह-रह कर उछाले जाते रहे। इसके बाद 2005 के लोकसभा चुनाव में एनडीए की हार हुई। तब कांग्रेस ने सहयोगियों के साथ सरकार बनाई। इसके बाद साल 2014 में पहली बार बीजेपी प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता पर काबिज हुई और केंद्र में मोदी सरकार आई। मोदी सरकार ने पूरे जोर-शोर से अपने चुनावी वादों पर काम करना शुरू किया। इसमें सबसे पहले मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को खत्म किया। इसके बाद यूनिफॉर्म सिविल कोड और राम मंदिर को लेकर आंदोलन तेज किया गया। यूसीसी बीजेपी के मुख्य तीन एजेंडों में हमेशा ही शामिल रहा है। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 को हटाने और अयोध्या राममंदिर निर्माण के बाद अब बीजेपी देश में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने के लिए काम कर रही है। बीजेपी ने घोषणापत्र में समान नागरिक संहिता को शामिल कर इसे लैंगिक समानता से जोड़ा है। पार्टी के मुताबिक 'पार्टी सर्वश्रेष्ठ परंपराओं से प्रेरित समान नागरिक संहिता बनाने के लिए कटिबद्ध है।' लोकसभा चुनाव 2024 से पहले यूसीसी लागू करवाना बीजेपी के एजेंडे का सबसे मुख्य हिस्सा है।

## आपका पत्र

# सिव समान प्रिय मोहि न दूजा

बलिहारी है लोकसभा चुनावों की निकटता की जिसके कारण भगवानों का भी राजनीतिकरण हो गया है और जबरदस्त खींचातानी हो रही है। राजनेता तो ऐसा अपने स्वार्थवश करते हैं, किंतु लेखक भी यदि खेमेंबंदी करें और किसी एक भगवान के शिविर में बैठकर दूसरे को कमतर बता दें,तो आपत्ति दर्ज करना जरूरी हो जाता है ताकि गलत परंपरा न पड़ने पाए। इनमें बड़ा-छोटा कोई नहीं होता। एक ही विराट शक्ति अपनी अलग-अलग हैसियतों से सृष्टि का सृजन, पालन और लय करती है,बस नाम का ही भेद है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और प्रधानमंत्री द्वारा प्राण प्रतिष्ठा का यजमान बनना बहुत प्रचार पा गया और उन्हें चुनावी लाभ मिलता दिखने लगा। ऐसे में अलग-अलग दलों ने भी अपने अपने धार्मिक एजेंडे बनाए। इस क्रम में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने इटावा में केदारेश्वर शिव मंदिर को अपना चुनावी भगवान बनाया और वे भी कुछ मिलता जुलता आयोजन,प्राण प्रतिष्ठा आदि करवाने जा रहे हैं। इसे लेकर एक लेखक ने दैनिक अमृत विचार के 16 फरवरी अंक में लिखे अपने एक लेख में समाजवादी पार्टी और अखिलेश को नीचा दिखाने के लिए भगवान शंकर को ही राम के मुकाबले नीचा दिखा दिया। ऐसा करते समय विद्वान लेखक ने रावण का उदाहरण दिया। लेखक ने कहा कि रावण शिव भक्त था,लेकिन राम के मुकाबले उसका जो हुआ,वह सब कोई जानता है। यहां सवाल यह है कि क्या रावण की हार भगवान शिव की हार है? कदापि नहीं। भगवान राम तो स्वयं बहुत बड़े शैव थे। उन्होंने रामेश्वरम की स्थापना की थी,जो आज भी उनकी शिव भक्ति की गवाही दे रहा है और प्रसिद्ध द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से एक है। गोस्वामी तुलसीदास के शब्दों में -लिंग थापि करि विधिवत पूजा। सिव समान प्रिय मोंहि न दूजा।। सिव द्रोही मम दास कहावा। सो नर मोहि सपनेउ नहि भावा।। "विनय पत्रिका" में तुलसी बाबा ने एक पद लिखा है 'हरिशंकरी'। इसमें एक पंक्ति में हरि की स्तुति और दूसरी में हर की। इसी क्रम से पूरा पद उन्होंने लिखा है। यह है बड़ों का आदर्श, न की एक (हरि) को बड़ा और दूसरे (हर) को छोटा बता देना। विश्व के अन्यतम दर्शन ग्रंथ श्रीमद्भगवद्गीता अध्याय-4/11 में भी भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं, "हे अर्जुन! जो भक्त जिस भाव से मेरी शरण लेता है, मैं उसे उसी भाव (रूप) से आश्रय देता हूं" ये यथा माम् प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम्।

अतः भगवानों में अभेद मानते हुए,उन्हें किसी राजनीतिक खेमें का मानकर,अपनी अपनी निष्ठानुसार बड़ा छोटा घोषित करने से लेखक बंधु बचें। -**शारदा शुक्ला,** वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

### प्रयागराज में डॉ. राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के उद्घाटन समारोह में बोले योगी आदियनाथ

# सुशासन की पहली शर्त है रूल आफ लॉ: मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, प्रयागराज/लखनऊ



**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुशासन की पहली शर्त रूल आफ लॉ है। बिना बार और बेंच के सहयोग के यह संभव नहीं है। प्रदेश में सुशासन मॉडल को स्थापित करने में बार और बेंच का हमेशा सहयोग मिला।

उन्होंने कहा कि आम जन का न्यायिक जगत पर विश्वास बना रहे हमें इस दिशा में कार्य करना चाहिए। अगर लोकतंत्र में जनता का विश्वास डगमगाया तो फिर उसको सड़कों पर उतरने में देर नहीं लगेगी। हम सबको भारत के लोकतंत्र के सभी स्तंभों को और मजबूती प्रदान करने के लिए हमेशा प्रयास करना चाहिए। योगी, शुक्रवार को प्रयागराज के मेडिकल एसोसिएशन के सभागार में डॉ. राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के उद्घाटन समारोह में लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में संवाद का विशेष महत्व होता है। अगर किसी को कोई समस्या होती है तो वह अपनी परेशानी के बारे में सीधे शासन को अवगत करा सकता है। समस्याग्रस्त व्यक्ति के पास शासन तक अपनी बात पहुंचाने के अनेक माध्यम हैं।

यह भी कहा कि संविधान ने भारत को उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक एकता के सूत्र में बांधने का कार्य किया। भारत के संविधान ने दुनिया को भी लोकतांत्रिक तरीके से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि संसद में तीन नए एक्ट बनें हैं। डॉ. राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि को यह जिम्मेदारी लेनी चाहिए कि प्रदेश भर के युवा अधिवक्ताओं के नए एक्ट सहित न्यायिक प्रक्रिया से जुड़ा प्रशिक्षण का एक विशेष कार्यक्रम यहां प्रारंभ हो। राज्य सरकार उसमें पूरा सहयोग करेगी।

## पढ़ाई का माध्यम हिंदी हो : सीजेआई

संवाददाता, प्रयागराज



**अमृत विचार :** उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को यहां कहा कि विधि विश्वविद्यालय की शिक्षा सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक सुलभ जानी चाहिए। जिससे छोटे कस्बे के विद्यार्थी इस शिक्षा से वंचित ना रहें। डाक्टर राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के उद्घाटन के मौके पर चंद्रचूड़ ने कहा, प्रौद्योगिकी ने हमें दूर दराज के विद्यार्थियों तक पहुंचने की क्षमता दी है।

विधि शिक्षा में विकास के बावजूद समकालीन विधि शिक्षा व्यवस्था केवल अंग्रेजी बोलने वाले शहरी बच्चों का पक्ष लेती है। उन्होंने कहा, "पांच विधि विश्वविद्यालय में विविधता को लेकर किए गए सर्वेक्षण से पता चलता है कि अंग्रेजी नहीं बोल पाने की वजह से विविध पृष्ठभूमि से आने वाले बच्चे इन विश्वविद्यालयों में दाखिला नहीं ले पाते। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चंद्रचूड़ ने कहा, "आज भाषिणी सॉफ्टवेयर की मदद से हमने 1950 से 2024 तक उच्चतम न्यायालय के करीब 36,000 फैसलों का अनुवाद किया है। इसका उद्देश्य ऐसे हर नागरिक तक इन्हें पहुंचाना है जो अंग्रेजी नहीं जानते और जनपद न्यायालयों में वकालत करते हैं। प्रधान न्यायाधीश ने डाक्टर राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय विधि विवि प्रशासन से अपील की कि पढ़ाई का माध्यम हिंदी रखा जाना चाहिए ताकि प्रदेश से सर्वोत्तम विद्यार्थी, सर्वोत्तम अधिवक्ता बनें। उद्घाटन कार्यक्रम को मुख्यमंत्री, उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति मनोज मिश्र, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली, उत्तर प्रदेश के महाधिवक्ता अजय कुमार आदि ने संबोधित किया।

## रेलवे के सेक्शन इंजीनियर ऑफिस में सीबीआई का छापा

**हरदोई, अमृत विचार :** बालामऊ जंक्शन पर उस वक्त अफरा. तफरी मच गई जब पता चला कि सीबीआई की टीम ने वहां उत्तर रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर के ऑफिस में छापामारी की और पूछताछ के लिए उन्हें अपने साथ ले गई। उधर सीबीआई की तरफ से कुछ भी नहीं बताया गया है। बताते हैं कि शुक्रवार को सीबीआई की एक टीम बालामऊ जंक्शन पर सीनियर सेक्शन इंजीनियर दिनेश कुमार के ऑफिस पहुंची। दो सरकारी गाड़ियों से पहुंचे सीबीआई के अफसरों ने पहले तो वहीं पर कई घंटे तक छानबीन की। उसके बाद सीबीआई टीम ने ऑफिस में तैनात रेलवे कर्मियों को बाहर निकाल दिया और फिर उसके बाद सीनियर सेक्शन इंजीनियर दिनेश कुमार से पूछताछ शुरू की। सीबीआई के अफसरों ने सीनियर सेक्शन इंजीनियर के ऑफिस के कई अभिलेख अपने कब्ज़े में ले कर उन्हें व एक लैपटॉप और कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी सीज़ कर दिए।

## सार-संक्षेप

### आरओ-एआरओ परीक्षा पेपर लीक मामले में आयोग के गेट पर छात्रों ने किया हंगामा

**प्रयागराज, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की आरओ-एआरओ परीक्षा पेपर लीक मामले में शुक्रवार को एक बार फिर छात्रों ने आयोग के गेट पर हंगामा करते हु ए प्रदर्शन किया। इसके पहले गुरूवार को भी छात्रों ने हंगामा किया था। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे छात्रों को समझाबुझा कर शान्त का दिया। पेपर लीक मामले में अभ्यर्थियों ने गुरुवार को आयोग के गेट पर प्रदर्शन किया था। उस दौरान पुलिस पहुंच गयी थी। शुक्रवार को कोअभयरथियों ने काफी संख्या में हंगामा करने के लिए पहुंच गये। सूचना मिलते हि पुलिस मौके पर पहुंची और छात्रों को समझाने का प्रयास करने लगी। हंगामा कर रहे छात्रों की मांग थी कि पेपर लीक होने से छात्रों का भविष्य अंधाकर में जा रहा है। इसलिए परीक्षा को निरस्त करते हुए दोबारा कराई जाए। यह कोई पहली बार नही हुआ है इससे पहले 2016 में भी आरओ-एआरओ परीक्षा का पेपर लीक हुआ था जिसके बाद आयोग ने दोबारा परीक्षा कराई थी। वही हंगामे के दौरान कई थानों की पुलिस पहुंच गई। दूसरी तरफ समीक्षा अधिकारी-सहायक और समीक्षा अधिकारी भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में तीन सदस्यीय बनाई गयी टीम ने अपनी जांच सुरु कर दी है। अभी इस जांच को गोपनीय रखते हुए अधिकारी मौन है।

### समीक्षा अधिकारी परीक्षा देने वाली महिला ने की आत्महत्या

**बाराबंकी, अमृत विचार :** पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन यूं ही नहीं परेशान है। गुरुवार को समीक्षा अधिकारी की परीक्षा देने वाली महिला ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली थी। घरवालों का कहना है कि संबंधित महिला उत्तर कुंजी पुस्तिका के लीक होने से परेशान थी। गुरुवार को घुंघटेर थाना क्षेत्र के डिंगरी निवासी अयोध्या प्रसाद की 30 वर्षीय पुत्री शिव देवी का शव संडे से लटकता हुआ पाया गया था। शिव देवी तलाकशुदा महिला थी। पति से तलाक के बाद वह मायके में रह रही थी। बुधवार की शाम अयोध्या प्रसाद का परिवार कहीं बाहर गया हुआ था। 4 घंटे बाद वापस लौटे तो घर के अंदर कमरे में शिव देवी का फंदे से लटकता हुआ शव संदिग्ध परिस्थितियों में उन्हें मिला। अयोध्या प्रसाद का कहना है कि पिछले दिनों शिव देवी ने टीआरसी कॉलेज में समीक्षा अधिकारी की परीक्षा दी थी। जिसकी उत्तर कुंजी लीक होने से वह परेशान थी।

### दो गांठ लहसुन के पीछे वृद्ध को पीट-पीट कर मार डाला

**फर्रुखाबाद, अमृत विचार :** खेत से लहसुन की दो गांठ उखाड़ लेने पर खेत मालिक ने मारपीट कर दी। मारपीट में घायल हुए वृद्ध को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद में भर्ती कराया गया, जहां शुक्रवार दोपहर उसकी मौत हो गई। वृद्ध के घरवालों ने गांव के ही खेत मालिक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। गांव छिछौनापुर निवासी 62 वर्षीय हरीराम ने गुरुवार की शाम गांव के ही शैतान सिंह के खेत से लहसुन की दो गांठ उखाड़ ली थी। यह करते खेत के पास मौजूद शैतान सिंह ने देख लिया और उसने गालीगलौज की। थोड़ी देर मुंहाचाई के बाद शैतान सिंह ने हरीराम को लाठी-डंडों से पीटकर उसे मरणासन्न कर दिया। गंभीर रूप से घायल हरीराम की शुक्रवार को मौत हो गई।

### मदरसा आधुनिक शिक्षकों ने प्रदर्शन किया

**लखनऊ,अमृत विचार :** अपनी मांगों को लेकर मदरसा आधुनिक शिक्षक पिछले 62 दिनों से ईको गार्डेन में धरना प्रदर्शन कर रहे है। शिक्षकों ने कहा कि कई बार आश्वासन के बाद भी अभी तक मुख्यमंत्री से बातचीत नहीं कराई गई है। प्रदेश मीडिया प्रभारी अनन्त प्रताप सिंह ने कहा कि मदरसा आधुनिकीकरण योजना देश के स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई की ड्रीम योजना थी। कृष्ण कुमार कन्नौजिया, अजित प्रताप सिंह, राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि यदि शीघ्र ही हमारी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो शिक्षक आमरण अनशन, आत्मदाह, मुख्यमंत्री, विभागीय मंत्री, विधानसभा, सचिवालय एवं निदेशालय का घेराव करने पर मजबूर होंगे।

# कारोबारी से ठग लिए 51 लाख एक राज्यमंत्री ने भी धमकाया

### अल्पसंख्यक आयोग ने दिए मामले की जांच के आदेश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




**अमृत विचार :** काकादेव थानाक्षेत्र में एक ठग ने केमिकल कारोबारी से 51 लाख रुपये की ठगी कर ली। कारोबारी ने आरोप लगाया कि पैसे वापस मांगने पर उसे भाजपा के राज्यमंत्री के घर बुलाया गया और धमकाते हुए पैसे वापस न मांगने का दबाव बनाया। राज्यमंत्री ने भी धमकाया। जिसके बाद कारोबारी ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री, अल्पसंख्यक आयोग और पुलिस कमिश्नर से की। अल्पसंख्यक आयोग ने जांच के आदेश दिए हैं।

फजलगंज के रहने वाले हरजीत सिंह केमिकल कारोबारी हैं। उन्होंने केंद्रीय अल्पसंख्यक आयोग, मुख्यमंत्री और पुलिस कमिश्नर को भेजे गए पत्र में आरोप लगाया कि उनका काकादेव में रहने वाले एक युवक से कारोबार के सिलसिले में लेनदेन चलता था। उसने 20 लाख रुपये नगद और करीब 31 लाख रुपये का माल ले रखा था। रुपये मांगने पर उन्हें काकादेव में रहने वाले एक राज्यमंत्री के घर बुलाया गया। आरोप है कि इसके बाद मंत्री ने उन्हें धमकी देते हुए कहा कि अगर रुपये के लिए दबाव बनाया या फिर शिकायत की तो ठीक नहीं होगा। पीड़ित के अनुसार इसके बाद उन्होंने राज्यमंत्री और धोखाधड़ी करने वाले युवक के खिलाफ अल्पसंख्यक आयोग में शिकायत की। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार से भी मिलकर रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। इस सबंध में काकादेव प्रभारी निरीक्षक मानवेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। अल्पसंख्यक आयोग ने मामले को संज्ञान में लिया है। अल्पसंख्यक आयोग की जांच के दायरे में राज्यमंत्री भी हैं।

#### 19 तक जांच रिपोर्ट तलब

इस मामले में राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग भारत सरकार के अवर सचिव सुमन कुमार ने निष्पक्ष जांच कर 19 फरवरी तक रिपोर्ट तलब की है। पुलिस इस मामले में फूंक-फूंक कर कदम रख रही है। पुलिस को जानकारी मिली है कि ठग इससे पहले भी राज्यमंत्री के नाम पर कई लोगों को अपना शिकार बना चुका है।

## अटल आवासीय विद्यालय में इसी सत्र से 9वीं कक्षा में पढ़ाई

**लखनऊ, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निमार्ग कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित अटल आवासीय विद्यालय में इसी सत्र से कक्षा 9 की पढ़ाई शुरू हो जाएगी। इसके लिए एक अप्रैल से दाखिले शुरू होंगे। 140 सीटों में आधी बालिकाओं के लिए आरक्षित की गई हैं। आवेदन फार्म 23 फरवरी तक मिलेंगे और प्रवेश परीक्षा 13 मार्च को होगी। श्रमिकों एवं कोविड में अनाथ हुए बच्चों के दाखिले अटल आवासीय विद्यालय में होते हैं। विद्यालय में दिव्यांग बच्चों के लिए आरक्षण की सुविधा दी गई है। सीबीएसई पाठ्यक्रम से संचालित अटल आवासीय विद्यालय में रहना, खाना और शिक्षा निशुल्क है। कक्षा 6 और 9 के दाखिले के लिए बच्चों की आयु 6 वर्ष से 14 वर्ष के बीच होनी चाहिए। अटल आवासीय विद्यालय का मुख्य उद्देश्य गरीब और असहाय बच्चों को उच्चस्तरीय एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है।

## बेटे ने की मां की ईट मारकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, मलिहाबाद

▶▶ दो बेटों के बीच विवाद में बचाव करने पहुंची थी मां

**अमृत विचार :** रहीमाबाद थानाक्षेत्र अन्तर्गत कल्याणपुर गहदो गांव में गुरुवार रात जमीन के विवाद को लेकर दो भाईयों के बीच झगड़ा होने लगा। इस पर मां मुमताज (65) बीच-बचाव करने लगी। तभी बेटा मां का सिर ईंट से कूंचकर घटनास्थल से भाग निकला। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने महिला को सीएचसी माल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने हत्यारोपी बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

एसीपी मलिहाबाद वीरेंद्र विक्रम सिंह के मुताबिक, कल्याणपुर गहदो गांव में जमील पत्नी मुमताज समेत तीन बेटों और एक बेटी के साथ रहते हैं। जमील ने बताया कि गुरूवार देर शाम करीब 08.00 बजे बेटा खलील नशे में धुत होकर घर पहुंचा और रुपयों की मांग को लेकर उनसे झगड़ा करने लगा। इसी बड़ा बेटा सुफियान भाई खलील का विरोध करने लगा। जिसको लेकर दोनों भाईयों में झगड़ा बढ़ गया। जिसमें दोनों भाईयों के बीच मारपीट होने लगी। जमील ने बताया कि बेटों को आपस में लड़ता देख पत्नी मुमताज बीच-बचाव करने लगी। इस बीच पत्नी ने बड़े बेटे सुफियान को वहां से भगाया दिया और छोटे बेटे खलील को अकेले में समझाने लगी, लेकिन बेटा घर पर रखी ईंट से मां के सिर कूंच घटनास्थल से भाग निकला।

## पति ने कुदाल से प्रहार पर पत्नी और बेटे को मौत के घाट उतारा

संवाददाता, सीतापुर

▶▶ पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर छानबीन शुरू की

**अमृत विचार :** इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके में घरेलू कलह के चलते पति ने खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। आग बबूला पति ने कुदाल से ताबड़तोड़ प्रहार कर तीन वर्षीय बेटे सहित पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी पति के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। वारदात की रात पति-पत्नी के बीच झगडे. के बाद परिजनों ने स्वीकार की है। लखनऊ पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर सीतापुर पुलिस को सौंप दिया है।

थाना क्षेत्र के ग्राम पकरिया निवासी प्रदीप गिरी पुत्र वीरबली ने गुरुवार की देर रात अपनी पत्नी भूरा देवी उम्र 35 वर्ष तथा अपने मासूम बेटे आरुष (3 वर्ष) पर कुदाल से ताबड़तोड़ कई प्रहार कर दिया। हमले में पत्नी और बेटा दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने बताया कि लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही बेटे की मौत हो गई। जबकि ट्रामा सेंटर में महिला ने भी दम तोड़ दिया।

घटना की सूचना पर इमलिया सुल्तानपुर पुलिस व फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच-पड़ताल की। परिजनों के साथ एंबुलेंस में गए आरोपी पति को लखनऊ पुलिस ने हिरासत में लेकर मामले की पूछताछ कर रही है।

## राम मंदिर के उत्सव में राष्ट्रपति और गरीबों के लिए जगह नहीं थी: राहुल

एजेंसी



**चंदौली :** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि राम मंदिर के उत्सव में मोदी, अंबानी,अडाणी,और अन्य अरबपतियों के लिए लाल कालीन बिछा था, लेकिन देश की आदिवासी राष्ट्रपति, गरीबों, बेरोजगार युवाओं और किसानों के लिए जगह नहीं थी। राहुल गांधी यहां भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

बिहार से राहुल गांधी की यात्रा 34वें दिन शुक्रवार को दोपहर बाद चंदौली पहुंची जहां कांग्रेस नेताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। राहुल गांधी ने अपने संबोधन में मीडिया पर तंज कसते हुए कहा कि देश में अरबपतियों के लिए काम किया जा रहा है, किसानों की जमीन छीनी जा रही है, महंगाई बढ़ती जा रही है, बेरोजगारी बढ़ती जा रही है, लेकिन इसके बारे में क्या कभी टीवी पर देखा? उन्होंने कहा कि ये मोदी मीडिया आपको अमिताभ बच्चन को दिखा देंगे, ऐश्वर्या राय को दिखा देंगे, पाकिस्तान के व्याख्यान दिखा देंगे मगर बेरोजगारी और महंगाई के बारे में आपको मीडिया में नहीं दिखने वाला है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि राम मंदिर का उत्सव आपने देखा। राम मंदिर में नरेन्द्र मोदी आपको दिखे... मुझे बताओ राम मंदिर के उत्सव में क्या आपको कोई किसान दिखा, क्या एक भी गरीब व्यक्ति दिखा? अमिताभ बच्चन दिखे, अंबानी व अडाणी दिखे, हिंदुस्तान के सब अरबपति दिखे, भाजपा के एक दो नेता दिखे, लेकिन क्या आदिवासी राष्ट्रपति दिखीं आपको?

उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अगर आप अरबपति हो, नरेन्द्र मोदी के मित्र हो, तो जो भी जमीन चाहिए ले लो, जो भी हवाई अड्डा चाहिए ले लो, रेलवे चाहिए ले लो।


## वर्ग पहेली-345

**बाएं से दाएं**

1. कक्ष, कमरा।
4. जो असहनीय हो, असह्य।
5. दूसरों की भलाई, दूसरे के हित का काम, उपकार।
7. 1. किसी द्रव को गले से नीचे उतारना 2. शराब पीना 3. हुक्का या सिगरेट आदि का धुआं खींचना 4. किसी तरल पदार्थ को सोख लेना 5. क्रोध को मन में ही दबा लेना।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. जो सरकारी न हो, अराजकीय 2. जिसके लिए शासन जवाबदेह न हो 3. जनता द्वारा स्थापित या संचालित
3. ऋण, कर्ज़।
5. बच्चों का चुंबन, चुम्मी।
6. 1. पशुओं का खाद्य पदार्थ, जैसे- घास-भूसा, डंठल आदि 2. मछली पकड़ने के लिए कांटे में लगा केंचुआ आदि 3. उपाय, विकल्प 4. किसी को फंसाने के लिए दिया जाने वाला लालच। [मु.] -फेंकना : किसी को लोभ में फंसाने का प्रयास करना।




### वर्ग पहेली - 344 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 चिं | 2 गु | ड़ | ना | | |
| | ण | | | 3 धा | |
| | सा | | 4 गो | र | सी |
| 5 मं | ग | ल | पा | णि | |
| | र | | 6 च | क | ई |
| | | 7 ब | ल | | |
| 8 पां | व | | | 9 झूँ | क |

### सुडोकू-62

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | 4 | | | | | 5 |
| | | | 9 | | 3 | | 1 | |
| | 8 | | | | | 6 | | 9 |
| | | 6 | | | 7 | | | 1 |
| | | 3 | | | | 7 | | |
| 5 | | | 1 | | | | 6 | |
| 6 | | 1 | | | 8 | | 3 | |
| | 2 | | 3 | | 9 | | | 6 |
| 4 | | | | | 5 | | | 7 |

### सुडोकू - 61 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 8 | 9 | 5 | 4 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 9 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 9 | 3 | 6 | 8 | 2 | 5 | 1 |
| 9 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 1 | 6 |
| 8 | 6 | 5 | 1 | 4 | 2 | 7 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 2 |
| 2 | 9 | 1 | 6 | 3 | 5 | 4 | 7 | 8 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 9 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 2 | 9 | 1 | 3 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 17 फरवरी, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- अष्टमी 08.15 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-कृत्तिका 08.46 तक तत्पश्चात रोहिणी।

**मेष** — आज घर में उत्साह का वातावरण रहेगा। संतान को करियर में बेहतर विकल्प मिलने की संभावना बन रही है। गलत निर्णयों के कारण काफी परेशानी बढ़ सकती है। दोस्तों के साथ पारिवारिक समारोह में आप सम्मिलित हो सकते हैं।

**वृष** — आज ऑफिस में आप अपने सहकर्मियों के ऊपर भारी पड़ेंगे। व्यवसाय में बड़े अनुबंध कर सकते हैं। मार्केटिंग संबंधी गतिविधियों से आपको धन लाभ मिलेगा। आपको कहीं से शुभ सूचना मिलने की संभावना बन रही है।

**मिथुन** — आज आप परिजनों की अपेक्षा पर खरे नहीं उतरेंगे। प्रदूषण वाली जगहों पर जाने से बचें। बैंकिंग से जुड़े लोगों को थोड़ी परेशानी होगी। व्यवसाय में लापरवाही भारी पड़ सकती है। पति-पत्नी के आपसी संबंधों में थोड़ा तनाव हो सकता है।

**कर्क** — आज संतान की उपलब्धियों से हर्षित होंगे। कमीशन आदि से धन लाभ मिल सकता है। प्रेमी जन से आपको उपहार मिलने के योग बन रहे हैं। आप बौद्धिक चर्चाओं में सम्मिलित हो सकते हैं। विवाह आदि कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी।

**सिंह** — आज व्यवसाय में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। नए व्यावसायिक संपर्कों से आपको विशेष लाभ होगा। महिलाओं को करियर के अच्छे विकल्प मिल सकते हैं। शोधकार्यों से जुड़े लोग काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**कन्या** — आज जॉब में उच्च पद मिल सकता है। अधिकारी वर्ग के साथ आपको अच्छा व्यवहार रखना चाहिए। विनिर्माण कार्यों में प्रगति होने के योग बन रहे हैं। रोजगार में बदलाव कर सकते हैं। पारिवारिक संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।

**तुला** — आज कर्ज लेने की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिए। बच्चों की संगत का ध्यान रखें। व्यवसाय में आपको संघर्ष करना पड़ेगा। माता-पिता का आशीर्वाद लेना न भूलें। रिश्तेदारों से कोई अप्रिय सूचना मिल सकती है। बिना मांगे किसी को सलाह न दें।

**वृश्चिक** — आज नई संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं। आप प्रतिद्वन्दियों के ऊपर भारी पड़ेंगे। अपने खानपान की आदतों पर नियंत्रण करें। छात्रों को पढ़ाई में अच्छी सफलता मिल सकती है। आप एक साथ कई कार्य करने का प्रयास करेंगे।

**धनु** — आज मन में चंचलता रहेगी। अध्यापन कार्यों से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त हो सकता है। अपने व्यवसाय को बढ़ाने के विषय में योजना बना सकते हैं। छात्र पढ़ाई को लेकर गंभीर रहेंगे। परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं।

**मकर** — आज किसी रिश्तेदार से कहासुनी हो सकती है। नौकरीपेशा लोगों को अधिकारियों से परेशानी होगी। आपको समस्याओं के बजाय समाधान ढूंढने की प्रवृत्ति विकसित करनी चाहिए। कार्यक्षेत्र में प्रतिद्वन्दिता का वातावरण रहेगा।

**कुंभ** — आज धन की कमी का सामना करना पड़ेगा। कुसंगति से बचें वरना आपकी छवि पर बुरा असर पड़ सकता है। दांपत्य संबंधों में अविश्वास उत्पन्न हो सकता है। मानसिक कष्ट की स्थिति बन सकती है।

**मीन** — आज किसी महत्वपूर्ण मीटिंग के लिए आपको निमंत्रित किया जा सकता है। पुण्य कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। सामाजिक कार्यों को व्यक्तिगत कार्यों से भी अधिक महत्व देंगे।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- कीमत — सुबह : 10.19
- सपूत — रात : 07.00

SONY MAX
- जर्सी — सुबह : 09.53
- आंख मिचौली — रात : 10.00

SONY PIX
- एज ऑफ टूमारो — सुबह : 10.54
- बुलेट ट्रेन — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- एलोन — सुबह : 10.30
- रईस — रात : 07.30

colors CINEPLEX
- दोस्ताना — दोपहर : 12.47
- गोविंदा नाम तेरा — रात : 09.56

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

भिखारी - साहब 20 रुपये दो न, कॉफी पीनी है।
आदमी- लेकिन कॉफी तो 10 रुपये की आती है!
भिखारी- मेरी गर्लफ्रेंड भी साथ में है न।
आदमी-अरे! भिखारी होकर तूने गर्लफ्रेंड बना रखी है।
भिखारी- नहीं जी, गर्लफ्रेंड ने मुझे भिखारी बना दिया है।

पापा- बेटा आज तेरी मम्मी इतनी चुप-चाप क्यों बैठी है?
बच्चा-उन्होंने मुझसे लिपस्टिक मांगी थी,गलती से मैंने फेवीस्टिक दे दी।
पापा (आंख में आंसू के साथ)- जुग-जुग जिओ मेरे लाल ऐसा बेटा भगवान सभी को दे।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 855 बोल्ड 1135, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1125 बोल्ड 1155 डीएमओ 900।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 1865, राज श्री 1370, फ़ॉर्चून कि. 1685, रविन्द्रा 1765, फॉर्चुन ली0 1550, जय जवान 1420, सचिन 1440, सूरज 1445, अवसर 1535, राग गोल्ड 1515, गृहणी 1435, क्लासिक (किलो) 1625, मोर 1580, चक्र टिन 1680, ब्लू 1555, आशीर्वाद मस्टर्ड 1660, स्वास्तिक 1835, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000–24000, धनिया 9000–10000, अजवायान 16000–24000, मेथी 8600, सौंफ 15000–20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 600–800, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4300, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200–14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750–7100 मलका दाल 6850–7700, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 10000–10800, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500–11900, दाल चना 7350, लाल हिंदुस्तान 7500, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000–13800, सच्चा हीरा 14800, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12200, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13200, अरहर पटका छोटा 14200–14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**–डालमियां 4000, पीलीभीत 3970, नवाबगंज 3960, बहेड़ी (नई) 3970 रुपये।

# पेटीएम से रिचार्ज नहीं होगा फास्टैग

## एनएचएआई की आईएचएमसीएल ने फास्टैग जारी करने वाले अधिकृत बैंकों की सूची से हटाया

नई दिल्ली, एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की टोल संग्रहण इकाई भारतीय राजमार्ग प्रबंधन कंपनी लिमिटेड (आईएचएमसीएल) ने राजमार्ग उपयोगकर्ताओं को परेशानी से बचने के लिए पेटीएम पेमेंट्स बैंक के अलावा 32 अधिकृत बैंकों से फास्टैग सेवाएं लेने की सलाह दी है।

आईएचएमसीएल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी देते हुए लिखा अपना फास्टैग'32 अधिकृत बैंकों से खरीदें। इन 32 अधिकृत बैंकों में एयरटेल पेमेंट्स बैंक, इलाहाबाद बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक,




आईडीबीआई बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और यस बैंक शामिल हैं। एनएचएआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भारत में आठ करोड़ से अधिक 'फास्टैग' उपयोगकर्ता हैं और पेटीएम पेमेंट्स बैंक (पीपीबीएल) की बाजार हिस्सेदारी करीब 30 प्रतिशत है। इससे पहले, आईएचएमसीएल ने 19 जनवरी 2024 को लिखे एक पत्र में पेटीएम पेमेंट्स बैंक को नए 'फास्टैग' जारी करने से रोक दिया था।

### अब ये बैंक प्रदान करेंगे फास्टैग सेवा

आईएचएमसीएल ने कहा कि वह फास्टैग उपयोगकर्ताओं को आरबीआई दिशा–निर्देशों के तहत नवीनतम फास्टैग केवाईसी प्रक्रिया को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, त्रिशूर जिला सहकारी बैंक, साउथ इंडियन बैंक, सारस्वत बैंक, नागपुर नागरिक सहकारी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, करूर व्यास्य बैंक, जेएंडके बैंक, इंडसइंड बैंक, इंडियन बैंक, आईडीएफसी बैंक, फिनो बैंक, इक्विटेबल स्मॉल फाइनेंस बैंक, कॉसमॉस बैंक, सिटी यूनियन बैंक, सेंट्रल बैंक, केनरा बैंक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक और एक्सिस बैंक फास्टैग सेवा प्रदान करने के लिए अधिकृत अन्य बैंक हैं।

### पेटीएम ने अपना मुख्य खाता एक्सिस बैंक से जोड़ा

पेटीएम ब्रांड का संचालन करने वाली वित्त प्रौद्योगिकी फर्म वन97 कम्युनिकेशंस ने अपने मुख्य खाते को नियामकीय कार्रवाई में फंसे पेटीएम पेमेंट्स बैंक से एक्सिस बैंक में स्थानांतरित कर दिया है। पेटीएम का नोडल खाता एक मास्टर खाते की तरह है जिसमें उसके सभी ग्राहकों, व्यापारियों के लेनदेन का निपटान किया जाता है। कंपनी ने शुक्रवार शाम को शेयर बाजार को इसकी सूचना दी। कंपनी ने यह कदम पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खातों में जमा एवं लेनदेन 15 मार्च के बाद रोकने के आरबीआई के निर्देशों के बाद उठाया है। पेटीएम अपनी सहयोगी इकाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के पास अपने मुख्य खाते का संचालन करती रही है। लेकिन आरबीआई की सख्ती के बाद पेटीएम के सुचारू संचालन को लेकर भी संदेह उठने लगे थे।

# सोने के दाम 180 रुपये और चांदी में 900 रुपये की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर कीमतों में गिरावट के बीच राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को सोना 180 रुपये की मजबूती के साथ 62,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में पीली धातु 62,270 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। वहीं, चांदी 900 रुपये चढ़कर 75,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 74,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा-विदेशी बाजारों से सकारात्मक रुख से दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें (24 कैरेट) 180 रुपये बढ़कर 62,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार पर रही। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमेक्स में सोना 2,003 डॉलर प्रति औंस पर रहा है।

# स्पाइसजेट के प्रमुख अजय सिंह ने गो फर्स्ट के लिए लगाई संयुक्त बोली

नई दिल्ली, एजेंसी

विमानन कंपनी स्पाइसजेट के प्रमुख अजय सिंह ने बिजी बी एयरवेज के साथ मिलकर दिवालिया प्रक्रिया से गुजर रही एयरलाइन गो फर्स्ट के लिए बोली लगाई है।

स्पाइसजेट ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि बिजी बी एयरवेज प्राइवेट लिमिटेड के साथ सिंह ने अपनी व्यक्तिगत क्षमता में गो फर्स्ट के लिए बोली जमा की है। हालांकि इसमें बिजी बी एयरवेज के बारे में कोई भी विवरण नहीं दिया गया है। लेकिन कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के पास उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक, बिजी बी एयरवेज का गठन 29 अप्रैल, 2017 को दिल्ली में किया गया था और इसके पास एक लाख रुपये की चुकता पूंजी है। सिंह ने यह बोली ऐसे समय



लगाई है जब खुद स्पाइसजेट संकट से उबरने के लिए वित्त जुटाने की कोशिशों और छंटनी कर लागत घटाने में लगी हुई है। इस बीच शरजाह स्थित स्काई वन एफजेडई ने भी गो फर्स्ट के लिए बोली लगाने की सूचना दी है। गंभीर वित्तीय संकट में फंसी गो फर्स्ट ने पिछले साल मई में उड़ानें बंद कर दी थीं और वह इस समय दिवाला समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है। स्पाइसजेट ने कहा-नई एयरलाइन के लिए परिचालन भागीदार के तौर पर स्पाइसजेट की भूमिका जरूरी कर्मचारी, सेवाएं और उद्योग विशेषज्ञता मुहैया कराने की है।

## सर्राफा

| कानपुर | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 73,050 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,415 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,250–47,450 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 73,000 |
| चांदी तैयार | 73,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,600 |
| चांदी पक्की | 722 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,750 |
| चांदी आभूषण | 73,000। |

# कंपनी कानून के तहत फाइलिंग की केंद्रीकृत व्यवस्था शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी

- व्यवस्था से कारोबारी सुगमता को मिलेगा बढ़ावा

सरकार ने कंपनी कानून और सीमित देयता भागीदारी (एलएलपी) अधिनियम के तहत फाइलिंग को 'समयबद्ध और बिना आमने-सामने आये' पूरा करने के लिए केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र की शुरुआत की है। इससे देश में कारोबारी सुगमता को बढ़ावा मिलेगा।

शुरुआत में केंद्रीय प्रसंस्करण केंद्र (सीपीसी) में कंपनी कानून के तहत 12 फॉर्म और आवेदन प्रसंस्कृत किए जाएंगे। इसके बाद एक अप्रैल से अन्य प्रपत्रों और आवेदनों का निपटारा भी केंद्र के माध्यम से किया जाएगा। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा-परिचालन शुरू होने के बाद अब तक सीपीसी को 4,910 फॉर्म मिले हैं। फॉर्म को समयबद्ध और बिना आमने-सामने आये तरीके से प्रसंस्कृत किया जाएगा। इसके बाद सीमित देयता भागीदारी अधिनियम के तहत जमा फॉर्म/ आवेदन को भी केंद्रीकृत करने का प्रस्ताव है। मंत्रालय ने कहा कि उम्मीद है कि सीपीसी के पूरी तरह से चालू होने के बाद सालाना लगभग 2.50 लाख फॉर्म इसके माध्यम से प्रसंस्कृत किए जाएंगे।

# कृषि रसायनों के सूझ बूझ से उपयोग पर जागरूकता अभियान

**नई दिल्ली।** गैर सरकारी रूट्स फाउंडेशन और पीआई इंडस्ट्रीज ने एक समाजिक पहल के तहत मिल कर पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, और उत्तर प्रदेश के किसानों को कृषि कार्य में स्वस्थ पद्धतियों को अपनाने तथा कृषि रसायनों का प्रयोग सूझबूझ से करने के प्रति जागरूक करने का अभियान चालाया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार इसमें किसानों को पर्यावरण की रक्षा, आर्थिक सशक्तिकरण और उद्यमिता विकास जैसे मुद्दों के प्रति भी जागरूक किया गया है। यह अभियान पंजाब और हरियाणा के कृषि प्रधान राज्यों में चलाया जाएगा।

# सस्ते मकानों के लिए कर्ज में 30% वृद्धि की संभावना

मुंबई, एजेंसी

- केयरएज रेटिंग्स ने रिपोर्ट जारी करके जताई उम्मीद
- कहा-2022-23 के दौरान 27 प्रतिशत की वृद्धि दिखी

केयरएज रेटिंग रिपोर्ट के अनुसार कम कीमत के मकानों के लिए कर्ज सहायता में चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 29 प्रतिशत और वित्त वर्ष 2024-25 में 30 प्रतिशत की वृद्धि होने का है।

केयरएज रेटिंग की ओर से शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार वित्त वर्ष 2019-20 से वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान छोटे मकानों के लिए कर्ज में वृद्धि की दर धीमी रही लेकिन उसके बाद, कम कीमत के मकानों के लिए कर्ज देने वाली कंपनियों ((एएचएफसी)) के कर्ज वितरण में सुधार दिखा



और 2022-23 के दौरान इसमें साल-दर-साल 27 प्रतिशत की वृद्धि दिखी। रिपोर्ट में कहा गया है, यह वृद्धि जारी रहने की उम्मीद है।

केयरएज रेटिंग्स ने एएचएफसी के लिए 31 मार्च, 2024 तक संपत्ति (कर्ज) की गुणवत्ता में सुधार होने और सकल अवरुद्ध ऋण (जीएनपीए) सकल कर्ज के 1.2 प्रतिशत के आरामदायक स्तर पर रहने का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पूंजी की बढ़ी हुई लागत और उच्च परिचालन व्यय के साथ, वित्त वर्ष 2023-24 में कुल पूंजी (दिए गए कर्ज) पर निवेश प्रतिफल के 3.2 प्रतिशत पर रहने की के साथ लाभप्रदता में कमी आने का अनुमान है। एएचएफसी मुख्यतः स्व-रोज़गार वाले ग्राहकों को कर्ज सुविधाएं करती हैं और ऋण वसूली में जोखिम के मामले में संवेदनशील बनी रहती हैं।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी

**जयपुर।** जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी मिलने पर सुरक्षा जांच एजेंसियों ने संयुक्त रूप से हवाई अड्डे की सघन जांच की। हवाई अड्डा थानाधिकारी ममता मीणा ने बताया कि हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी हवाई अड्डे के आधिकारिक ईमेल पर दी गई थी। साइबर प्रकोष्ठ मेल भेजने वाले के बारे में पता लगाने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस, बम निरोधक दस्ता, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) और श्वान दस्ते के सहयोग से हवाई अड्डे पर जांच की गई। जांच के दौरान हवाई अड्डा परिसर में कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिली है।

### कोर्ट ने महेंद्रू की जमानत बढ़ाने से किया इनकार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की एक अदालत ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में गिरफ्तार शराब करोबारी समीर महेंद्रू को दी गई अंतरिम जमानत की मियाद बढ़ाने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि वह इस तथ्य को नजर अंदाज नहीं कर सकती कि आरोपी के खिलाफ 'गंभीर मामला' है। विशेष न्यायधीश एम के नागपाल ने शराब वितरण कंपनी इंडोस्प्रिट के प्रबंध निदेशक महेंद्रू को उनकी पत्नी की सर्जरी के आधार पर अंतरिम जमानत दी थी।

# जो भगवान राम को काल्पनिक कहते थे, वह अब जय सिया राम के नारे लगा रहे हैं: मोदी

## रेवाड़ी में एम्स की आधारशिला रखने के दौरान प्रधानमंत्री बोले-जो गारंटी दी वह पूरी की

रेवाड़ी (हरियाणा), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर पर कांग्रेस के रुख को लेकर शुक्रवार को उसकी आलोचना की और कहा कि जो लोग भगवान राम को 'काल्पनिक' कहते थे और मंदिर निर्माण नहीं चाहते थे, वे भी अब 'जय सिया राम' के नारे लगा रहे हैं। हरियाणा के रेवाड़ी में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की आधारशिला रखने और कई परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा में उन्होंने कहा कि भारत ने आज दुनिया में नई ऊंचाइयों को छुआ है और यह लोगों के आशीर्वाद से संभव हुआ है।

### कांग्रेस ने मेरे खिलाफ सारे मोर्चे खोले पर जनता का सुरक्षा कवच साथ है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने मेरे खिलाफ सारे मोर्चे खोल दिए हैं, लेकिन मेरे पास देश की जनता का 'सुरक्षा कवच' है जो हर बार मेरी रक्षा करता है।



उन्होंने यह भी कहा कि वह अपने तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल करने की 'गारंटी' पूरी करेंगे।

### प्रधानमंत्री ने रोहतक-हांसी-रोहतक नई ट्रेन सेवा को दिखाई हरी झंडी

हरियाणा में रेल के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देते हुएनरेंद्र मोदी ने 889.28 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 68.5 किलोमीटर लंबी रोहतक–महम–हांसी नई रेल लाइन को आज रेवाडी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्र को समर्पित किया तथा रोहतक–हांसी–रोहतक नई ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाई। रोहतक–महम–हांसी 68.5 किलोमीटर नई रेल परियोजना को हरियाणा राज्य सरकार के साथ 50:50 योगदान पर लागत साझेदारी के आधार पर मंजूरी दी गई थी। रेलवे क्षेत्र की परियोजनाओं का उद्देश्य रेल बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण करना है।

इस सप्ताह संयुक्त अरब अमीरात और कतर की अपनी यात्रा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत को अब दुनिया के हर कोने से जो सम्मान मिल रहा है, वह केवल मोदी का नहीं है बल्कि हर भारतीय का है। दुनिया में भारत की बढ़ती साख, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण, कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने और वन रैंक-वन पेंशन दिए जाने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी ने देश को जो 'गारंटी' दी वह पूरी की है।

# मोदी ने राजस्थान में 17,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को राजस्थान से जुड़ी 17,000 करोड़ रुपये से अधिक लागत की विकास परियोजनाओं का डिजिटल माध्यम से लोकार्पण और शिलान्यास किया और कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित राजस्थान का निर्माण बहुत जरूरी है। मोदी ने 'विकसित भारत-विकसित राजस्थान' कार्यक्रम को वीडियो कान्फ्रेस के जरिए संबोधित करने से पहले रिमोट दबाकर इन परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। उन्होंने सड़क, रेलवे, सौर ऊर्जा, विद्युत पारेषण, पेयजल तथा पेट्रोलियम व प्राकृतिक गैस सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों से संबंधित विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए विकसित राजस्थान का निर्माण बहुत जरूरी है।

# मोदी फिर सत्ता में आए तो क्षेत्रीय दलों के लिए संकट खड़ा हो जाएगा

कोलकाता, एजेंसी

- इंडिया के भविष्य को लेकर अनुमान नहीं लगा सकते: चिदंबरम

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी. चिदंबरम ने शुक्रवार को कहा कि यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा ने एक बार फिर से सत्ता में वापसी की तो क्षेत्रीय दलों के लिए अस्तित्व का संकट खड़ा हो जाएगा।

उन्होंने एक साक्षात्कार में कहा कि वह विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के भविष्य को लेकर कोई अनुमान नहीं लगा सकते क्योंकि वह पार्टी की राष्ट्रीय गठबंधन समिति का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर आगामी लोकसभा चुनाव में एक कारक हो सकता है लेकिन यह निर्णायक होगा या नहीं, यह तो समय ही बताएगा। पूर्व गृह मंत्री चिदंबरम ने कहा-मैं 'इंडिया'



गठबंधन के भविष्य के बारे में कुछ नहीं कह सकता क्योंकि मैं राष्ट्रीय गठबंधन समिति का हिस्सा नहीं हूं और गठबंधन की बैठकों का भी हिस्सा नहीं रहा हूं, लेकिन मुझे पूरी उम्मीद है कि बाकी सभी पार्टियां समझेंगी कि मोदी जी और भाजपा की केंद्र में वापसी से राज्य-विशिष्ट क्षेत्रीय दलों के लिए अस्तित्व का संकट पैदा हो जाएगा। अपनी नई किताब 'द वाटरशेड ईयर-व्हिच वे विल इंडिया गो?' पर चर्चा के लिए चिदंबरम कोलकाता पहुंचे थे।

# आय से अधिक संपत्ति मामले में करोड़पति क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के भ्रष्टाचार रोधी सतर्कता अधिकारियों ने शुक्रवार को आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति रखने के आरोप में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी (आरटीओ) बसंत कुमार महापात्रा को गिरफ्तार कर लिया। सिलसिलेवार छापेमारी किए जाने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। सतर्कता विभाग ने कहा गया है कि महापात्रा की संपत्तियों की पड़ताल के दौरान आय से अधिक संपत्ति का पता चला, जिसमें भुवनेश्वर में दो फ्लैट और दो वाणिज्यिक शॉपिंग आउटलेट, भुवनेश्वर और बेंगलुरु में फ्लैट खरीदने के लिए रि 2.23 करोड़ रुपये का अग्रिम भुगतान, 1.16 लाख रुपये नकद आदि शामिल हैं।

# झारखंड में आईईडी धमाके में बुजुर्ग महिला की मौत

चाईबासा, एजेंसी

झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) द्वारा कथित तौर पर लगाए गए परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) में हुए विस्फोट में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना मरादिरी गांव के पास एक जंगल में हुई, जहां माओवादियों ने सुरक्षाकर्मियों को निशाना बनाने के लिए आईईडी लगाई थी। मरादिरी गांव के रहने वाले रंडई पूर्ति (56) जंगल में लकड़ी इकट्ठा करनी गई थी तभी वहां धमाका हो गया। पश्चिमी सिंहभूम जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) आशुतोष शेखर ने कहा कि पुलिस का एक दल शुक्रवार को मौके पर पहुंचा और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए चक्रधरपुर उपमंडल अस्पताल भेज दिया। एसपी ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि माओवादी अब हताशा में निर्दोष ग्रामीणों को निशाना बना रहे हैं, क्योंकि नक्सल विरोधी अभियान से उन पर अंकुश लग गया है।

# झारखंड में मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के मंत्रिमंडल का विस्तार, 8 नए मंत्री शामिल

**रांची।** झारखंड में आज मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के मंत्रिमंडल का विस्तार कर उसमें 8 नए मंत्रियों को शामिल किया गया जबकि मंत्रिमंडल में एक सीट अभी भी रिक्त रखा गया है। मंत्रिमंडल विस्तार में कांग्रेस के तीन और झारखंड मुक्ति मोर्चा के पांच विधायकों को मंत्री बनाया गया। हेमंत मंत्रिमंडल में शामिल जोबा मांझी को इस बार मंत्री नहीं बनाया गया जबकि चम्पाई सोरेन मंत्रिमंडल में नई चेहरे की रूप में हेमंत सोरेन की छोटे भाई बसंत सोरेन और दीपक बिरूआ को शामिल किया गया है।

# तेजस्वी के विभाग की समीक्षा करेंगे नीतीश

पटना, एजेंसी

बिहार की नीतीश सरकार ने महागठबंधन सरकार में उप मुख्यमंत्री रहे तेजस्वी प्रसाद यादव समेत राष्ट्रीय जनता दल (राजद) कोटे के मंत्रियों के कार्यों एवं लिए गए निर्णयों की समीक्षा करने का आज आदेश दिया।



मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग की ओर से शुक्रवार को जारी आदेश में कहा गया है कि 01 अप्रैल 2023 से स्वास्थ्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, खान एवं भूतत्व विभाग और लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग में पूर्व मंत्री के स्तर पर किए गए कार्यों एवं लिए गए निर्णयों की समीक्षा की जाए। इसके साथ ही यदि आवश्यक हो तो सक्षम प्राधिकार से अनुमोदन के बाद उनमें संशोधन किया जाए। इस संबंध में तत्कालीन विभागीय मंत्रियों से संबंधित आदेश की जानकारी दी जाएगी।

### हाथ जोड़कर माफी मांगे थे नीतीश: तेजस्वी

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को दावा किया कि बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल–यूनाइटेड (जदयू) के अध्यक्ष नीतीश कुमार ने गठबंधन करने से पहले उनके माता–पिता (लालू प्रसाद यादव और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी) से पिछले विश्वासघातों के लिए माफी मांगी थी। तेजस्वी ने बिहार के कैमूर जिले के मोहनिया में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत आयोजित एक एक रैली को संबोधित करते हुए यह दावा किया।

### नीतीश के लिए दरवाजे हमेशा खुले हैं: लालू

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने शुक्रवार को कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए उनके 'दरवाजे हमेशा खुले' हैं। नीतीश कुमार हाल ही में राजद व कांग्रेस के साथ वाले महागठबंधन से नाता तोड़कर कर भाजपा के नेतृत्व वाले राजग में शामिल हो गए। जदयू अध्यक्ष के विरोधी खेमे में जाने के बाद प्रदेश में सत्ता गंवाने वाले वाली राजद के अध्यक्ष ने यहां पत्रकारों के सवालों के जवाब में यह टिप्पणी की।

# तमिलनाडु के पूर्व मंत्री सेंथिल बालाजी की हिरासत बढ़ी

**चेन्नई।** चेन्नई की एक सत्र अदालत ने शुक्रवार को तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी.सेंथिल बालाजी की हिरासत 20 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी है। उन्हें प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन के एक मामले में पिछले साल जून में गिरफ्तार किया था। अभियोजन पक्ष ने केंद्रीय कारागार में बंद बालाजी को प्रधान सत्र न्यायाधीश एस.अली के समक्ष वीडियो कांफ्रेंस के जरिये पेश किया। इसके बाद अदालत ने उनकी न्यायिक हिरासत 20 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी। सुनवाई के दौरान बालाजी के अधिवक्ता ने अदालत को सूचित किया कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता ने धनशोधन के आरोप से मुक्त करने के लिए अर्जी दी है।

# बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश

नई दिल्ली, एजेंसी

## संदेशखालि हिंसा

- एनसीएससी के प्रतिनिधिमंडल ने द्रौपदी मुर्मू को सौंपी रिपोर्ट
- आयोग के लोगों ने संदेशखालि का किया था दौरा

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) के प्रमुख अरुण हलदर ने शुक्रवार को कहा कि आयोग ने संदेशखालि में टीएमसी समर्थकों द्वारा महिलाओं के कथित उत्पीड़न के बारे में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी गई रिपोर्ट में पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश की है।

आयोग के एक प्रतिनिधिमंडल ने बृहस्पतिवार को संदेशखालि का दौरा किया था, जहां बड़ी संख्या में महिलाओं ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता शाहजहां शेख और उनके समर्थकों पर बलपूर्वक जमीन पर कब्जा करने और यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। राष्ट्रपति को रिपोर्ट सौंपने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए हलदर ने संदेशखालि में कथित अत्याचार और हिंसा के बारे में संक्षिप्त विवरण साझा किया। उन्होंने कहा-हमने सिफारिश की है कि पश्चिम बंगाल की स्थिति को देखते हुए वहां राष्ट्रपति शासन लगाया जाना चाहिए। संविधान के अनुच्छेद 338 के तहत एनसीएससी को मिले अधिकारों के अनुसार अनुसूचित जाति के संवैधानिक सुरक्षा कार्यों के बारे में वार्षिक रूप से या जब उचित लगे, राष्ट्रपति को रिपोर्ट देना आयोग का कर्तव्य है। हलदर ने कहा कि राष्ट्रपति ने आयोग को आश्वासन दिया कि वह इस मामले पर गौर करके उचित कार्रवाई करेंगी। उन्होंने दावा किया कि राज्य में अपराधियों ने वहां की सरकार से गठजोड़ कर लिया है। उन्होंने कहा कि संदेशखालि में हिंसा का असर अनुसूचित जाति समुदाय के लोगों पर भी पड़ रहा है।

### भाजपा की केंद्रीय टीम ने राज्यपाल से मुलाकात की

**कोलकाता।** संदेशखालि क्षेत्र का दौरा करने से रोकी गई भाजपा की एक केंद्रीय टीम ने शुक्रवार शाम पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस से मुलाकात की और कहा कि पार्टी वहां जाने की अनुमति मांगने के लिए अदालत का रुख करेगी। केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक ने कहा कि पुलिस ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा का हवाला देते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की टीम को संदेशखालि जाने की अनुमति नहीं दी। संदेशखालि ब्लॉक के रास्ते में रामपुर गांव में रोके जाने के बाद भाजपा के छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने धरना शुरू कर दिया। बाद में, वे कोलकाता लौट आए और बोस से मिलने राजभवन पहुंचे। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने संवाददाताओं से कहा–पुलिस ने हमें बेहद अलोकतांत्रिक तरीके से संदेशखालि जाने से रोका। हमने राज्यपाल को सूचित कर दिया है और वह स्थिति को लेकर बहुत व्यथित हैं।

## खेल डायरी

### मैं व्यक्तिगत रूप से बजरंग, विनेश और साक्षी को ट्रायल के लिए आमंत्रित करूंगा: संजय सिंह



नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष संजय सिंह ने शुक्रवार को आश्वासन दिया कि विरोध करने वाले पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक को भेदभाव का सामना नहीं करना पड़ेगा और वह महाराष्ट्र में होने वाले ओलंपिक क्वालीफायर ट्रायल में हिस्सा लेने के लिए व्यक्तिगत रूप से उनसे संपर्क कर आमंत्रित करेंगे। यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने डब्ल्यूएफआई पर लगाया निलंबन इस शर्त पर हटाया कि किसी भी पहलवान से भेदभाव नहीं होना चाहिए। पूनिया, फोगाट और मलिक ने डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण का आरोप लगाकर विरोध प्रदर्शन किया था। ये डब्ल्यूएफआई प्रमुख के तौर पर संजय सिंह के चुनाव के भी खिलाफ हैं उनका कहना है कि वह बृजभूषण के समर्थक हैं। संजय सिंह ने कहा कि हम जल्द महाराष्ट्र में ओलंपिक क्वालीफाइंग के लिए ट्रायल्स करेंगे। इस साल हम अच्छा बुनियादी ढांचा है। मैं बजरंग, विनेश और साक्षी से सबकुछ भूलकर ट्रायल्स की तैयारी शुरू करने और देश के लिए पदक जीतने के लिए कहूंगा।

### परिस्थितियों के अनुरूप ढलना होगा: हरमनप्रीत

मुंबई, एजेंसी। मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर को लगता है कि महिलाओं की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में खिताब बरकरार रखने के लिए विभिन्न परिस्थितियों के अनुरूप ढलना अहम होगा। डब्ल्यूपीएल 23 फरवरी से 17 मार्च तक बेंगलुरु और नई दिल्ली में खेला जाएगा। पिछले साल शुरुआती चरण मुंबई में खेला गया था और मेजबानों ने चिर परिचित परिस्थितियों और दर्शकों के समर्थन से हरमनप्रीत की अगुआई में खिताब जीता था। हरमनप्रीत ने कहा कि बेंगलुरु में परिस्थितियां मुंबई से अलग होंगी। मुझे दिल्ली में खेलने का ज्यादा अनुभव नहीं है इसलिए मुझे नहीं पता कि दिल्ली में कैसा विकेट होगा। अगर हम इन चीजों से जल्दी सामंजस्य बिठा लेते है तो इससे पता चलेगा कि बतौर टीम हम कितने अच्छे हैं।

### अनाबेल ने महिला टेस्ट में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ा

पर्थ, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया की अनाबेल सदरलैंड ने शुक्रवार को महिला टेस्ट के इतिहास में सबसे तेज दोहरा शतक जड़ा। उन्होंने द. अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच के दूसरे दिन 248 गेंद में यह किया। इससे पहले सबसे तेज दोहरे शतक का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया की ही केरेन रोल्टन के नाम था, जिन्होंने 2001 में लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ 306 गेंद में दोहरा शतक जड़ा था। अनाबेल 256 गेंद में 210 रन बनाकर आउट हुई। उनके दोहरे शतक की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी 9 विकेट पर 575 रन बनाकर घोषित की जो महिला टेस्ट क्रिकेट में किसी टीम का सबसे बड़ा स्कोर है। पहली पारी में द. अफ्रीका की टीम सिर्फ 76 रन पर ढेर हो गई थी और दूसरी पारी में भी उसने दिन का खेल खत्म होने तक 67 रन पर तीन विकेट गंवा दिए।

### आयहिका और श्रीजा ने दुनिया की शीर्ष दो खिलाड़ियों को हराया, चीन से मिली हार



बुसान (दक्षिण कोरिया), एजेंसी। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों आयहिका मुखर्जी और श्रीजा अकुला ने शुक्रवार को दुनिया की शीर्ष दो खिलाड़ियों क्रमशः सुन यिंगशा और वैंग यिदी को हराया, लेकिन भारत को विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप में गत चैंपियन चीन के खिलाफ 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। दुनिया की 155वें नंबर की खिलाड़ी आयहिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी यिंगशा को 12-10 2-11 13-11 11-6 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता श्रीजा ने यिदी को एकतरफा मुकाबले में 3-0 (11-7 11-9 13-11) से हराया। भारत की शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी मनिका बत्रा ने हालांकि निराश किया और वह दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी वैंग मान्यु (3-11 8-11 11-5 13-7 11-7) और यिंगशा (3-11 6-11 13-11 13-11 9-11) के खिलाफ अपने दोनों एकल मुकाबले हार गई। मुकाबला इसके बाद 2-2 से बराबर था। छब्बीस साल की आयहिका भी इसके बाद मान्यु के खिलाफ सीधे गेम में 9-11 11-13 6-11 से हार गई जिससे भारत को शिकस्त झेलनी पड़ी।

# डकेट का शतक, इंग्लैंड के दो विकेट पर 207 रन

## दूसरे दिन भारत की पहली पारी 445 रन पर सिमटी, इंग्लैंड की टीम अब 238 रन पीछे

राजकोट, एजेंसी

**भारत-इंग्लैंड टेस्ट शृंखला**





रविचंद्रन अश्विन 500 टेस्ट विकेट के आंकड़े को छूने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय गेंदबाज बने, लेकिन इंग्लैंड ने सलामी बल्लेबाज बेन डकेट के नाबाद तूफानी शतक से भारत के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में 2 विकेट पर 207 रन बनाकर पलड़ा भारी रखा। डकेट 118 गेंद में 21 चौकों और दो छक्कों से नाबाद 133 रन बनाकर खेल रहे हैं। उन्होंने जैक क्राउली (15) के साथ पहले विकेट के लिए 89 और ओली पोप (55 गेंद में 39 रन, 5 चौके, 1 छक्का) के साथ दूसरे विकेट के लिए 93 रन की साझेदारी की। स्टंप के समय जो रूट नौ रन बनाकर उनका साथ निभा रहे थे। भारत के पहली पारी के 445 रन से इंग्लैंड अब 238 रन पीछे है। इंग्लैंड ने 35 ओवर में 32 बाउंड्री लगाई हैं जिसमें 29 चौके और 3 छक्के हैं। ध्रुव जुरेल (104 गेंद में 46 रन, 2 चौके, 3 छक्के) और अश्विन (89 गेंद में 37 रन, 6 चौके) के बीच आठवें विकेट की 77 रन की साझेदारी से पहली पारी में 445 रन बनाए। कप्तान रोहित शर्मा (131) और रविंद्र जडेजा (112) ने कल शतक जड़े थे। जसप्रीत बुमराह (26 रन, 28 गेंद, 3 चौके, 1 छक्का) और मोहम्मद सिराज (नाबाद 03) ने अंतिम विकेट के लिए 30 महत्वपूर्ण रन जोड़े।

डकेट ने 19 चौकों की मदद से 88 गेंद में अपना तीसरा शतक पूरा किया। क्राउली ने उनकी गेंद को स्वीप के प्रयास में शॉर्ट फाइन लेग पर रजत पाटीदार को कैच दे बैठे। डकेट ने बुमराह पर पारी का पहला चौका जड़ने के बाद अगले ओवर में दो और चौके मारे। डकेट ने कुलदीप का स्वागत दो चौकों से किया और 39 गेंद में अर्धशतक बनाया। अश्विन ने दूसरे ओवर में क्राउली को आउट किया। डकेट को पोप के रूप में उम्दा जोड़ीदार मिला। पोप ने कुलदीप पर छक्का जड़ा जबकि डकेट ने अश्विन की गेंदों पर छक्का और चौका मारा।डकेट ने सिराज की गेंद पर दो चौकों के साथ 88 गेंद में शतक पूरा किया। सिराज ने पोप को पगबाधा किया। मैदानी अंपायर ने आउट नहीं दिया लेकिन डीआरएस पर फैसला भारत के पक्ष में गया। सुबह के सत्र में 2 विकेट जल्दी गिरने के बाद जुरेल और अश्विन ने पारी संभाला। अश्विन रेहान अहमद (85 रन पर 2 विकेट) की गेंद को मिड ऑन पर जेम्स एंडरसन के हाथों में दे बैठे। जुरेल अर्धशतक बनाने में 4 रन से चूक गए जब रेहान ने उन्हें विकेटकीपर बेन फोक्स के हाथों कैच कराया। जुरेल ने मार्क वुड (114 रन पर 4 विकेट) की शॉर्ट गेंद को स्लिप के ऊपर से 6 रन के लिए भेजकर अपनी पहली बाउंड्री लगाई। भारत ने दिन की शुरुआत 5 विकेट पर 326 रन से करते हुए सुबह के सत्र में 2 विकेट गंवाकर 62 रन जोड़े। जडेजा (225 गेंद में 112 रन, 9 चौके, 2 छक्के) अपने कल के स्कोर में सिर्फ दो रन जोड़ने के बाद रूट को कैच देकर पवेलियन लौटे। भारत ने पहले दिन के चौथे ओवर में ही कुलदीप यादव (4) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने एंडरसन की गेंद पर फोक्स को कैच थमाया।

### स्कोर बोर्ड

| भारत (पहली पारी) | 445/10 (130.5 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| यशस्वी जायसवाल का रूट बो वुड | 10 | 10 | 2/0 |
| रोहित शर्मा का स्टोक्स बो मार्क वुड | 131 | 196 | 14/3 |
| शुभमन गिल का फोक्स बो मार्क वुड | 00 | 09 | 0/0 |
| रजत पाटीदार का डकेट बो टॉम हार्टली | 05 | 15 | 1/0 |
| रविंद्र जडेजा का एवं बो रूट | 112 | 225 | 9/2 |
| सरफराज खान रन आउट | 62 | 66 | 9/1 |
| कुलदीप यादव का फोक्स बो एंडरसन | 04 | 24 | 0/0 |
| ध्रुव जुरेल का फोक्स बो रेहान | 46 | 104 | 2/3 |
| रविचंद्रन अश्विन का एंडरसन बो रेहान | 37 | 89 | 6/0 |
| जसप्रीत बुमराह पगबाधा बो वुड | 26 | 28 | 3/1 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 03 | 21 | 0/0 |

अतिरिक्त: 09, विकेट पतन: 1-22, 2-24, 3-33, 4-237, 5-314, 6-331, 7-331, 8-408, 9-415, 10-445, गेंदबाजी: एंडरसन 25-7-61-1, वुड 27 .5-2-114-4, हार्टली 40-7-109-1, रूट 16-3-70-1, रेहान 22-2-85-2

| इंग्लैंड (पहली पारी) | 207/2 (35 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| जैक क्राउली का पाटीदार बो अश्विन | 15 | 28 | 2/0 |
| बेन डकेट नाबाद | 133 | 118 | 21/2 |
| ओली पोप पगबधा बो सिराज | 39 | 55 | 5/1 |
| जो रूट नाबाद | 09 | 13 | 1/0 |

अतिरिक्त: 11, विकेट पतन: 1-89, 2-182, गेंदबाजी: बुमराह 8-0-34-0, सिराज 10-1-54-1, कुलदीप 6-1-42-0, अश्विन 7-0-37-1, जडेजा 4-0-33-0

## 500 विकेट लेने वाले अश्विन दूसरे भारतीय गेंदबाज

राजकोट, एजेंसी

अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन शुक्रवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट के दौरान पूर्व कप्तान अनिल कुंबले के बाद 500 टेस्ट विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बने। अश्विन यह उपलब्धि हासिल करने वाले सिर्फ तीसरे ऑफ स्पिनर हैं। वह कुंबले के बाद भारत के दूसरे सबसे सफल टेस्ट गेंदबाज हैं। कुंबले के नाम 619 टेस्ट विकेट दर्ज हैं। अश्विन ने तीसरे टेस्ट के दूसरे दिन यह उपलब्धि हासिल की। उन्हें इसके लिए सिर्फ एक विकेट की दरकार थी। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली उनकी गेंद को स्वीप करने के प्रयास में हवा में उछाल गए और शॉर्ट फाइन लेग पर रजत पाटीदार ने आसान कैच लपका। अश्विन से पहले संन्यास ले चुके श्रीलंका के महान ऑफ स्पिनर मुथैया मुरलीधरन (800) और ऑस्ट्रेलिया के ऑफ स्पिनर नाथन लियोन (517) यह उपलब्धि पा चुके हैं। अश्विन टेस्ट क्रिकेट में 500 विकेट के आंकड़े को छूने वाले दुनिया के नौवें गेंदबाज हैं। 2011 में पदार्पण करने वाले अश्विन ने अपने 98वें टेस्ट में यह उपलब्धि हासिल की। चेन्नई के इंजीनियरिंग स्नातक अश्विन ने शीर्ष क्रम के बल्लेबाज के रूप में शुरुआत की और ऑफ स्पिनर की भूमिका निभाने से पहले मध्यम गति की गेंदबाजी में भी हाथ आजमाया।

### प्रधानमंत्री मोदी और सचिन तेंदुलकर ने दी बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को 500 टेस्ट विकेट लेने की उपलब्धि के लिए ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर कहा, रविचंद्रन अश्विन को 500 टेस्ट विकेट लेने की असाधारण उपलब्धि पर बधाई। उनकी यात्रा और उपलब्धियां उनके कौशल और दृढ़ता का प्रमाण हैं। वह आगे और उपलब्धियां हासिल करें, उन्हें मेरी शुभकामनाएं। महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने अश्विन को 'लाखों में एक' गेंदबाज करार दिया। तेंदुलकर ने 'माइक्रो ब्लॉगिंग' साइट पर कहा, लाखों में एक गेंदबाज के लिए 500 टेस्ट विकेट। अश्विन (विन) द स्पिनर (नर) में हमेशा 'विनर' होता है। 500 विकेट बड़ी उपलब्धि है। बधाई हो चैम्पियन।



## जडेजा, अश्विन की गलती से इंग्लैंड को हुआ पांच रन का फायदा

राजकोट। भारत पर तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन पहले सत्र में आर अश्विन के पिच के संरक्षित हिस्से में दौड़ने से इंग्लैंड की टीम को 5 रन का फायदा हुआ है। इससे पहले रवींद्र जाडेजा तीसरे टेस्ट के पहले दिन पिच के संरक्षित हिस्से पर दौड़ने पर चेतावनी दी गई थी। इंग्लैंड को 102वें ओवर में 5 रन का फायदा उस समय हुआ जब भारत का स्कोर 7 विकेट पर 358 रन था। अश्विन ने गेंद को कवर की ओर खेला और रन के लिए पिच पर दौड़ पड़े, लेकिन जुरेल ने उनको वापस भेजा। अंपायर जोएल विल्सन और अश्विन के बीच बातचीत हुई जो पेनाल्टी का सिग्नल देने से पहले निराश दिखे। इंग्लैंड ने पारी की शुरुआत 5 रन से की। नियम में बल्लेबाजों के पिच को खराब करने के बारे में बताया गया है, जिसमें पिच को जानबूझकर या ऐसी स्थिति जहां वह हट सकता था लेकिन ऐसा नहीं किया तो इसे क्षति पहुंचाना अनुचित है।

# घरेलू चरण में ऑस्ट्रेलिया-अमेरिका का सामना करेगी महिला हॉकी टीम

राउरकेला, एजेंसी



भारतीय महिला हॉकी टीम सप्ताहांत प्रो लीग मुकाबलों में जब ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका से भिड़ेगी तो उसकी नजरें घरेलू सरजमीं पर अपने अभियान का सकारात्मक अंत करने पर टिकी होंगी। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही सविता पूनिया की अगुआई वाली भारतीय महिला टीम एफआईएच प्रो लीग के मौजूदा सत्र में शीर्ष टीमों के खिलाफ प्रभावी प्रदर्शन करने में नाकाम रही है और उसने छह में से पांच मैच गंवाए हैं।

पहले मैच में चीन से मिली 1-2 की शिकस्त के बाद भारत को नीदरलैंड के खिलाफ 1-3 और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 0-3 से हार झेलनी पड़ी। भुवनेश्वर के अंतिम मैच में भारत ने अमेरिका को 3-1 से हराया। राउरकेला के पहले मैच में भारत ने शुरुआती बढ़त बनाई लेकिन चीन ने 2-1 से जीत दर्ज की। भारत इसके बाद नीदरलैंड के खिलाफ 0-1 से हार गया। पिछले मैच में भारत की रक्षापंक्ति ने बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने के मामले में टीम पिछड़ गई।

# भारतीय महिला टीम ने पदक सुनिश्चित किया, पुरुष टीम जापान से हारी

## ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहने के बाद सिंधू, अस्मिता और अश्विनी तथा तनीषा की युगल जोड़ी ने हांगकांग को हराया

**बीएटीसी**

शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी





भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने शुक्रवार को हांगकांग पर 3-0 की जीत के साथ बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) में अपना पहला पदक पक्का किया लेकिन पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल में जापान से 2-3 से हार गई।

चीन को हराकर ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहने के बाद भारत ने पीवी सिंधू, अस्मिता चालिहा और अश्विनी पोनप्पा तथा तनीषा क्रास्टो की युगल जोड़ी की जीत के दम पर हांगकांग को हराया। अब भारत का मुकाबला जापान और चीन के बीच होने वाले एक अन्य क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा। भारतीय पुरुष टीम ने साहसिक प्रयास किया लेकिन नर्वस किदाम्बी श्रीकांत अंत में निर्णायक पांचवें मैच में हार गए। सिंधू ने लो सिन यान हैप्पी के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत दर्ज की। तनीषा और अश्विनी की महिला युगल जोड़ी ने येयुंग एनगा टिंग और येयुंग पुई लैम की जोड़ी को हराकर भारत की बढ़त दोगुनी कर दी। अस्मिता ने येयुंग सुम यी पर आसान जीत से भारत की जीत के साथ टीम के लिए कांस्य पदक पक्का किया। पूर्व राष्ट्रीय कोच विमल कुमार ने बताया कि यह महिला टीम के लिए एक सहज परिणाम है। मैं उनके प्रदर्शन से बहुत खुश हूं।

स्पर्धा में जापान की पुरुष टीम अपने शीर्ष खिलाड़ियों के बिना खेल रही थी, जिसमें दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी कोडाई नारोका तथा ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी की 2021 विश्व चैम्पियन युगल जोड़ी मौजूद नहीं थी। लेकिन भारतीय पुरुष टीम के लिए यह मुकाबला कड़ा रहा। एचएस प्रणय को केंटो निशिमोटो से हार मिली, जिससे जापान ने 1-0 से बढ़त बना ली। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक जोड़ी ने फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए केन्या मितसुहाशी और हिरोकी ओकामुरा को पराजित कर भारत को मुकाबले में वापसी कराई। राष्ट्रमंडल खेलों के चैम्पियन लक्ष्य सेन ने फिर कोको वाटानाबे को हराकर भारत को 2-1 से आगे किया। एमआर अर्जुन व ध्रुव कपिला अपना मैच हार गए। उन्हें अकिरा कोगा और काजुकी शिबाटा से पराजय मिली और जापान ने स्कोर 2-2 कर दिया। अब जिम्मेदारी श्रीकांत के कंधों पर थी। उन्होंने केंटो मोमोटा से पहला गेम जीता लेकिन अगले दो गेम गंवा दिए और भारत मुकाबला हार गया।


## बॉलीवुड हलचल

# 'फाइटर' ने की 200 करोड़ की कमाई



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म 'फाइटर' ने 200 करोड़ की कमाई कर ली है। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी फिल्म फाइटर 25 जनवरी को प्रदर्शित हुयी है। यह फिल्म एरियल एक्शन ड्रामा है, जिसमें एयर फोर्स के फाइटर पायलट्स की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म फाइटर में ऋतिक और दीपिका की रोमांटिक जोड़ी दर्शकों को खूब पसंद आ रही है। फिल्म को रिलीज हुए आज तीन हफ्ते हो चुके हैं। फिल्म फाइटर ने 200 करोड़ की कमाई कर ली है। 'फाइटर' में ऋतिक रौशन और दीपिका पादुकोण के अलावा अनिल कपूर, करण सिंह ग्रोवर की भी अहम भूमिका है।

### जॉन अब्राहम ने दंगे का ट्रेलर किया लांच



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम ने हर्षवर्धन राणे की आने वाली फिल्म दंगे का ट्रेलर सोशल मीडिया पर लांच किया है। बॉलीवुड निर्देशक बिजॉय नांबियर फिल्म दंगे लेकर आ रहे हैं, जिसमें हर्षवर्धन राणे और एहान भट्ट जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं। दंगे का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ट्रेलर को जॉन अब्राहम ने लॉन्च किया है। जॉन अब्राहम ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर दंगे का ट्रेलर साझा किया है। फिल्म दंगे कॉलेज के दो गुटों के बीच की तनातनी की कहानी है। हर्षवर्धन राणे और एहान भट्ट के अलावा फिल्म दंगे में निकिता दत्ता, टीजे भानू की अहम भूमिका है। फिल्म दंगे 01 मार्च 2024 को रिलीज होगी।

# वैलेंटाइन वीक की लिस्ट में त्रिप्ति शीर्ष पर



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री त्रिप्ति डिमरी ने आईएमडीबी की वैलेंटाइन वीक की लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की लिस्ट में पहला स्थान पाया है। वैलेंटाइन सप्ताह को चिह्नित करते हुए, आईएमडीबी ने दुनिया भर में 200 मिलियन से अधिक मासिक विजिटर्स में से निर्धारित सप्ताह की 10 सबसे लोकप्रिय भारतीय हस्तियों की लिस्ट का अनावरण किया। इस सप्ताह सूची में शीर्ष त्रिप्ति डिमरी हैं, जिन्हें एक्शन ड्रामा 'एनिमल' में उनके उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए काफी प्रशंसा मिल रही है। फिल्म में ज़ोया की भूमिका निभाते हुए, त्रिप्ति डिमरी ने ग्रे शेड वाले किरदार को चित्रित करके अपनी वर्सटाइल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फिल्म में त्रिप्ति ने अपनी दमदार स्क्रीन उपस्थिति, संवाद अदायगी और शानदार लुक से दिल जीत लिया, जिससे वह आईएमडीबी सूची में भी शीर्ष स्थान पर पहुंच गईं। त्रिप्ति डिमरी के बाद शाहिद कपूर सातवें नंबर और भूमि पेडनेकर 23वें नंबर पर हैं, जिससे वैश्विक स्तर पर उनकी बढ़ती लोकप्रियता और मजबूत हो गई है।

### कुछ रीत जगत की ऐसी है का अनुभव शानदार: सेजल

मुंबई, एजेंसी । जानी मानी चरित्र अभिनेत्री सेजल शाह का कहना है कि कुछ रीत जगत की ऐसी है में काम करना उनके लिए शानदार अनुभव रहा है। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन सीरियल 'कुछ रेत जगत की ऐसी है' लेकर आ रहा है। गुजरात के परिवेश पर आधारित इस शो में दहेज प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई गई है। मीरा देओस्थले (नंदिनी) और जान खान (नरेन रतनशी) मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। नंदिनी की परवरिश उसके मामा और मामी ने की है, जिनका किरदार जगत रावत और सेजल साह ने निभाया है। सेजल शाह ने बताया, कुछ रीत जगत की ऐसी है में काम करना शानदार अनुभव रहा। इस शो में आप सभी को शानदार क्रियेटिव वर्क देखने को मिलेगा।

# शोटाइम, फिल्म इंडस्ट्री की कई सच्चाइयों को सामने लेकर आएगा: इमरान



मुंबई, एजेंसी । बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता इमरान हाशमी का कहना है कि उनकी आने वाली वेबसीरीज शो टाइम फिल्म इंडस्ट्री की कई सच्चाइयों को सामने लेकर आएगा। इमरान हाशमी इन दिनों अपनी आने वाली वेबसीरीज शोटाइम को लेकर चर्चा में है। हाल ही में शोटाइम का ट्रेलर रिलीज किया गया है। इसमें सिनेमा जगत के पर्दे के पीछे के दिलचस्प राज से पर्दा उठता हुआ नजर आ रहा है। करण जौहर के धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट के बैनर तले बनी शोटाइम बॉलीवुड के पर्दे के पीछे के कई दिलचस्प किस्सों को लेकर बनाई गई है। इमरान ने शोटाइम में फिल्म निर्माता रघु खन्ना का किरदार निभाया है, जो कर्मशियल सिनेमा बनाता है। उन्होंने बताया, शो टाइम दर्शकों का मनोरंजन करने के साथ ही उन्हें संदेश भी देगा। फिल्म इंडस्ट्री में सुने-सुनाए किस्सों के बारे में लोग जानते है। इंडस्ट्री के बारे में लोगों को बहुत कम पता है। शो टाइम लोगों को फिल्म इंडस्ट्री की दुनिया से रूबरू कराएगा। शो टाइम की कहानी दिलचस्प है। शोटाइम, बॉलीवुड की कई सच्चाइयों को सामने लेकर आएगा। फिल्म इंडस्ट्री में मुझे दो दशक हो गए हैं। मैंने इंडस्ट्री के अच्छे और बुरे दोनों पक्ष देखे हैं। जब मुझे शोटाइम के लिय अप्रोच किया गया तो मैंने तुरंत हां कर दी। डिज़्नी+हॉटस्टार और धर्माटिक एंटरटेनमेंट के साथ सहयोग करना एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है। हमने दर्शकों को हमेशा यह जानने के लिए उत्सुक देखा है कि बॉलीवुड के बंद दरवाजों के पीछे क्या चल रहा है और मैं बस इतना कहना चाहता हूं, हमने आप सभी को सुना है।

### शिवानी का गाना रील वाला लईका रिलीज



मुंबई, एजेंसी। गायिका शिवानी सिंह का गाना रील वाला लईका रिलीज हो गया है। गाना रील वाला लईका एक लड़की की ख्वाहिश का इजहार है, जिसमें लड़की को रील बनाने वाला लड़का पसंद आ जाता है। शिवानी सिंह ने इसी चाहत को अपने स्वरों से सजाया है। इस गाने के म्यूजिक वीडियो में श्वेता शर्मा उस लड़की के किरदार में नजर आ रही हैं, जिससे रील वाला लईका यानी मैंगो मैन पसंद आ गया है। गाना रील वाला लईका के गीतकार अजीत मंडल है, जिन्होंने इस गाने के लिरिक्स को लिखा है और संगीतकार आर्य शर्मा है। इस गाने का निर्देशन वेंकट महेश ने किया है और क्रिएटिव डायरेक्टर नितेश सिंह है। गाने की कोरियोग्राफी प्रेम शर्मा ने की है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0581-2523333,0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# हवाई अड्डे पर अनुरोध के बाद भी नहीं मिली व्हीलचेयर, पैदल चलने से बुजुर्ग की मौत

**मुंबई, एजेंसी**



मुंबई हवाई अड्डे पर एक बुजुर्ग को बुकिंग के बाद भी व्हीलचेयर नहीं मिली, जिसके कारण व्यक्ति मौत हो गई। हालांकि, इस घटना पर एयर इंडिया ने सफाई देते हुए कहा कि यात्री से व्हीलचेयर मिलने तक इंतजार करने का अनुरोध किया था, लेकिन उन्होंने अपनी पत्नी के साथ पैदल जाने का विकल्प चुना।

एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने कहा, 12 फरवरी को न्यूयॉर्क से मुंबई जा रहे हमारे एक मेहमान अपनी पत्नी के साथ इमिग्रेशन क्लियर करने के लिए जाते समय बीमार पड़ गए। बुजुर्ग यात्री ने व्हीलचेयर की मांग की थी। व्हीलचेयर की भारी मांग के कारण हमने यात्री से थोड़ा इंतजार करने का अनुरोध किया था लेकिन उन्होंने अपनी पत्नी के साथ पैदल चलने का विकल्प चुना। ऐसे में बुजुर्ग इमिग्रेशन काउंटर तक पैदल चलकर गए। ऐसे में उनकी हालत बिगड़ गई। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 80 साल के बुजर्ग ने न्यूयॉक से मुंबई के लिए उड़ान भरी थी। दंपति ने अपने लिए व्हीलचेयर की बुकिंग की थी। मुंबई एयरपोर्ट पर एयर इंडिया की फ्लाइट जब लैंड हुई तो दंपति को सिर्फ एक व्हीलचेयर मिली।

ऐसे में पति ने उसपर अपनी बुजुर्ग पत्नी को बैठाया और खुद पैदल चलने लगे। विमान से लेकर 1.5 किलोमीटर की दूरी पर टर्मिनल में बने इमिग्रेशन काउंटर तक बुजुर्ग को पैदल जाना पड़ा। काउंटर पर पहुंचने के बाद बुजुर्ग को चक्कर आया और हार्ट अटैक के बाद बुजुर्ग की मौत हो गई। घटना के बाद बुजुर्ग को नानावती अस्पताल भी ले जाया गया, लेकिन इससे पहले मौत हो गई।

## तालिबान शासन में विदेशी आतंकियों को मिल रही छूट : यूएन

**संयुक्त राष्ट्र।** तालिबान शासन में विदेशी आतंकियों को पूरी छूट मिल रही, जिससे वह तेजी से फलफूल रहे हैं। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस बात के कोई हालिया संकेत नहीं हैं कि तालिबान ने युद्धग्रस्त देश में विदेशी आतंकवादी लड़ाकों की गतिविधियों को सीमित करने के लिए कोई कदम उठाया हो।

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस की ओर से रिपोर्ट में सदस्य देशों की चिंता भी व्यक्त की गई है कि तालिबान शासित अफगानिस्तान में आतंकवादी समूहों को हाल के इतिहास में किसी भी समय की तुलना में अधिक स्वतंत्रता प्राप्त है। विशेष रूप से खतरनाक आइएस आतंकवादी समूह की ताकत लगभग दोगुनी हो गई है।

# 84 हजार करोड़ के रक्षा सौदे को डीएसी ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- सेना की ताकत बढ़ाने को सरकार का बड़ा फैसला, बहुउद्देशीय विमान व अन्य की होगी खरीद



रक्षा मंत्रालय ने सशस्त्र बलों की समग्र लड़ाकू क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए बहुद्देश्यीय समुद्री विमान सहित 84,560 करोड़ रुपये के सैन्य हार्डवेयर की खरीद को शुक्रवार को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने इन खरीद प्रस्तावों को मंजूरी दी।

डीएसी ने जिन प्रस्तावों को मंजूरी दी है उनमें नई पीढ़ी की टैंक रोधी माइंस (एंटी टैंक), वायु रक्षा सामरिक नियंत्रण रडार, भारी वजन वाले टॉरपीडो, मध्यम दूरी की समुद्री टोही व बहुद्देश्यीय समुद्री विमान, फ्लाइट रिफ्यूलर एयरक्राफ्ट तथा सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो शामिल हैं। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि डीएसी ने भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल की निगरानी और हस्तक्षेप क्षमताओं को मजबूत करने के लिए मध्यम दूरी के समुद्री टोही विमानों और बहुद्देश्यीय समुद्री विमानों की खरीद को मंजूरी दी।

### वायुसेना को मिलेगा रिफ्यूलर एयरक्राफ्ट



वायु रक्षा प्रणालियों को मजबूत करने के उद्देश्य से वायु रक्षा सामरिक नियंत्रण रडार की खरीद के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। यह विशेष रूप से धीमी, छोटी और कम उड़ान वाले लक्ष्यों का पता लगाने की क्षमताओं को मजबूत करेगा। बयान में कहा गया कि डीएसी ने भारतीय वायु सेना की परिचालन क्षमताओं और पहुंच को बढ़ाने के लिए फ्लाइट रिफ्यूलर एयरक्राफ्ट की खरीद के लिए एओएन को मंजूरी दे दी। एक अनुकूल रक्षा स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए भी डीएसी ने पहल किया है। रक्षा अधिग्रहण परिषद ने उत्कृष्टता के लिए नवाचार (आईडीईएक्स) और स्टार्ट-अप व एमएसएमईएस से उन्नत तकनीकों की खरीद को बढ़ावा देने के लिए रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया (डीएपी) 2020 में संशोधन को मंजूरी दी है। इसके तहत बेंचमार्किंग, लागत गणना, भुगतान अनुसूची और खरीद की मात्रा तय की जाती है। यह आईडीईएक्स और टीडीएफ योजनाओं के तहत स्टार्ट-अप और एमएसएमईएस के लिए एक सहायक व्यावसायिक वातावरण के साथ-साथ बहुत आवश्यक प्रोत्साहन प्रदान करेगा। यह वास्तव में ईज ऑफ डूइंग की भावना से प्रेरित होगा।

## एक नजर

### गाजा के अस्पताल में ऑक्सीजन आपूर्ति बंद होने से पांच की मौत

राफा। दक्षिणी गाजा के मुख्य अस्पताल पर इजराइली सैनिकों के हमले से अफरा-तफरी की स्थिति है। ऑक्सीजन आपूर्ति बंद होने से शुक्रवार पांच लोगों की मौत हो गई। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी देते हुए कहा कि दक्षिणी शहर खान यूनिस में नासिर अस्पताल को लगभग एक सप्ताह तक घेरकर रखने के बाद इजराइली सैनिकों ने इस पर धावा बोल दिया। अस्पताल के कर्मचारियों के अनुसार, बृहस्पतिवार को इजराइली सैनिकों की गोलीबारी में एक मरीज की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। इजराइली सेना के मुख्य प्रवक्ता डेनियल हगारी ने कहा कि सेना ने बृहस्पतिवार को अस्पताल में प्रवेश किया क्योंकि उसके पास विश्वसनीय खुफिया जानकारी।

### भारत से जुड़े धनशोधन मामले में हांगकांग में सात लोग गिरफ्तार

**बीजिंग/हांगकांग।** हांगकांग के सीमा शुल्क अधिकारियों ने शुक्रवार को 1.8 अरब डॉलर के धनशोधन मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया। इस मामले में भारत से जुड़े एक मोबाइल एप का भी खुलासा हुआ है। हांगकांग के सीमा शुल्क व उत्पाद शुल्क विभाग ने कहा कि गिरोह ने छद्म बैंक खातों और मुखौटा कंपनियों का इस्तेमाल किया। सीमा शुल्क वित्तीय जांच ब्यूरो की प्रमुख सुजेट इप तुंग-चिंग ने बताया कि यह अभियान भारत में एक मोबाइल ऐप घोटाले और देश की दो आभूषण कंपनियों से जुड़ा है, जिन्होंने लगभग 37.1 करोड़ डालर की हेरफेर की। खाते में प्रतिदिन 1.28 करोड़ डॉलर आते थे और उसमें 50 से अधिक दैनिक लेनदेन होते थे। उन्होंने कहा-आगे की जांच की जा रही है।

### ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में भारतीय महिला की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में 28 वर्षीय एक भारतीय महिला कार में मृत पाई गई। कैनबरा में भारतीय उच्चायोग ने कहा कि टीम इस मामले में सभी आवश्यक सहायता के लिए संपर्क में है। उच्चायोग ने कहा, ऑस्ट्रेलिया में दिल दहला देने वाली घटना। उच्चायोग की एक टीम सभी आवश्यक सहायता के लिए संपर्क में है। मीडिया के अनुसार, माउंट ईसा पुलिस जिला अधीक्षक टॉम आर्मिट ने बताया कि पुलिस महिला की मृत्यु की परिस्थितियों की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि, मृतका का वाहन बाढ़ के पानी में आंशिक रूप से डूबा हुआ पाया गया था। महिला की पहचान उजागर नहीं की गई है।

### अमेरिका के चेयेने में गोलीबारी, एक युवक की मौत, दो घायल

**चेयेने।** अमेरिकी राज्य व्योमिंग की राजधानी में सड़क पर गोलीबारी की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। चेयेने पुलिस विभाग की प्रवक्ता एलेक्जेंड्रा फार्कस ने कहा कि गुरुवार को आवासीय क्षेत्र में गोलीबारी हुई। फार्कस ने कहा कि जांच अधिकारी गोलीबारी के कारणों और पीड़ितों के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं। अधिकारी इस बात का भी पता लगा रहे हैं कि घटना में घायल हुए लोग वयस्क थे या नहीं।

## पीटीआई समर्थित उम्मीदवारों के घर छापेमारी, इमरान की बहन अलीमा तलब


# इमरान की पार्टी के कई नेता गिरफ्तार

**लाहौर, एजेंसी**

पाकिस्तान में चुनाव के नतीजे आने के बाद प्रधानमंत्री पद को लेकर संशय बरकरार है। इसी बीच पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गई है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों को गिरफ्तार कर पूरे पंजाब प्रांत में उनकी संपत्तियों पर छापेमारी जारी है।

जानकारी के अनुसार, पंजाब और खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में मुख्यमंत्री पद के लिए पीटीआई द्वारा नामांकित उम्मीदवारों के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए हैं। इसके अलावा, संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने इमरान खान की बहन अलीमा खान को भी तलब किया है। इधर, पीटीआई ने प्रधानमंत्री पद के लिए उम्मीदवार के रूप में उमर अयूब आगे किया, जिन्हें संसद में जाने से रोका जा सकता है और इसके लिए उनकी गिरफ्तारी की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, आशंका को देखते हुए एक स्थानीय अदालत से उन्हें जमानत मिल गई है। वहीं, पीटीआई के पीएम पद के उम्मीदवार उमर अयूब ने खुफिया एजेंसियों की ओर इशारा करते हुए कहा कि सियालकोट से पीटीआई समर्थित एमएनए (नेशनल असेंबली के सदस्य) असलम घुम्मन का अज्ञात लोगों ने अपहरण कर लिया है। इसके अलावा लाहौर में नौ मई को हुए दंगों के मामले में पुलिस ने पीटीआई समर्थित नेता अहमर रशीद भट्टी को रायविंड से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी से पहले अहमर रशीद भट्टी अपनी का जश्न मना रहा थे। इसी तरह, पंजाब पुलिस ने गुजरांवाला से पीटीआई समर्थित नवनिर्वाचित एमएनए- मोबीन आरिफ जट और एहसानुल्लाह विर्क के कारखानों, मिलों और गोदामों पर छापा मारा और उन्हें सील कर दिया। साथ ही पंजाब पुलिस ने नौ मई के मामलों में पीटीआई नेता असलम इकबाल के खिलाफ नए वारंट जारी किए।

### इमरान खान से बैकडोर वार्ता कर रही पाकिस्तानी सेना



पाकिस्तान में चुनावी नतीजों से साफ हो गया कि आम पाकिस्तानी लोगों ने शरीफ या जरदारी परिवार के खिलाफ वोट नहीं, बल्कि पाकिस्तान की सेना के खिलाफ वोट दिया है। सेना ने पाकिस्तान तहरीके इंसाफ (पीटीआई) के नेता इमरान खान को सत्ता से हटाने और चुनाव लड़ने से रोकने के लिए कई कदम उठाए। इससे इमरान के निर्दलीय प्रत्याशियों को बड़े पैमाने पर सेना विरोधी वोट मिले। इस चुनाव ने पाकिस्तान में पिछले 75 साल से चले आ रहे सत्ता समीकरण बदल दिए। अब सेना ने बैकडोर से इमरान के संपर्क शुरू कर दिया है। चुनाव परिणाम आने के बाद सेना ने अदियाला जेल में इमरान से दोबारा संपर्क किया गया। पहला संपर्क ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष जनरल सहर द्वारा किया गया था। इसके बाद इमरान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी से संपर्क किया गया, जो बानीगाला आवास पर नजरबंद हैं। बुशरा बीबी से चीफ ऑफ जनरल स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल अवैस दस्तगीर मिले थे। बताया जाता है कि जनरल अवैस दस्तगीर पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के बेहद करीबी माने जाते हैं। जनरल दस्तगीर ने इमरान और बुशरा से कहा कि सेना उन्हें आने वाले समय में कई राहत देगी और पीटीआई को केपीके में सरकार बनाने की अनुमति दी जाएगी। सेना ने इमरान से कहा है कि वे गठबंधन सरकार बनने दें ताकि पाकिस्तान में राजनीतिक स्थिरता आ सके और अर्थव्यवस्था में सुधार हो सके।

# मणिपुर : उग्र भीड़ ने अफसरों के दफ्तार जलाए

**इंफाल, एजेंसी**

- हिंसा में दो लोगों की मौत, 42 घायल, पांच दिन तक इंटरनेट सेवाएं निलंबित



मणिपुर में जारी हिंसा के कारण स्थिति नाजुक बनी हुई है। राज्य में गुरुवार को एक बार फिर से हिंसा भड़क गई, जिससे वहां की स्थिति खराब हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि चुराचांदपुर में गुरुवार रात करीब 400 लोगों ने एसपी और डीसी ऑफिस पर धावा बोल दिया। इस दौरान भीड़ ने सरकारी परिसर में घुसकर आगजनी और तोड़फोड़ भी की।

पुलिस ने बताया कि, सुरक्षा बलों ने भीड़ को काबू करने के लिए फायरिंग की, जिसमें कम से कम दो लोग मारे गए और 42 लोग घायल हो गए। हिंसा के बाद राज्य सरकार ने जिले में पांच दिनों तक इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी है।

उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली कई बसों और ट्रकों को आंदोलनकारियों ने जला दिया। अधिकारी ने बताया कि सैकड़ों लोग कार्यालय के कमरों में घुस गए और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। वहीं, प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि सुरक्षा बलों के साथ झड़प में दो व्यक्ति की मौत हो गई और 40 से अधिक लोग घायल हो गए।

इससे पहले मणिपुर पुलिस ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट एक्स में कहा कि लगभग 300-400 की संख्या में भीड़ ने एसपी कार्यालय पर धावा बोलने का प्रयास किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पथराव भी किया। पोस्ट में कहा गया कि सुरक्षा बल आंसू गैस चलाकर प्रदर्शनकारियों को उचित जवाब दे रहे हैं और स्थिति नियंत्रण में है।

### हथियार लूटने के आरोप में 7 जवान निलंबित

मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले में विशेष बल के चिंगारेल शिविर से हथियारों और गोला-बारूद की लूट के मामले में इंडिया रिजर्व बटालियन के सात जवानों को निलंबित कर दिया गया है। उन पर कर्तव्यों में लापरवाही बरतने के आरोप में कार्रवाई की गई है। इससे पहले गुरुवार को 5वीं इंडिया रिजर्व बटालियन के कमांडेंट के एक आदेश के मुताबिक, उन्हें पूर्व अनुमति प्राप्त किए बिना अपना मुख्यालय नहीं छोड़ने के लिए कहा गया है। आदेश में कहा गया है कि तीन दिन पहले शिविर से हथियार और गोला-बारूद लूटे जाने के बाद सात कर्मियों को गंभीर लापरवाही के लिए निलंबित कर दिया गया है। मणिपुर पुलिस ने गुरुवार को बताया था कि हथियार लूट मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सभी को पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। ईआरबी कैंप से लूटी गई चार इंसास राइफलें, एक एके घटक, एसएलआर की दो मैगजीन और 9 एमएम गोला बारूद के 16 छोटे बक्से भी बरामद किए गए हैं। बता दें कि 13 फरवरी को भीड़ चिंगारेल में 5वीं आईआरबी के शिविर में घुसी और हथियार और गोला-बारूद लेकर भाग गई।

## अमेरिका में भारतवंशी परिवार की हत्या में परिवार के मुखिया पर शक

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** कैलिफोर्निया में रह रहे भारतवंशी परिवार का शव उसके 21 लाख डॉलर के घर में सोमवार को मिला था। जांच के दौरान पुलिस परिवार के मुखिया पूर्व मेटा इंजीनियर आनंद हेनरी को संदिग्ध मान रही है। सैन मेटो पुलिस विभाग ने कहा है कि जब पुलिस मौके पर पहुंची तो आनंद हेनरी, उसकी पत्नी और चार वर्षीय जुड़वां बच्चे का शव पड़ा था।

हेनरी और उसकी पत्नी एलिस प्रियंका बेंजिगर बाथरूम में मृत पड़े थे। उनके शरीर पर गोलियों के निशान थे। नौ एमएम का गन फर्श पर पड़ा था। यह हेनरी के नाम पर रजिस्टर्ड है। पुलिस को दोनों बच्चों के शव बेडरूम में मिले थे। उनके शरीर पर चोट के निशान नहीं थे। बाथरूम में मिले बेंजिगर के शरीर पर गोलियों के कई निशान थे, जबकि हेनरी के शरीर पर केवल एक गोली का निशान था। अभी तक बच्चों की मौत का कारण पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने कहा कि आनंद की लिंक्डइन प्रोफाइल से उसकी पहचान मेटा और गूगल में पूर्व साफ्टवेयर इंजीनियरिंग मैनेजर के रूप में हुई है।

**न्यूक्लियर प्लांट...**



लंदन : ब्रिटेन के वैज्ञानिकों ने एक ऐसा न्यूक्लियर प्लांट बनाया है, जो जलवायु परिवर्तन से लड़ने में मददगार होगा। इस प्लांट में 0.2 मिलीग्राम ईंधन से 5 सेकंड तक 69 जूल ऊर्जा पैदा हुई, यह 5 सेकंड तक 41 हजार घरों की बिजली सप्लाई के बराबर है। यह एक अभूतपूर्व रिकॉर्ड है। ● एजेंसी

### अमेरिकाः हत्या के दोषी को कोर्ट ने सुनाई 99 साल की सजा

**अलास्का।** अमेरिका में ऑनलाइन मोटी कमाई के चक्कर में अपनी ही दोस्त की हत्या करने वाली 23 वर्षीय डेनाली ब्रेहमर को अलास्का कानून विभाग ने 99 साल कैद की सजा सुनाई है। ब्रेहमर को एक वर्ष पहले हत्या के लिए दोषी ठहराया गया था। उसने दो अन्य किशोरों के साथ मिलकर दो जून, 2019 को अपनी दोस्त 19 वर्षीय सिंथिया हाफमैन की हत्या कर दी थी। न्यूयार्क पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, ब्रेहमर 18 साल की थी जब उसे और दो अन्य किशोरों को 21 वर्षीय डारिन शिलमिलर ने ऑनलाइन फंसाया था। शिलमिलर ने खुद को टायलर नाम का करोड़पति बताया और सिंथिया की हत्या के फोटो और वीडियो के बदले ब्रेहमर को 90 लाख डॉलर देने का वादा किया। इसके बाद तीनों ने साजिश के तहत गोली मारकर सिंथिया की हत्या कर दी। अधिकारियों ने कहा कि ब्रेहमर ने शिलमिलर को हत्या के कई स्नैपचैट वीडियो और तस्वीरें भेजीं।

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचा संदेशखाली विवाद, सीबीआई जांच की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी**



पश्चिम बंगाल में संदेशखाली विवाद अब सुप्रीम कोर्ट भी पहुंच गया है। दरअसल वकील आलोक अलख श्रीवास्तव ने संदेशखाली के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में पीआईएल (जनहित याचिका) दायर की है और याचिका में मांग की है कि कोर्ट की देखरेख में सीबीआई या एसआईटी की टीम मामले की जांच करें। याचिका में संदेशखाली के पीड़ितों के लिए मुआवजे की भी मांग की गई है, साथ ही अपनी जिम्मेदारी ठीक तरह से न निभाने के लिए पश्चिम बंगाल पुलिस के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की गई है। याचिका में संदेशखाली मामले की जांच राज्य से बाहर ट्रांसफर करने की भी मांग की है। संदेशखाली मामले की जांच तीन जजों की कमेटी से कराने की मांग भी की गई है। सीजेआई ने कहा कि हम इसे लिस्ट करेंगे फिर विचार करेंगे।

### शरद की याचिका पर तत्काल सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि अजित पवार गुट को असली एनसीपी के रूप में मान्यता देने वाले चुनाव आयोग के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर विचार करेगा। बता दें कि शरद पवार ने चुनाव आयोग के आदेश के खिलाफ याचिका दायर की है। शरद पवार ने याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की। शरद पवार का कहना है कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार गुट द्वारा व्हिप जारी किया जा सकता है। इसलिए, शरद की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ से याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग की।

## वांछित को यूएई से भारत लाया गया, कोर्ट ने सुनाई थी उम्रकैद की सजा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अबू धाबी में इंटरपोल चैनलों के साथ घनिष्ठ समन्वय में हत्या और दंगा मामले में वांछित आरोपी नरेंद्र सिंह की वापसी की सुविधा प्रदान की, जिसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया था।

इसकी जानकारी एक आधिकारिक बयान में शुक्रवार को दी गई। सिंह की हरियाणा पुलिस को टोहाना पुलिस स्टेशन, फतेहाबाद, हरियाणा में हत्या, दंगा और स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाने के अपराध में एक मामले में तलाश थी। सीबीआई के वैश्विक संचालन केंद्र ने इंटरपोल एनसीबी, हरियाणा पुलिस, अबू धाबी में भारतीय दूतावास, विदेश मंत्रालय अबू धाबी के साथ समन्वय किया है। इसके अलावा, आज एक रेड नोटिस विषय को हरियाणा पुलिस की एसटीएफ की ओर से सुरक्षा विवरण के साथ संयुक्त अरब अमीरात से भारत लौटाया गया।

# जेल में बंद पुतिन के विरोधी एलेक्सी नवेलनी की मौत

**मॉस्को, एजेंसी**



- उग्रवाद के आरोप में 19 साल की सजा काट रहे थे एलेक्सी

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के धुर-विरोधी माने जाने वाले विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मौत हो गई है। मीडिया के अनुसार, एलेक्सी नवलनी पिछले काफी समय से जेल में जेल में बंद थे।

एलेक्सी नवलनी की मौत यमालो-नेनेट्स क्षेत्र की जेल में हुई है। यमालो-नेनेट्स क्षेत्र की जेल सेवा ने शुक्रवार को बयान में कहा, 16 फरवरी, 2024 को दंड कॉलोनी नंबर तीन में दोषी एलेक्सी नवलनी को टहलने के बाद अस्वस्थ महसूस हुआ और वह तुरंत बेहोश हो गया। जेल सेवा ने आगे कहा, नवलनी के बेहोश होने के बाद जेल का मेडिकल स्टाफ तुरंत पहुंचा। इसके बाद एम्बुलेंस टीम को बुलाया गया। उन्हें बचाने के हरसंभव कोशिश की गई, लेकिन उनको नहीं बचाया जा सका। एंबुलेंस के डॉक्टरों ने दोषी नवलनी की मौत की पुष्टि कर दी। मौत के कारणों का पता लगाया जा रहा है। बता दें कि नवलनी उग्रवाद के आरोप में 19 साल की सजा काट रहे थे। उन्हें मॉस्को से लगभग 230 किलोमीटर पूर्व में मध्य रूस की जेल रखा गया था। हालांकि, एलेक्सी नवलनी के एक सहयोगी लियोनिद वोल्कोव ने एक्स पर कहा है कि वह उनकी मौत की पुष्टि करने में असमर्थ हैं। लियोनिद वोल्कोव ने लिखा, "रूसी अधिकारियों ने एक कबूलनामा प्रकाशित किया है कि उन्होंने जेल में एलेक्सी नवलनी की हत्या कर दी।

**विज्ञान** वैज्ञानिकों ने दी चेतावनी, 2050 तक जलवायु परिवर्तन में भारी परिवर्तन की आशंका

# गल्फ स्ट्रीम समाप्ति के बाद आएगा हिमयुग

**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने समुद्री गर्मधारा गल्फ स्ट्रीम के समाप्त होने की चेतावनी दे दी है। इसकी समाप्ति से पश्चिमी यूरोप समेत दुनिया के कई हिस्सों की जलवायु मे बड़ा परिवर्तन आएगा।

वैज्ञानिको ने 2050 के आसपास होने वाले परिवर्तन में लघु हिमयुग आने की आशंका जताई है। गल्फ स्ट्रीम मैक्सिको की खाड़ी से निकलने वाली एक शक्तिशाली समुद्री धारा है, जो उत्तरी अटलांटिक क्षेत्र की जलवायु को विनियमित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसका गर्म पानी एक प्राकृतिक कन्वेयर बेल्ट के रूप में कार्य करता है, जो भूमध्य रेखा से ध्रुवों की ओर गर्मी पहुंचाता है और इसके रास्ते में मौसम के पैटर्न को प्रभावित करता है। इस समुद्री धारा का गर्म पानी सर्दियों के मौसम में तापमान को नियंत्रित करने में मदद करता है। जलवायु परिवर्तन के कारण ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं।

डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह शोध किया है। शोध में कहा है कि जैसे-जैसे जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभाव सामने आ रहे हैं, जिसका सबसे बुरा असर दुनिया भर में ग्लेशियरों का तेजी से पिघलना है। ये बर्फीले पर्वत बढ़ते वैश्विक तापमान के निरंतर हमले के आगे झुक रहे हैं।

इनके पिघलने से गल्फ स्ट्रीम समाप्त होने की आशंका से कतई इंकार नही किया जा सकता है और यह महत्वपूर्ण समुद्री धारा बंद हो जाएगी। इस परिवर्तन में उत्तरी अमेरिका, एशिया और यूरोप के कुछ हिस्सों में औसत तापमान कई डिग्री तक गिर सकता है । जिसके कुछ ही दशकों मे 10 डिग्री सेल्सियस तक अंतर आ जाएगा। इसके दुष्परिणाम दुनिया भर में बेहद गंभीर होंगे। इससे तूफानों में वृद्धि होगी। बरसा में भारी व्यवधान होगा। साथ ही कृषि को बुरी तरह प्रभावित करेगा।



अल नीनो प्रभावित क्षेत्र का मानचित्र।

### कम करना होगा वैश्विक कार्बन

वैज्ञानिकों का कहना है कि हमें किसी भी दशा में वैश्विक कार्बन को कम करना ही होगा, यदि वैश्विक कार्बन उत्सर्जन कम नहीं हुआ तो 2025 से 2095 के बीच गल्फ स्ट्रीम के पतन निश्चित है। जिसका औसतन केंद्रीय अनुमान वर्ष 2050 लगाया गया है। शोध का नेतृत्व करने वाले डेनमार्क के कोपेनहेगन विश्वविद्यालय में प्रोफेसर पीटर डिटलेवसेन का कहना है कि यह बड़ी चिंता विषय है। बचाव के लिए हमें अभी से जुटना होगा। नेचर कम्युनिकेशंस जर्नल में यह शोध प्रकाशित हुआ है।

# फैक्टरी में जिंदा जले 11 में से 8 मृतकों की हुई पहचान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- दमकल कर्मियों का तलाशी अभियान जारी, धमाके के साथ फटे थे केमिकल ड्रम

अलीपुर में एक पेंट फैक्टरी में आग लगने से 11 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। मृतकों में से आठ की पहचान संभव हो सकी है। अज्ञात शवों के लिए डीएनए जांच कराई जा सकती है।

पुलिस ने बताया कि, घटना किस कारण से हुई जांच शुरू कर दी गई। दमकल कर्मियों का तलाशी अभियान जारी है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग के मुताबिक, फैक्टरी में दो और लोगों के फंसे होने की संभावना है। अग्निकांड में पुलिस ने गैर इरादतन हत्या और गैर इरादतन हत्या की प्रयास की धारा 304 और 308 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, मारे गए आठ लोगों की पहचान अशोक कुमार जैन (62), राम सूरत सिंह (44), विशाल गौंड (19), अनिल ठाकुर (46), पंकज कुमार (29), शुभम (19), मीरा (44) और बृजकिशोर (19) के तौर पर हुई।

अग्निशमन विभाग ने बताया कि दो पेंट और केमिकल गोदाम में आग लगने से 11 लोगों की मौत हो गई। वहीं चार घायल हैं। मृतकों को पोस्टमार्टम के लिए बाबू जगजीवन राम अस्पताल ले जाया गया है। लोकनायक अस्पताल में दो मरीज भर्ती हुए हैं। अलीपुर के रिहायशी इलाके में फैक्टरी में आग लगने के बाद कई धमाके हुए। फैक्टरी में हादसे के समय मजदूर कार्य में जुटे थे, अचानक लगी आग के बाद उन्हें बाहर निकलने का मौका तक न मिला।